आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 27°C | 15°C |

इनसाइड न्यूज

ज्वैलर्स की गोल्ड ठगी पर विभाग ने दिखाई ढिलाई, जांच अधिकारी ने...
उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शुक्रवार 07 नवंबर, 2025 / पेज : 12 / मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 17, अंक : 27 www.janexpresslive.com/epaper



जेपी नड्डा ने किया एनडीए की निर्णायक... 12

# आरजेडी वाले र से रंगदारी-फ से फिरौती जानते हैं : पीएम मोदी

## भागलपुर में पीएम मोदी बोले-इनकी पाठशाला में घ से घोटाला और प से परिवारवाद की ट्रेनिंग होती है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अररिया

बिहार में पहले फेज की वोटिंग के बीच पीएम मोदी भागलपुर में सभा की। यहां उन्होंने कहा कि एक बार फिर से बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी। आज पहले चरण का मतदान हो रहा है। बिहार की बेटियां अपने प्रदेश को जंगलराज से दूर रखने के लिए वोटिंग कर रही हैं। पीएम ने कहा कि, आरजेडी के पोस्टर में कांग्रेस के नामदार की कहीं तस्वीर लगी है क्या? इन दोनों पार्टियों में ही तनातनी चल रही है। कांग्रेस के नामदार बिहार आना भी नहीं चाहते थे, लेकिन इनको जबरदस्ती लाया गया है। पीएम ने कहा कि राजद वालों को फ फरौती, र से रंगदारी, प से परिवारवाद और घ से घोटाला ही सिखाया जाता है।

### पीएम मोदी बोले,कट्टा-क्रूरता इनकी पहचान है

पीएम मोदी ने कहा कि, विकसित भारत के लिए बिहार का विकसित होना जरूरी है। आरजेडी और कांग्रेस कभी भी बिहार को विकसित नहीं बना सकते हैं। इन लोगों ने बिहार पर कई सालों तक राज किया। इन लोगों ने आपके साथ सिर्फ विश्वासघात किया है। जहां कट्टा, क्रूरता का राज हो, वहां कानून दम तोड़ देता है। जहां कटुता बढ़ाने वाली आरजेडी और कांग्रेस हो, वहां समाज में सद्भाव मुश्किल होता है। जहां आरजेडी और कांग्रेस का कुशासन हो, वहां विकास का नामो-निशान नहीं होता है। जहां करप्शन हो, वहां सामाजिक न्याय नहीं मिलता, ऐसे लोग कभी भी बिहार का भला नहीं कर सकते।



### घुसपैठियों को सिर्फ एनडीए भगा सकती है आरजेडी

घुसपैठिए हमारे प्रयासों के सामने एक बड़ी चुनौती है। एनडीए सरकार पूरी क्षमता और ईमानदारी से घुसपैठियों की पहचान कर रही है और उन्हें देश से बाहर निकालने के लिए काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस और आरजेडी उन्हें बचाने में लगे हैं। उन्हें बचाने के लिए, वे तरह-तरह के झूठ बोलते हैं, राजनीतिक यात्राएं आयोजित करते हैं।

### आरजेडी-कांग्रेस ने छठ मइया का अपमान किया

कांग्रेस हो या राजद, उन्हें देश की सुरक्षा और आस्था की कोई चिंता नहीं है, इसलिए वे हमारी आस्था और हमारी संस्कृति का अपमान करते हैं। कांग्रेस के नामदार बिहार में आते हैं और छठी मइया की पूजा को ड्रामा कहते हैं। हमारी माताएं और बहनें छठी मइया की पूजा करती हैं, लेकिन वे इसे नौटंकी कहते हैं और फिर राजद के बड़े नामदारों के मुंह पर ताला लग जाता है। जब महाकुंभ चल रहा था, तब यही बड़े नाम उछल-उछल कर महाकुंभ के स्नान का मजाक उड़ाते थे।

### फिर एक बार एनडीए सरकार का नारा दिया

आज पहले चरण के लिए मतदान हो रहा है। बिहार के अलग-अलग कोनों से सोशल मीडिया पर अद्भुत तस्वीरें आ रही हैं, सुबह से ही मतदान केंद्रों पर कतारें लगी हुई हैं। बिहार के युवाओं में भी अभूतपूर्व उत्साह है। मेरा विनम्र आग्रह है कि जिन साथियों ने अभी तक वोट नहीं दिया है, जो अपने घरों से नहीं निकले हैं, वे जल्द से जल्द वोट करें। आज पूरे बिहार से एक ही आवाज आ रही है- फिर एक बार एनडीए सरकार।

### कांग्रेस-आरजेडी में झगड़े चल रहे हैं

कुछ दिनों पहले मैंने कांग्रेस-आरजेडी के झगड़े को उजागर किया था। झगड़ा और बढ़ गया है। कांग्रेस ने उपमुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को आरजेडी के खिलाफ मोर्चे पर उतार दिया है। वे मीडिया को इंटरव्यू दे रहे हैं और आरजेडी के जंगलराज की कलई खोल रहे हैं। वे कह रहे हैं कि इस जंगलराज में दलितों, महादलितों और अति पिछड़ों पर सबसे ज्यादा अत्याचार हुआ है। अभी तो चुनाव हुए हैं, नतीजे आने पर वे एक-दूसरे के बाल नोचने लगेंगे।

### दही-चूड़ा और मखाने की खीर से एनडीए की जीत मनाएंगे

आप लोग मेरा एक काम कीजिएगा। घर-घर जाकर लोगों को हमारे काम के बारे में बताइएगा। उन्हें मेरा प्रणाम कहिएगा। हमारे लिए वोट करने को कहिएगा। 14 नवंबर को नतीजे एनडीए के पक्ष में ही जाएंगे और हम दही-चूड़ा और मखाने की खीर से एनडीए की जीत का जश्न मनाएंगे। अररिया में सभा के बाद प्रधानमंत्री भागलपुर जाएंगे।

### जंगलराज में कोई काम नहीं हुआ : पीएम मोदी

इससे पहले पीएम मोदी ने अररिया में सभा की थी। वहां उन्होंने कहा था कि, आज बिहार में पहले चरण के लिए वोटिंग शुरू हो गई है। सोशल मीडिया पर शानदार तस्वीरें आ रही हैं। बूथों पर सुबह से लाइन लगी हैं। आज पूरे बिहार से एक ही आवाज आ रही है फिर एक बार एनडीए सरकार। आरजेडी के नेता बिहार की पूरी एक पीढ़ी का भविष्य खा गए। 2014 में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद बिहार के विकास में तेजी आई। पटना में आईआईटी बोधगया में आईआईएम पटना में एम्स खुला। दरभंगा एम्स का काम चल रहा है। भागलपुर में आईआईआईटी है। बिहार में एक नहीं, दो नहीं बल्कि 4 सेंट्रल यूनिवर्सिटी भी है। एनडीए सरकार में गंगा पर 4 बड़े पुल बनाए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि, मेरे मन में एक सवाल है। आप सुबह-सुबह इतनी बड़ी संख्या में आई हैं। घरवालों को आज खाना मिलेगा क्या। या तो आपने आज सुबह 4 बजे उठकर खाना बनाया होगा। आपका ऐसा प्यार और सौभाग्य बहुत कम लोगों को मिलता होगा। इतना बड़ा पंडाल बनाया है। मैं हैरान हूं। कोई इतना बड़ा पंडाल कैसे बना सकता है। मैं हेलिकॉप्टर से देख रहा था तो मुझे बहुत सारे लोग पैदल आते दिख रहे थे। पंडाल के बाहर तक लोग हैं। ये दृश्य अपने आप में चुनाव का नतीजा क्या होगा ये डंके की चोट पर साफ कर देता है।

# हाईकोर्ट का फैसला : अब अविवाहित भाई भी अनुकंपा नियुक्ति का हकदार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सेवा मामले में दिए अहम फैसले में कहा है कि अगर किसी कर्मचारी की पत्नी का उसके पहले निधन हो गया हो तो कर्मचारी का भाई भी अनुकंपा नियुक्ति पाने का हकदार है। इसमें संबंधित नियम का प्रतिबंध लागू नहीं होगा। न्यायमूर्ति मनीष माथुर की एकल पीठ ने यह फैसला विधिक माप विज्ञान, फैजाबाद रेंज के मृतक कर्मचारी के अविवाहित भाई देवेंद्र प्रताप सिंह की याचिका को मंजूर करके दिया। याची ने 25 मई 2016 के उस विभागीय आदेश को चुनौती दी थी, जिसके तहत उसकी अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने की अर्जी खारिज कर दी गई थी। याची ने मृतक भाई की जगह अनुकंपा नियुक्ति देने की गुजारिश की थी। फैसले के मुताबिक सरकारी कर्मचारी, याची के बड़े भाई महेंद्र प्रताप सिंह की 9 अक्तूबर 2015 को सेवाकाल में मृत्य हो गई थी। उनकी पत्नी की भी उनके पहले 12 फरवरी 2010 को मृत्यु हो चुकी थी। ऐसे में याची ने खुद को मृताई आश्रित होने का दावा करते हुए एकमात्र रोजी रोटी खाने वाला कहा है। विभागीय अफसरों ने याची का दावा महज नियमों के तहत इस आधार पर खारिज कर दिया चूंकि मृतक कर्मचारी विवाहित था। इसलिए याची अनुकंपा नियुक्ति का हकदार नहीं है। कोर्ट ने कहा कि इस आधार पर याची का दावा खारिज किया जाना ठहराने योग्य नहीं है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने याची का दावा खारिज करने वाले 25 मई 2016 के आदेश को रद्द कर दिया। साथ ही फैजाबाद रेंज के विधिक माप विज्ञान के सहायक नियंत्रक को निर्देश दिया कि याची की अनुकंपा नियुक्ति की अर्जी पर छह सप्ताह में फिर से विचार कर निर्णय लें, अगर याची अपने भाई का आश्रित होना साबित कर सके।

# दूध के टैंकर ने रोडवेज बस में मारी टक्कर, चार की मौत, 21 घायल

जन एक्सप्रेस। हाथरस

50 सवारियों से भरी रोडवेज बस अलीगढ़ से हाथरस के लिए निकली। सासनी से पांच किलोमीटर पहले एक दूध के टैंकर ने रोडवेज बस में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बस पलट गई। बड़ी मुश्किल से बस के अंदर से यात्रियों को निकाला गया। हादसे में बस के परिचालक समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 21 यात्री घायल हो गए। अलीगढ़ में आगरा कट हाईवे से अलीगढ़ डिपो की बस संख्या यूपी 86टी-4759 शाम लगभग 4.20 बजे हाथरस के लिए चली थी। लगभग 20 मिनट बाद सासनी से पांच किलोमीटर पहले गांव समामई के निकट सामने लहराते हुए आ रहे दूध के टैंकर यूपी 86 एटी-1186 ने बस को टक्कर मार दी। चालक उस समय बाइक सवार को ओवरटेक कर रहा था। कैंटर सीधे परिचालक साइड में घुसा और बस सड़क पर एक तरफ झाड़ियों में पलट गई। तेज धमाके के साथ बस के परखच्चे उड़ गए। इंजन फट गया और यात्री इसके नीचे दब गए। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। एसडीएम सासनी नीरज शर्मा व सीओ सिटी योगेंद्रकृष्ण नारायण सहित कई थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। हाथरस, सासनी व अलीगढ़ से एंबुलेंस भेजी गईं, जो घायलों को पहले सीएचसी और फिर जिला अस्पताल लेकर आईं। हादसे के बाद डीएम अतुल वत्स ने जिला अस्पताल को हाईअलर्ट पर किया।

### इनकी हुई मौत

हादसे में 12 साल के कुलदीप पुत्र ओमप्रकाश निवासी सासनी, महाराज सिंह (45) पुत्र सौदान निवासी इगलास अड्डा हाथरस, बस के परिचालक अर्जुन (32) पुत्र किशनपाल निवासी गुलाबी थाना बागवाला जिला एटा और सोनू (52) पुत्र रमेशचंद्र निवासी हरीनगर सासनी की मौत हो गई।






# सदर विधायक का वादा 24 घंटे तीसरी छत तक पहुंचेगा सप्लाई का पानी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जल्द ही नगर के स्वराज कालोनी एवं आवास विकास ए ब्लाक को उपलब्ध होगा 24 घण्टे शुद्ध पेयजल, मोहल्ले वासियों को मिलेगा बिना किसी मोटर के तीसरी मंजिल तक पानी, सदर विधायक ने किया भूमि पूजन।

दिनांक 06नवम्बर को सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी एवं नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू द्वारा अमृत 2.0 के अन्तर्गत 24म7 स्वराज कालोन (वार्ड नं0 14) पेयजल योजना का भूमि पूजन किया गया। इस योजना के अन्तर्गत शासन द्वारा 1585.07 लाख रूपये स्वीकृत किये गये है जिसके सापेक्ष शासन द्वारा 258.23 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है। इस योजना के अन्तर्गत एक 2000 किली0 क्षमता का ओवर हेड टैंक, 18.5 किमी0 का पाइप लाइन विस्तार का कार्य, 200 मी0 राइजिंग मेन का कार्य, 400 किली0 क्षमता का एक सी0डब्लू0आर0 का निर्माण, एल0टी0 रूम एवं एस0टी0 रूम व स्टाफ क्वाटर का निर्माण किया जायेगा। अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम द्वारा बताया गया कि इस परियोजना को पूर्ण करने की तिथि 10.06.2026 शासन द्वारा निर्धारित की गयी है एवं इस परियोजना से वार्ड नं0 14 के करीब 1500 उपभोगता लाभांवित होगे। सदर विधायक द्वारा मुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बताया गया कि इस परियोजना के पूर्ण होने पर स्वराज कालोनी एवं आवास विकास ए ब्लाक के उपभोगताओं को साफ एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा तथा बिना पंम्पिग मोटर के मोहल्लेवासियों को तीसरी मंजिल तक 50 टी0डी0एस0 के नीचे का पेयजल पूरे चौबीस घण्टे उपलब्ध हो सकेगा।सदर विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से भूमि पूजन कर योजना की औपचारिक शुरूआत की गयी।इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह चौहान, ब्लाक प्रमुख बडोखर स्वर्ण सिंह सोनू, ब्लाक प्रमुख तिन्दवारी प्रतिनिधि अजय सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष सन्तोष गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा संजय सिंह, वार्ड सभासद अंशू वर्मा, पूर्व चेयमैन राजकुमार राज, माता बदल प्रजापति, उत्तम सक्सेना, मनोज जैन, धमेन्द्र त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, पुष्कर द्विवेदी, महेन्द्र सिंह कछवाह, अनुपम अवस्थी, सुनील त्रिपाठी, मण्डल अध्यक्ष राजेश गुप्ता रज्जन, सभासद ज्ञानू सिह, प्रांजल मिश्रा, लखन कुशवाहा, प्रदीप श्रीवास्तव लाला, प्रमोद द्विवेदी, राममिलन वर्मा, धीरू गौतम, राहुल सिंह, अधिशासी अभियन्ता जल निगम नगरीय तपिश कुमार बालियान, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी श्रीचन्द्र चौधरी, अवर अभियन्ता विरेन्द्र प्रजापति सहित समस्त कार्यकर्ता बन्धु एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# महावीर बाबा के दर्शन कर सदर विधायक ने भव्य दंगल व भंडारे का लिया आनंद साथ में मौजूद रही कई बड़ी दिग्गज हस्तियां

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



कर्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर महावीरन के हनुमान जी मंदिर प्रांगण में भव्य दंगल, भंडारा और मेले का आयोजन किया गया। यह आयोजन मनबहादुर सिंह (ठेकेदार), खुरहंड, के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए पहलवानों ने भाग लिया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक प्रकाश द्विवेदी, एवं जगराम सिंह चौहान (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष) ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को आशीर्वाद प्रदान किया तथा आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं।

इस वर्ष का दंगल अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक रहा, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से पहलवानों ने शानदार कौशल और शक्ति का प्रदर्शन किया। विशेष रूप से पुष्कर पहलवान एवं श्री राम पहलवान के दमदार प्रदर्शन ने दंगल को और रोमांचक बना दिया। उल्लेखनीय है कि इस बार महिला पहलवानों ने भी प्रतिभाग किया, जिससे आयोजन में उत्साह और सम्मान का नया आयाम जुड़ा तथा महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश गया।भंडारे में हज़ारों श्रद्धालुओं ने पहुँचकर भगवान हनुमान के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। मेले में झूले, खेल-खिलौने, मिठाइयों एवं विभिन्न स्टॉलों का आनंद बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक लिया। पूरे क्षेत्र में मेला जैसा उत्सवपूर्ण माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई थी ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजन समिति ने सभी सहयोगियों एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी भव्यता से आयोजन करने का संकल्प लिया।

सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, संस्कार और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम क्षेत्र की संस्कृति और धार्मिक आस्था को सशक्त करता है।

कुल मिलाकर, कर्तिक पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर आयोजित दंगल, भंडारा एवं मेला सभी के लिए अविस्मरणीय और उत्साहपूर्ण रहा।

# डीएम ने किया कम्पोजिट विद्यालय कसहाई का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने गुरुवार को पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कसहाई का औचक निरीक्षण किया। यहां डीएम ने विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सम्बन्धितों को साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों के साथ एम.डी.एम. खाकर भोजन की गुणवत्ता परखी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया गया। जिसमें विद्यालय में कार्यरत कुल 14 अध्यापक-अध्यापिकाओं में से छह मौके पर उपस्थित पाए गए। अन्य आठ का बच्चों के साथ संकुल रैली में जाना बताया गया। डीएम ने पाया कि विद्यालय में कुल पांच रसोईयां तैनात हैं। साथ ही विद्यालय में प्राथमिक स्तर में 175 तथा उच्च प्राथमिक स्तर में 190 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। निरीक्षण के समय बच्चों को एम.डी.एम. का वितरण किया जा रहा था, जो मीनू के अनुसार पाया गया। जिसमें अरहर की दाल-लौकी एवं रोटी बनाई गई थी। जिलाधिकारी ने स्वयं भी बच्चों के साथ एमडीएम खाया, जिसकी गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। डीएम ने विद्यालय में बने शौचालय को साफ-सुथरा नहीं पाए जाने पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान ने बताया कि ग्राम पंचायत कसहाई में मात्र एक सफाई कर्मी तैनात है, जिसके कारण गांव की साफ-सफाई कराने में असुविधा होती है। इस पर डीएम ने सम्बन्धितों को निर्देश दिए गए कि गांव में पर्याप्त संख्या में सफाईकर्मियों की नियमानुसार तैनाती की जाए। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों से पठन-पाठन के बारे में जानकारी ली, जो संतोषजनक पाई गयी। डीएम ने उपस्थित अध्यापक-अध्यापिकाओं को निर्देश दिए कि ससमय विद्यालय पहुंच कर पठन-पाठन सुचारू रूप से कराए तथा तथा विद्यालय में समुचित साफ-सफाई, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, तहसीलदार कर्वी चन्द्रकांत तिवारी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# यातायात माह के तहत दुर्घटनाओं से बचने के दिये जरुरी टिप्स



**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

यातायात माह के तहत दुर्घटनाओं से बचने के लिये सीओ यातायात शाहरुख़ खान और प्रभारी निरीक्षक यातायात हरेन्द्र सिंह ने छात्र, छात्राओं को दिये जरुरी टिप्स।

क्षेत्राधिकारी यातायात शाहरुख़ खान की देखरेख में विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में एक खास यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकों के साथ ही छात्र-छात्रायें मौजूद रही। क्षेत्राधिकारी यातायात ने मौजूद विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की जानकारियाँ दी गईं, साथ ही सड़क पर चलते वक्त अपनाए जाने वाले सुरक्षा नियमों, हेलमेट और सीट बेल्ट का इस्तेमाल, ओवरस्पीडिंग, मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने के साथ ही वाहन चलाने के खतरों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

इस दौरान विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिये जागरूक करने के साथ ही दूसरों को भी प्रेरित करने को कहा गया।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने कालिंजर में लगे तीन दिवसीय ऐतिहासिक मेले की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**जन एक्सप्रेस । बांदा**

थाना कालिंजर क्षेत्र में आयोजित कार्तिक पूर्णिमा मेले की दिनांक 05नवम्बर को अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था आदि का जायजा लिया गया। इस दौरान मेले में लगाये गए सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थल, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, साफ-सफाई आदि का निरीक्षण किया गया।प्रभारी निरीक्षक कालिंजर को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए,किसी भी संदिग्ध गतिविधियों/व्यक्ति पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।साथ ही आमजन से अपील की कि वे मेले में शांति,सद्भाव एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें,जिससे यह पारंपरिक मेला सकुशल एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## अवैध दस्तावेज तैयार कराकर जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट**। जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में मऊ थाना पुलिस टीम ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर जमीन बैनामा करवाने के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

मऊ थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने बताया कि बीते शनिवार को जनपद प्रयागराज के घूरपुर थाने के अमरोहा निवासी इम्तियाज अहमद सिद्दिकी पुत्र इश्तियाक अहमद ने थाने में सूचना दी कि वह अल्ट्राटेक सीमेन्ट फैक्ट्री मैहर मध्य प्रदेश में जनरल मैनेजर प्रोडेक्शन के पद पर कार्यरत है। उसने तहसील क्षेत्र मऊ के ग्राम कल्चिहा में अपनी माँ के नाम जमीन खरीदी थी। उसकी मां की मृत्यु के बाद उनके जायज वारिश इफ्तेखार अहमद, इम्तियाज अहमद सिद्दिकी, इन्तिजार अहमद व शाहिन परवीन पत्नी स्व इरफान अहमद के नाम वरासत हुई थी। जिसमें एक चैथाई हिस्सा उसका था। इम्तियाज अहमद ने बताया कि उसके हिस्से की जमीन फर्जी तरीके से किसी और ने इम्तियाज अहमद बनकर बीती 27 दिसम्बर 2024 को चन्द्रजीत यादव निवासी दौलतपुर छिवैया थाना झुंसी जनपद प्रयागराज को बेदी दी। इस बैनामे में जयप्रकाश मिश्र निवासी असवां आसवान थाना रामपुर जनपद जौनपुर, अनिल कुमार निषाद निवासी मऊ तथा गुलाब यादव निवासी बाराखास थाना बारा जनपद प्रयागराज व गजेन्द्र गिरी निवासी हिन्दुपुरा करछना थाना करछना जनपद प्रयागराज गवाह बने थे। जिसमें गजेन्द्र गिरी ने ही क्रेता चन्द्रजीत यादव के साथ जमीन का सौदा तय किया था और उसे जमीन दिखाने कल्चिहा लाया था। इसके बाद एक फर्जी व्यक्ति को इम्तियाज अहमद सिद्दकी बनाकर कूटरचित दस्तावेज और आधार कार्ड तैयार कराकर चन्द्रजीत यादव के नाम जमीन का बैनामा कर दिया गया।

# मानसिक स्वास्थ्य शिविर का हुआ विशाल आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



दिनांक 6 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसपुरा में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का विशाल आयोजन किया गया जिसमें जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम ने प्रतिभाग किया गया। शिविर का उद्घाटन उप जिलाधिकारी पैलानी अंकित वर्मा द्वारा किया गया नायब तहसीलदार जसपुरा मोहम्मद मुस्तकीम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर में जिला नोडल एन0सी0डी0 डॉ0 मुकेश पहाड़ी भी उपस्थित रहे। शिविर मे मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ0 आलोक गुप्ता ने बताया कि मानसिक रोग किसी को भी हो सकता है यदि किसी को उलझन,घबराहट,बेचैनी, नींद नहीं आती है,भूत प्रेत, देवी देवता का साया बना रहता है बुढ़ापे में भूलने की बीमारी,बच्चों में जिद्दीपन का स्वभाव रहता है वह जिला चिकित्सालय पुरुष कमरा नंबर 4,5,6 में अपना उपचार करा सकते हैं। उप जिलाधिकारी पैलानी अंकित वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों की इस क्षेत्र में आवश्यकता किसी भी तरह के मानसिक रोग को छुपाए नहीं पूरा उपचार कराइये।शिविर में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ0 रिजवाना हाशमी के लोगों की काउंसलिंग किया। अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी नरेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया की 10 अक्टूबर से 10 नवंबर तक विश्व मानसिक स्वास्थ्य पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है।साइट्रिक नर्स त्रिभुवन नाथ में लोगों को बताया कि किसी भी तरह के मानसिक रोग के लिए टेली मानस नंबर 14416 पर कॉल अवश्य करें।जिला नोडल एन0सी0डी0 डॉ0 मुकेश पहाड़ी ने बताया कि सी0एच0सी0 में संपन्न कराए जाना है।अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसपुरा डॉ0 पवन कुमार द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया साथ ही किसी भी मानसिक रोग के लिए जिला अस्पताल जाने की सलाह दी गई है।अनुपम त्रिपाठी एवं अशोक कुमार द्वारा एक सैकड़ा मरीजों का पंजीकरण किया गया।सामान्य मरीजों को डॉ0 संदीप गुप्ता,डॉ0 सुमन,डॉ0 शशि चौहान ने दो सैकड़ा मरीजों का उपचार किया।संचालन का कार्य स्वप्निल गुप्ता द्वारा किया गया।

# श्रीराम बाग चौराहा में आयोजित चार धाम पूजा एवं श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



शहर के श्रीराम बाग चौराहा पर बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ चारों धाम पूजा एवं श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आरंभ भव्य कलश यात्रा से हुआ, जो रामबाग चौराहा से प्रारंभ होकर खुटला होते हुए महेश्वरी माता मंदिर तक पहुंची। वहां विधिवत पूजा-अर्चना और पाठ के बाद यात्रा पुनः रामबाग चौराहा लौटकर संपन्न हुई।इसके उपरांत श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस का शुभारंभ हुआ। कथा वाचक देवी अनीता त्रिपाठी ने कथा प्रवचन प्रारंभ किया, जबकि परीक्षित की भूमिका बाबूलाल निषाद ने निभाई। उनकी पत्नी भूरी देवी ने भी कथा शुभारंभ में पूजा-अर्चना में भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी श्रीराम निषाद (एडवोकेट) रहे। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, निषाद समाज के लोग और ग्राम गोड़ी बाबा के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहयोग चुन्नू निषाद, रामदेव निषाद, शिवपूजन निषाद, नीलकंठ निषाद, रामलाल निषाद, अर्जुन निषाद तथा सत्यनारायण निषाद सहित सभी कार्यकर्ताओं ने किया और आयोजन को सफल बनाया।

# 13 दिसम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन- जिला जज

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



आगामी 13 दिसम्बर को जिले में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला की अध्यक्षता में सभी नोडल अधिकारियों एवं राजस्व अधिकारियों की प्रथम चरण की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनपद न्यायाधीश ने सभी अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण पर जोर दिया।

बैठक में जनपद न्यायाधीश ने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिनकों लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सकता है, को अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हुये राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित कराएं। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव सचिन कुमार दीक्षित ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक/वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व/चकबन्दीवाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूलीवाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान/लघु आपराधिक वादों, श्रमवाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नही आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है। बैठक में अपर जिला जज व नोडल अधिकारी लोक अदालत राममणि पाठक, अपर जिला जज व सहायक लोक अदालत नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत नीरज श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी प्रतिनिधि अपर जिलाधिकारी अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी राजापुर राजकमल, जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार पाण्डेय, तहसीलदार मऊ रामसुधर, उपजिलाधिकारी सौरभ यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता, क्षेत्राधिकारी यामीन अहमद, तहसीलदार मानिकपुर दयाशंकर वर्मा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एके पटेल, सहायक विकास अधिकारी खादी ग्रामोद्योग राममिलन सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## नाबालिग का अपहरण करने वाले गुनाहगार को चार साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ ग्यारह हज़ार का जुर्माना

**जन एक्सप्रेस/हमीरपुर**। मौदहा में 28 मार्च 2015 को नाबालिग छात्रा को बहलाफुसलाकर भगा ले जाने के मामले में बिंवार के उमरी सायर निवासी लक्ष्मी पुत्र गोपाल का नाम सामने आया था। जिसके बाद मौदहा पुलिस ने पिता की तहरीर पर बिंवार थाने के उमरी सायर निवासी अभियुक्त लक्ष्मी पुत्र गोपाल के खिलाफ मु0अ0सं0-366/2015 धारा- 363,366 आईपीसी सहित 8 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। वही आपरेशन कन्विक्शन के तहत पास्को अदालत की स्कालर जज ने अभियुक्त लक्ष्मी पुत्र गोपाल को गुनाहगार मानते हुये चार साल की सख्त सजा के साथ ही 11 हजार रुपये का सुनाया जुर्माना। मामले की जांच तत्कालीन एस आई अनिल यादव ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी,वही अभियोजन की तरफ से एडीजीसी रुद्र प्रताप सिंह ने पैरवी की।


# साइबर टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरुकता माह (एन.सी.एस.ए.एम.) के दृष्टिगत साइबर टीम द्वारा गुरुवार को बेड़ीपुलिया स्थित गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्वी में साइबर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना रीता सिंह व आरक्षी शिवम द्विवेदी द्वारा विद्यार्थियों को साइबर घटनाओं से बचने के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना अकाउंट विवरण, एटीएम कार्ड नम्बर, पिन नम्बर, सीवीवी नंबर, ओटीवी नम्बर व एसएमएस न बताये। साथ ही एटीएम हमेशा अकेले प्रयोग करने व इसमें किसी अनजान व्यक्ति की मदद न लेने को कहा। बताया कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी अनजान व्यक्ति को फोन, ई-मेल, एसएमएस, फेसबुक, व्हाट्सएप पर कभी भी न दें तथा आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड व नयी सिम लेने के लिए कई बार फिंगर स्कैन न करें। इसके अलावा बोनस प्वाइंट, रिवार्ड प्वाइंट, कैशबैक, केबीसी आदि लुभावने ऑफर के लालच में अपना बैंक डिटेल फोन पर शेयर न करें। बताया कि किसी प्रकार के रिमोट एप्स जैसे टीमविवर, ऐनी डेक्स आदि किसी के कहने पर मोबाइल में इनस्टॉल न करें तथा कम समय में पैसा डबल करने, क्रिप्टो में इन्वेस्टमेंट कर ज्यादा रिटर्न मिलने जैसे लुभावने स्कीम के लालच में न आयें।

# मिशन शक्ति व यातायात की संयुक्त टीम ने जनपद में चलाया जागरुकता आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



मुख्यमंत्री उ0प्र0शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम दिनांक 06नवम्बर को थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति व यातायात की संयुक्त टीम द्वारा डी0ए0वी0 कॉलेज व्यापक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर उपस्थित छात्रों व शिक्षकों को मिशन शक्ति, यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं,कार्यक्रमों,कानूनों,साइबर अपराधों सहित विभिन्न सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। बालिकाओं/महिलाओं को मुख्यमंत्री हेल्पालाइन-1076, वीमेन हेल्पलाइन-1090,चाइल्ड केयर हेल्पलाइन,आपाताकालीन पुलिस सेवा-डायल यूपी 112 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में जानकारी देकर शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही यातायात नियमों का पालन न केवल कानूनी दायित्व है,बल्कि यह जीवन सुरक्षा से जुड़ा एक सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का न करने तथा नशे की हालत में ड्राइविंग न करने, सड़क पर निर्धारित स्पीड का पालन करने,वाहन के वैध और आवश्यक दस्तावेज साथ रखने,सावधानीपूर्वक ओवर टेक करने,दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रुप से करने तथा इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों,दो पहिया वाहन चलाते समय दो से अधिक लोगो बैठने/बैठाने,गलत दिशा में वाहन चलाने के खतरों आदि के बारे में जानकारी दी गई।साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करते हुए वर्तमान में आधुनिक तरीकों से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें केवाईसी अपडेट के नाम पर फर्जी कॉल्स या लिंक भेजकर उपयोगकर्ताओं से उनके निजी और बैंकिंग डिटेल्स मांगना। ओटीपी फ्रॉड जिसमें कॉल या मैसेज के ज़रिए उपयोगकर्ताओं से ओटीपी लेकर उनके बैंक खातों से पैसे ट्रांसफर करना। यूपीआई स्कैम,सोशल मीडिया हैकिंग,फर्जी कॉल्स,आदि प्रकार के साइबर अपराधों के बारें में जानकारी देकर जागरूक किया गया साथ ही साइबर अपराध/ठगी का शिकार होने पर तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन,साइबर क्राइम पोर्टल या साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल कर तुरंत शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई।



**देश में वायु प्रदूषण रोकने सुप्रीम कोर्ट में...**

भारत भर में बढ़ते वायु प्रदूषण को रोकने की मांग करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका ल्यूक क्रिस्टोफर काउंटिन्हो ने दायर की है। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया अभियान के वेलनेस दूत रहे हैं... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# ज्वैलर्स की गोल्ड ठगी पर विभाग ने दिखाई ढिलाई

## जांच अधिकारी ने बिना उपभोक्ता की संतुष्टि के मामला किया बंद

- शुद्धता की जगह मिली ठगी, उपभोक्ता के साथ गोल्ड में खेल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




राजधानी लखनऊ के राजाजीपुरम क्षेत्र में उपभोक्ता ठगी का मामला प्रशासनिक ढिलाई की भेंट चढ़ गया। ÷माँ भगवती ज्वैलर्स एंड बैंकर्स÷ पर सोने की शुद्धता में धोखाधड़ी और जीएसटी चोरी के गंभीर आरोप के बावजूद राज्य कर विभाग ने जांच महज़ औपचारिकता में निपटा दी। शिकायतकर्ता अनुराग पुत्र छोटे लाल के अनुसार, उन्होंने 22 कैरट सोना खरीदने का दावा करने वाले ज्वैलर्स से खरीदा आभूषण जब लैब में परीक्षण कराया तो उसकी शुद्धता मात्र 16.9 कैरट निकली।

### व्यापारी के बयान पर जांच अधिकारी ने जड़ दी मोहर

शिकायत पर राज्य कर विभाग ने कार्रवाई का दिखावा तो किया, पर जांच अधिकारी ने व्यापारी के एकतरफा बयान पर ही रिपोर्ट निपटा दी। जांच के दौरान व्यापारी राकेश कुमार तिवारी ने खुद स्वीकार किया कि उपभोक्ता को ÷एस्टीमेट÷ दिया गया था, जबकि शिकायत में उपभोक्ता ने स्पष्ट रूप से ÷खरीद÷ और भुगतान दोनों की बात कही थी। यह विरोधाभास जांच अधिकारी की लापरवाही और पक्षपात को उजागर करता है।

### शिकायतकर्ता से बिना संपर्क किए जांच हुई खत्म

जांच अधिकारी ने बिना शिकायतकर्ता से संपर्क किए, उनकी संतुष्टि या साक्ष्य की पुष्टि किए, सीधे रिपोर्ट में यह निष्कर्ष दे दिया कि कोई बिक्री नहीं हुई। इससे न केवल उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की भावना का उल्लंघन हुआ बल्कि जीएसटी चोरी और ठगी के आरोपों की भी लीपापोती कर दी गई। यह रवैया व्यापारी और अधिकारी के बीच मिलीभगत की आशंका को जन्म देता है।



जांच अधिकारी रवि भूषण यादव

### धमकियों से दहला उपभोक्ता, पुलिस भी बनी मूकदर्शक

अनुराग ने बताया कि जब उन्होंने व्यापारी से जवाब मांगा तो उसे धमकी और अभद्र भाषा में जवाब मिला, और यहां तक कहा गया–तीस हजार लेकर मामला खत्म करो, वरना जहाँ जाना है जाओ। शिकायत के बाद 112 पर सूचना देने के बावजूद पुलिस ने कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया। अब जब विभागीय जांच का परिणाम भी संदिग्ध आया, तो यह मामला उपभोक्ता अधिकारों पर सीधा प्रहार बन गया है।

**सवालों के घेरे में विभाग, दोबारा जांच की मांग तेज**

विशेषज्ञों का कहना है कि जब किसी उपभोक्ता के आरोप में ठोस साक्ष्य जैसे लैब रिपोर्ट और भुगतान का प्रमाण हो, तो एकतरफा जांच निष्कर्ष न केवल प्रक्रियात्मक त्रुटि है बल्कि जवाबदेही से बचने का तरीका भी। मुख्यमंत्री कार्यालय को चाहिए कि इस मामले में पुनः निष्पक्ष जांच के आदेश दें और दोषी अधिकारी एवं व्यापारी दोनों पर सख्त कार्रवाई हो, ताकि उपभोक्ताओं का कानून और शासन में विश्वास बना रहे।

# मुख्य सचिव के आदेशों की अनदेखी, न्यायालय का बहाना, लखनऊ सीएमओ के कारनामे चौंकाने वाले

- बिना अधिकार पद सृजन, फर्जी निस्तारण, शासनादेशों की उड़ाई धज्जियां

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




राजधानी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह एक बार फिर विवादों में हैं। शासन की जीरो टॉलरेंस नीति को धता बताते हुए उन्होंने न सिर्फ सीएम पोर्टल की शिकायत को फर्जी तरीके से निस्तारित किया, बल्कि अपने स्तर पर एक अवैध तीसरा आशुलिपिक पद सृजित कर दिया। यह दोनों प्रकरण शासन की पारदर्शिता और प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं।

### बिना दस्तावेज़ के बंद की शिकायत

मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायत संख्या 60000250243525 को सीएमओ लखनऊ ने महज़ एक पंक्ति में निपटा दिया मामला न्यायालय में विचाराधीन है। लेकिन हैरानी की बात यह कि उन्होंने न तो किसी न्यायालय का नाम बताया, न केस नंबर, न कोई दस्तावेज़ अपलोड किया। शासनादेशों के अनुसार, हर शिकायत के साथ विस्तृत रिपोर्ट और प्रमाण पत्रक अपलोड करना अनिवार्य है। इसके बावजूद सीएमओ कार्यालय ने बिना किसी ठोस आधार के शिकायत को बंद कर दिया। यह सीधा संकेत है कि भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतों को बचाने के लिए फर्जी निस्तारण की नीति अपनाई जा रही है।

### सीएमओ की जवाबदेही पर सवाल

इस मामले को मुख्यमंत्री कार्यालय से 17 अक्टूबर 2025 को प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को अग्रसारित किया गया था। शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि नियमानुसार शीघ्र कार्यवाही की जाए।÷ लेकिन 4 नवंबर 2025 को सीएमओ लखनऊ ने शिकायत को न्यायालय में विचाराधीन दिखाकर निस्तारित कर दिया। यानी मुख्यमंत्री कार्यालय और मुख्य सचिव दोनों के आदेशों को दरकिनार कर दिया गया। यह रवैया बताता है कि लखनऊ जैसे संवेदनशील जिले में अधिकारी शासन के निर्देशों को कितनी गंभीरता से लेते हैं।

### अवैध रूप से बनाया तीसरा आशुलिपिक पद

नया विवाद तब उठा जब शिकायतकर्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर आरोप लगाया कि डॉ. एन.बी. सिंह ने बिना किसी शासनादेश के अपने कार्यालय में तीसरे आशुलिपिक का पद सृजित कर लिया। वर्ष 1986 में जारी स्टाफिंग पैटर्न के अनुसार पूरे प्रदेश के सीएमओ कार्यालयों में केवल दो आशुलिपिक पद स्वीकृत हैं। इसके बावजूद डॉ. सिंह ने अपने स्तर पर यह तीसरा पद बनाया और उस पर अपने चहेते कर्मचारी आशीष कुमार वर्मा को तैनात कर दिया। न ऑडिट रिपोर्ट में इसका जिक्र है, न किसी दस्तावेज़ में स्वीकृति। यह कृत्य न सिर्फ वित्तीय अनुशासनहीनता है बल्कि शासनादेशों की सीधी अवमानना है।

**प्रधानमंत्री को भेजी शिकायत, शासन की साख पर गहरा दाग**

13 अक्टूबर 2025 को भेजे गए पत्र में शिकायतकर्ता ने प्रधानमंत्री से जांच और दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। साथ में ऑडिट रिपोर्ट और संबंधित दस्तावेजों की प्रतियां भी संलग्न की गई हैं। शिकायत में कहा गया है कि यह मामला ऽकदाचार और भ्रष्टाचार का स्पष्ट उदाहरणऽ है, जो स्वास्थ्य विभाग की साख पर गहरा प्रश्नचिह्न लगाता है। इससे पहले भी डॉ. एन.बी. सिंह पर शिकायतों के फर्जी निस्तारण के आरोप लग चुके हैं, लेकिन शासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हुई है।

**जब राजधानी का सीएमओ ही नियम तोड़े, तो सिस्टम पर भरोसा कैसे बचे?**

राजधानी लखनऊ का यह मामला शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के खोखलेपन को उजागर करता है। जब मुख्यमंत्री कार्यालय से निगरानी के बावजूद सीएमओ स्तर का अधिकारी अपने मन से पद सृजित कर सकता है, तो यह सीधे तौर पर प्रशासनिक तंत्र की जवाबदेही पर प्रहार है। सरकार को चाहिए कि तत्काल जांच कराए, संबंधित दस्तावेज सार्वजनिक करे और डॉ. एन.बी. सिंह के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करे। वरना शासन की पारदर्शिता और ईमानदारी महज़ एक नारा बनकर रह जाएगी।

# पत्रकार से दरोगा की अभद्रता: कॉलर पकड़ा दी गालियां कवरेज करने पहुँचा था मेले में

- इटौंजा थाना क्षेत्र के लासा मेले में हुआ विवाद, पुलिस पर सत्ता के नशे में चूर होने के आरोप

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

पत्रकार कवरेज को पहुँचे, पुलिस ने रोका रास्ता कार्तिक पूर्णिमा मेले के कवरेज के लिए बुधवार को एसएन-24 न्यूज के संवाददाता नरेन्द्र कुमार गौतम अपने साथी पत्रकार लियाकत हुसैन (समाचार भारत) और सुरेन्द्र कुमार (अखण्ड हिन्द न्यूज) के साथ इटौंजा के लासा पहुँचे। मेले के बाहर बैरिकेडिंग पर ड्यूटी दे रहे उपनिरीक्षक सुमित कुमार ने उनकी बाइक रोक ली। पत्रकारों ने परिचय दिया तो दरोगा ने फोटो खींचनी शुरू कर दी। मना करने पर मामला गरमा गया। मना करने पर दरोगा सुमित कुमार आपा खो बैठे और भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए पत्रकार नरेन्द्र गौतम का कॉलर पकड़ लिया, उन्हें बाइक से नीचे उतार दिया और धमकी दी तुम लोगों की पत्रकारिता निकाल देंगे। मौके पर मौजूद थाना प्रभारी विनोद कुमार यादव ने भी स्थिति शांत करने के बजाय चुप्पी साध ली।

**सभी कागज दिखाने के बावजूद 6000 का चालान**

पत्रकार ने बताया कि पुलिस ने उनकी बाइक के कागज मांगे, जो उन्होंने मौके पर दिखा दिए। इसके बावजूद उ0नि0 सुमित कुमार के निर्देश पर उ0नि0 अंकुर कुमार ने 6000 का चालान काट दिया। पत्रकार का कहना है कि यह कार्रवाई जानबूझकर की गई है क्योंकि वह जिला पंचायत वार्ड-06 (माल ब्लॉक) से प्रत्याशी भी रह चुके हैं।

### थाना प्रभारी बोले, 'गाड़ी पर प्रेस नहीं लिखा था'

घटना पर जब इटौंजा थाना प्रभारी से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा–गाड़ी का चालान इसलिए किया गया क्योंकि नंबर प्लेट नहीं थी और कागजात अधूरे थे। जब पत्रकार ने पूछा कि कॉलर पकड़ना और गाली देना किस नियम के तहत उचित है, तो थाना प्रभारी का जवाब था गाड़ी पर प्रेस नहीं लिखा था।

### पत्रकार संगठनों में आक्रोश, कार्रवाई की माँग

घटना से स्थानीय पत्रकारों में जबरदस्त रोष है। पत्रकार संगठनों ने इस कृत्य को चौथे स्तम्भ पर हमला बताया। पत्रकार नरेन्द्र गौतम ने डीजीपी लखनऊ से इंस्पेक्टर विनोद कुमार यादव और उ0नि0 सुमित कुमार पर विभागीय कार्रवाई की माँग की है। पत्रकार संगठनों का कहना है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो जिलेभर के पत्रकार सड़क पर उतरकर धरना देंगे।

# सेवामित्र समिति की गवर्निंग बॉडी की हुई सातवी बैठक

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सेवामित्र व्यवस्था को और अधिक उपयोगी बनाये जाने के संबंध में इस व्यवस्था के संचालन हेतु गठित सेवामित्र समिति की गवर्निंग बॉडी की सातवी बैठक प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डा एमके शन्मुगा सुन्दरम की अध्यक्षता में प्रशिक्षण निदेशालय के सभागार में बैठक आहूत की गयी।बैठक में 22 जुलाई को सम्पन्न बैठक की अनुपालन आख्या पर चर्चा की गयी, जिसमें विचार-विमर्श उपरांत महत्वपूर्ण निर्णय लिए गयें-बैठक में ओएनडीसी नेटवर्क पर सेवामित्र को ऑनबोर्ड किये जाने संबंध में अवगत कराया गया कि पंजीकरण ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया के विवरण के लिये पोर्टल पर व्यवस्था है। ओएनडीसी नेटवर्क का हिस्सा बनने के लिये सेवामित्र को नेटवर्क भागीदारी पर हस्ताक्षर कर ओएनडीसी नेटवर्क नीतियों का अनुपालन करना होगा। ओएनडीसी व्यापार वाणिज्य शर्तों को निर्धारित नहीं करता है। सेवामित्र व्यवस्था के फाइनेन्शियल ऑडिट एवं टेक्निकल ऑडिट के संबंध में अवगत कराया गया कि ऑडिट सम्बन्धी पत्रावली सीए को दिया जा चुका है। ऑडिट रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुयी है। टेक्निकल आडिट कार्यदायी संस्था अपट्रॉन पावरट्रानिक्स लि के माध्यम से समय-समय पर किया जाता है। सेवामित्र व्यवस्था के फाइनेन्शियल आडिट के संबंध में निर्देश दिया गया।

# टी.एस. मिश्रा लॉ स्कूल में दीवाली उत्सव 2025 के विजेताओं का भव्य सम्मान समारोह सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण-पत्र देकर किया गया सम्मान
- प्रो. (डॉ.) जी.पी. सिंह बोले, प्रतिभा का वास्तविक उत्थान सही मंच और प्रोत्साहन से संभव

टी.एस. मिश्रा यूनिवर्सिटी के अंतर्गत टी.एस. मिश्रा लॉ स्कूल में गुरुवार को दीवाली उत्सव 2025 के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं, रनर-अप प्रतिभागियों और आयोजन समिति के सदस्यों का भव्य सम्मान समारोह बड़े हर्ष और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) जी.पी. सिंह, प्रो-वाइस चांसलर, टी.एस. मिश्रा यूनिवर्सिटी ने विजेताओं को मेडल और प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए कहा कि– प्रतिभा का वास्तविक उत्थान तभी संभव है जब उसे उचित मंच और प्रोत्साहन मिले। उन्होंने छात्रों के जोश और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यही ऊर्जा विश्वविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। डीन प्रो. (डॉ.) सी.पी. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि दीवाली उत्सव केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि छात्रों की रचनात्मकता, टीमवर्क और आत्म-अभिव्यक्ति का प्रतीक है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि मेहनत और लगन से हर अवसर को उपलब्धि में बदला जा सकता है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं की घोषणा भी की गई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मिस प्राची ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में अंकित, दीपाली और अंजली की टीम विजेता रही, जबकि भूमि साहू द्वितीय स्थान पर रहीं। दीया निर्माण प्रतियोगिता में शलिनी ने प्रथम पुरस्कार जीता, जबकि मेहक और अलीशा क्रमशः रनर-अप और सेकेंड रनर-अप रहीं। गायन प्रतियोगिता में भक्ति अवस्थी प्रथम रहीं, जबकि आयुष त्रिपाठी और अनिष्का को क्रमशः रनर-अप और सेकेंड रनर-अप घोषित किया गया। नृत्य प्रतियोगिता में तान्या, वैष्णवी और प्रियंका ने क्रमशः विजेता, रनर-अप और द्वितीय रनर-अप स्थान हासिल किया। समारोह में फैकल्टी संयोजक – डॉ. शिप्रा मिश्रा, श्रीमती अन्नपूर्णा त्रिवेदी और श्री प्रतीक त्रिपाठी तथा फैकल्टी सह-संयोजक – सुश्री श्रद्धा शुक्ला और श्री शंभू नाथ मिश्रा को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। छात्र संयोजक – माधवेंद्र विक्रम सिंह, कौस्तुभ शुक्ला, शंभवी शुक्ला, फैज़ान, आर्यन सरोज और श्रिस्टी पांडेय को आयोजन की सफलता में अहम भूमिका निभाने के लिए विशेष प्रशंसा-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन तालियों की गूंज, उत्साह और दीपावली जैसी रोशनी से भरे माहौल में हुआ, जहाँ पूरे परिसर ने छात्रों की उपलब्धियों और प्रतिभा का उत्सव मनाया।




# आबकारी राजस्व लक्ष्य प्राप्त न करने पर अधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- खराब परफॉर्मेंस देने वाले अधिकारियों पर होगा सख्त एक्शन
- यूपी में न आने पाये अन्य प्रदेशों की मदिरा: नितिन अग्रवाल

आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने कहा है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में आबकारी विभाग को 63 हजार करोड़ रुपये राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य मिला है। इस लक्ष्य को प्रत्येक दशा में प्राप्त किया जाना है। निर्धारित मासिक राजस्व लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करना होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन जनपदों ने अक्टूबर माह में निर्धारित आबकारी राजस्व लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया है और लगातार उनकी परफारमेंश खराब चल रही है, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाही की जायेगी।बैठक में आबकारी मंत्री ने बताया कि माह अप्रैल 2025 से अक्टूबर 2025 तक निर्धारित लक्ष्य 32,500 करोड़ के सापेक्ष प्राप्ति 30,657.54 करोड यानि 94.33 प्रतिशत रही। प्रदेश में गतवर्ष इसी अवधि में 26,330.87 करोड़ का आबकारी राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार वर्तमान वर्ष में गतवर्ष के सापेक्ष प्राप्त 4326.67 करोड़ यानि 116.43 प्रतिशत का अधिक राजस्व अर्जित किया गया है। आबकारी मंत्री ने वर्ष 2025-26 में आबकारी विभाग द्वारा 63,000 करोड़ के लक्ष्य की पूर्ति किये जाने हेतु हर सम्भव प्रयास किये जाने के निर्देश दिये। सीमावर्ती असेवित क्षेत्रों में मदिरा की सम्भावित नई दुकानों हेतु सर्वे कराकर 15 दिवस के अन्दर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।आबकारी मंत्री ने वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक प्रदेश में किसी भी जनहानि जैसी अप्रिय घटना के न होने पर संतोष व्यक्त किया गया। उन्होंने निरन्तर आगे और भी अधिक सजग रहकर प्रवर्तन कार्य को सम्पादित किये जाने हेतु क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिये, जिससे कि किसी भी स्थिति में कोई अप्रिय घटना न हो। अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री के सम्बन्ध कड़ी कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये गये, जिससे कि अन्य प्रान्तों की मदिरा की बिक्री प्रदेश में न होने पाए। उन्होंने कच्ची शराब के निर्माण एवं बिक्री पर पूर्णतया रोक लगाने हेतु सार्थक प्रयास किये जाने के निर्देश दिये। श्री अग्रवाल ने समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारी निरीक्षकों फील्ड स्टाफ के समय-समय पर कार्यशाला आयोजित करने, नवाचार व कानून-नियमों की जानकारी अद्यतन रखने के निर्देश दिये, ताकि प्रवर्तन एवं निरीक्षण कार्य की गुणवत्ता में सुधार हो। शराब माफिया एवं अवैध गिरोहों के खिलाफ प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित करते हुए प्रदेश में किसी भी माफिया या उनके समूहों को पनपने नहीं देने तथा ऐसे गिरोहों के समूल उन्मूलन हेतु विशेष कार्रवाई व समन्वित संचालन चलाने के निर्देश दिये गये।बैठक में अपर मुख्य सचिव वीना कुमारी, आबकारी आयुक्त डॉ आदर्श सिंह, विशेष सचिव, आबकारी अभिषेक आनन्द, अपर आबकारी आयुक्त प्रशासन नवनीत सेहारा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे एवं जनपदीय अधिकारी ऑनलाइन जुड़े थे।

# इलेक्ट्रिक वाहन खरीद पर पंजीकरण शुल्क एवं रोड टैक्स पर शत-प्रतिशत छूट

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह के प्रयासों से प्रदेश में जीवाश्म ईंधन से संचालित वाहनों से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम की दिशा में परिवहन विभाग ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए परिवहन मंत्री ने बताया कि परिवहन प्रणाली की स्थायी एवं स्वच्छ गतिशीलता बनाये रखने के लिए इलेक्ट्रानिक वाहनों के खरीद को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यूपी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति-2022 प्रख्यापित की गयी।उत्तर प्रदेश अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग द्वारा उक्त नीति को 14 अक्टूबर 2022 को प्रख्यापित किया गया। दयाशंकर सिंह ने बताया कि उच्च स्तरीय प्राधिकृत इलेक्ट्रिक समिति की बैठक में उक्त नीति में संशोधन किया गया है। संशोधन के फलस्वरूप नीति के चौथे एवं पांचवे वर्ष में उत्तर प्रदेश में खरीदे गये एवं पंजीकृत केवल शुद्ध विद्युत वाहन के पंजीकरण शुल्क एवं रोड टैक्स में शत प्रतिशत छूट एवं सब्सिडी प्रोत्साहन योजना का प्रावधान किया गया है। जिसके अंतर्गत 5 नवम्बर को जारी अधिसूचना के तहत उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण नीति-2022 के अधीन 14 अक्टूबर2025 से 13 अक्टूबर 2027 के मध्य खरीदे गये शुद्ध विद्युत वाहनों के पंजीकरण शुल्क में शत-प्रतिशत छूट प्रदान की गयी है। उक्त अवधि में खरीदे गये एवं रजीस्ट्रीकृत पंजीकृत शुद्ध विद्युत वाहनों की विभिन्न श्रेणी के वाहनों पर लागू कर एवं रोड टैक्स से शत-प्रतिशत की छूट दी गयी है। इसी प्रकार शुद्ध विद्युत वाहनों पर प्रवर्तनीय एग्रीगेटर क्लीप आवेदक ग्राहकों को दो पहिया, तीन पहिया अथवा चार पहिया वाहन के अधिकतम 10 यूनिट तथा ईबस अथवा ईगुडस कैरियर के 25 यूनिट के खरीदने पर सब्सिडी लेने की अनुमति प्रदान कर दी गयी है।परिवहन मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के अधिक से अधिक बिक्री पर जोर दे रही है।

# जेल में बंदी के पास फोन मिलने पर ललितपुर के जेलर निलंबित, डिप्टी जेलर-वार्डर पर भी हुई कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

ललितपुर जेल में बंदी के पास मोबाइल मिलने के मामले को गंभीरता से लेते हुए डीजी जेल पीसी मीणा ने जेलर, डिप्टी जेलर और जेल वार्डर को निलंबित कर दिया है। तीनों के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई शुरू करने का आदेश भी दिया गया है। दरअसल, बृहस्पतिवार सुबह जिला कारागार ललितपुर में विचाराधीन बंदी ज्ञानेंद्र ढाका की तलाशी के दौरान उसके कपड़ों से एक कीपैड वाला मोबाइल फोन बरामद हुआ था। इसकी जांच डीआईजी जेल कानपुर रेंज से कराई गई। जांच में पाया गया कि जेलर जीवन सिंह, डिप्टी जेलर प्रिंस बाबू और जेल वार्डर आकाश कुशवाहा ने अपने कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरती है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर डीजी जेल ने तीनों लापरवाह जेल कर्मियों को निलंबित करने के साथ उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई शुरू करने का आदेश दिया है।

# आजम खां का बड़ा बयान, बोले, लखनऊ में कोठी नहीं फिर भी मुझे घोषित किया भूमाफिया

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सपा नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री मो. आजम खां गुरुवार को लखनऊ पहुंचे। एक होटल में रुके। उन्होंने सपा के कुछ नेताओं ने भी मुलाकात की। उन्होंने बातचीत में कहा कि 50 साल की सियासत के बावजूद लखनऊ में मेरी कोई कोठी नहीं है, फिर भी मुझे भूमाफिया घोषित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के कट्टा वाले बयान पर तंज कसते हुए कहा कि हमारे यहां तो कट्टे बेचने वाले का बेटा विधायक बना और उसे कमांडो मिले हैं। आजम खां के लखनऊ आने का कार्यक्रम काफी गुप्त रखा गया। इसकी जानकारी किसी को नहीं दी गई। वह लखनऊ के एक होटल में रुके। वहां राजनेताओं खासकर सपाइयों के आने-जाने पर सरगर्मी बड़ी और लोगों को इसकी जानकारी हुई। उनसे मुलाकात करने वालों में पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा और मुख्तार अंसारी के बड़े भाई पूर्व विधायक सिबगतुल्लाह को वहां देखा गया। वहीं, आजम खां ने हैदर अब्बास की लिखी पुस्तक सीतापुर की जेल डायरी का विमोचन किया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मैं भूमाफिया होता तो लखनऊ में मेरे पास भी कोठी होती। रामपुर में जहां रहता हूं बारिस में पानी भर जाता है। तंज करते हुए कहा कि सवाल मत पूछिये उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था बेहतर है। उन्होंने कहा कि बिहार में आज भी जंगलराज है। इसके चलते वे वहां चुनाव प्रचार करने नहीं गए। जानवरों से लड़ने और जिनके पास सक्षम हथियार हैं, वही लोग वहां गए। उनके पास कोई सुरक्षा नहीं है। इसलिए वह उस जंगल तक नहीं गए। उन्होंने कहा कि हम किसी राज्य को जंगल कहें यह तौहीन है। ऐसे अल्फाज के लिए जम्हूरियत में कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री के बिहार में कट्टे को लेकर दिए बयान पर कहा कि अगर जानकारी है, तो बताएं कि कितने बरस कट्टा बिका। हमारे यहां तो कट्टा बेचने वाले का बेटा विधायक हो गया। उसे केंद्र सरकार के गार्ड मिले हुए हैं। वर्ष 1975 में जो कट्टे के ड्रम के साथ गिरफ्तार हुआ, वह खुद विधायक बना और उसका बेटा आज विधायक है। उन्होंने रामपुर के भाजपा विधायक आकाश सक्सेना पर निशाना साधते हुए कहा, उनकी एफआईआर पर मैं मेरी पत्नी व बेटा जेल गए। उन्होंने गिरिराज सिंह के बयान पर कहा कि बिहार पाकिस्तान नहीं है। उन्हें आज इसको लेकर सफाई क्यों देनी पड़ रही है। इस तरह के बयान नहीं देने चाहिए, जिससे लगे कि आप बहुत मासूम राय दे रहे हैं। हमारी उम्र में लोग मासूम हो ही जाते हैं। एनडीए की सरकार बनने पर कहा कि जो आएगा उसे सलाम करेंगे।



**अखिलेश और आजम खां एक-दूसरे के हाथ पकड़कर चले थे**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां से कुछ दिन पहले मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने एक शेर के माध्यम से अपनी बात कही। उन्होंने लिखा था कि क्या कहें भला उस मुलाक़ात की दास्तान, जहाँ बस जज़्बातों ने खामोशी से बात की। बता दें कि जेल से निकलने के बाद आजम खां की अखिलेश यादव से ये पहली मुलाकात थी। मुलाकात की जारी की गई तस्वीरों में से एक में अखिलेश यादव आजम को एक पेन गिफ्ट करते हुए नजर आ रहे हैं। इस मुलाकात से प्रदेश का सियासी तापमान बढ़ा हुआ है। रामपुर स्थित आजम खां के घर हुई इस मुलाकात में सपा का कोई अन्य नेता मौजूद नहीं था। वहीं, घर के बाहर बड़ी संख्या में सपा समर्थक मौजूद रहे और काफी उत्साहित नजर आए।

# न्यायिक एसडीएम की कार्यशैली पर अधिवक्ताओं का विरोध

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




जनपद के मुसाफिरखाना तहसील में न्यायिक उप जिलाधिकारी की कार्य शैली के विरोध में अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन जारी है।कई दिनों से तहसील परिसर में न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है,जिससे न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।अधिवक्ताओं का आरोप है कि न्यायिक एसडीएम का व्यवहार अनुचित और अमर्यादित है।उनका कहना है कि ऐसे रवैये से न्यायिक व्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ रहा है और न्याय प्रक्रिया का निष्पक्ष संचालन बाधित हो रहा है।इसी विरोध में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू किया।अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है,कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं,आंदोलन जारी रहेगा।उन्होंने कहा कि न्यायिक पदों पर बैठे अधिकारियों को व्यवहार में शालीनता और संवेदनशीलता बरतनी चाहिए।इस प्रदर्शन में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष वेदप्रकाश शुक्ला,सचिव राजीव तिवारी समेत कई अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।अधिवक्ताओं ने प्रशासन से न्यायिक एसडीएम की कार्यशैली की गहन जांच कराने और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की मांग की है।उन्होंने संकेत दिया है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं,तो आंदोलन को आगे और तेज किया जाएगा।वहीं इस पूरे प्रकरण पर न्यायिक एसडीएम ने कहा कि उन पर लगाए गए आरोप निराधार हैं।उनका कहना है कि तहसील में कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।तथा कुछ लोग व्यक्तिगत कारणों से असंतोष फैला रहे हैं।

## सस्ता बाजार गर्म कपड़े की दुकान का उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

सलोन रायबरेली ।नगर पंचायत सलोंन के एसडीएम कोर्ट के समीप सस्ता बाजार में ठंड के वूलन व गर्म कपड़े जैकेट के भाव दुकान का उद्घाटन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी इरफ़ान सिद्दीक़ी ने फीता काटकर किया। युवा नेता इरफ़ान सिद्दीक़ी ने कहा कि सस्ते बाजार की दुकान खुलने से मध्य वर्गीय लोगों को उचित रेट में गर्म कपड़े जैकेट आदि मुहैया होंगे, जो एक सराहनीय प्रयास है। इस तरह की सस्ते मार्केट महानगरों में हुआ करते हैं, छोटे नगर में ऐसी ब्रांच के खुलने से लोगों को सहूलियत मुहैया होगी। इस मौके पर अकबर चौधरी, अनवर चौधरी, अफसर चौधरी, अब्बास चौधरी, अश्करी चौधरी, राम जी सरोज शिक्षक नेता, पूर्व सभासद इसरार हैदर ,इमरान सिद्दीकी, बिलाल खान, वसीम अंसारी सिर्सैन शेख आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**

जनपद के नव्या ग्रीन फाउंडेशन के द्वारा जयराम जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर आलापुर में स्वर्गीय राम सहाय गुप्त के 95 वे जयंती समारोह में 12 रक्त वीरो ने किया स्वैच्छिक रक्तदान किया ,मुख्य अतिथि के रुप में सेवा हि धर्म टीम के संस्थापक वरिष्ठ समाजसेवी धर्मवीर सिंह बग्गा ने फीता काटकर कैम्प का शुभारम्भ किया और मुख्य अतिथि धर्मवीर सिंह बग्गा ने कहां रक्तदान एक सर्वश्रेष्ठ दान है,ये महादान है,आपके द्वारा किया गया रक्तदान एक नही अनेकों जीवन बचा सकता है,इसलिए नियमित रूप से रक्तदान कीजिए,वहीं नव्या ग्रीन फाउंडेशन के अध्यक्ष समाजसेवी नीरज मौर्य ने कहा हम जो रक्तदान करते है,वह किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करता है,यह उनकी स्वास्थ्य स्थिति को बेहतर बनाता है,और उन्हें उनकी गंभीर स्थिति से उबरने में मदद करता है? शिविर में 20 लोगो ने रजिस्ट्रेशन कराया जिसमे से 12 रक्त वीरों ने रक्तदान किया कार्यक्रम मे उपस्थित सभी रक्तदानियो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया नव्या ग्रीन फाउंडेशन के अध्यक्ष समाजसेवी नीरज मौर्य ने सभी सम्मानित रक्तवीरों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अंकित सिंह पर फायरिंग के साजिशकर्ताओं पर चल सकता है

## प्रशासन का बुलडोजर,राजस्व टीम ने की पैमाइश

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद मुख्यालय गौरीगंज क्षेत्र में अंकित सिंह पर फायरिंग मामले के बाद प्रशासन अब आरोपितों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की तैयारी में है।गुरुवार को राजस्व विभाग की टीम एंधी गांव पहुंचकर सरकारी भूमि की पैमाइश माप- जोख की।इस दौरान आरोपित मोहम्मद इस्लाम और उनके भाई मोहम्मद जलील के मकानों के पास की भूमि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण पाई गई।इस संबंध में एसडीएम गौरीगंज प्रीति तिवारी ने बताया कि एंधी गांव में सरकारी भूमि पर लगातार कब्जे की शिकायतें मिल रही थीं।राजस्व विभाग से पैमाइश कराई गई है, जिसमें सुरक्षित भूमि पर कब्जा पाया गया है।नियमानुसार जल्द अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई की जाएगी।बताते चलें की सोमवार दोपहर गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे मंशा गुजर टोला निवासी अंकित सिंह काजीपटी बाजार से अपनी सफेद बुलेट बाइक से घर लौट रहे थे।रास्ते में पीर मोहम्मद के मकान के पास एक कार सवार बदमाशों ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।गिरने के बाद हमलावरों ने उन पर लोहे की रॉड से हमला किया।और अंधाधुंध फायरिंग की।गोली लगने से अंकित गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है,जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।घटना के बाद पीड़ित के पिता विमलेश सिंह ने मंगलवार को पुलिस में तहरीर दी थी।पुलिस ने इस मामले में संदीप कुमार पुत्र रामकेवल निवासी कासिमपुर,थाना जायस और उदय सिंह पुत्र शीतला प्रसाद निवासी बिन्नावां,थाना डीह सहित चार अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।इसके साथ ही मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद जलील निवासी पूरे सूबेदार ऐंधी,मोहम्मद वसीम उर्फ रज्जन निवासी दौलतपुर ऐंधी और सूरज पासी निवासी तोमड़ का पुरवा, जायस पर घटना की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।एसडीएम के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने गुरुवार को पैमाइश की,जिसमें मोहम्मद इस्लाम और मोहम्मद जलील के मकान सरकारी भूमि पर निर्मित पाए गए।अब प्रशासन जल्दहीअतिक्रमण हटाने और बुलडोजर कार्रवाई की तैयारी में है।प्रशासनिक अधिकारी लगातार मामले की निगरानी कर रहे हैं।और पुलिस ने भी संभावित आरोपितों की संपत्तियों का ब्यौरा जुटाना शुरू कर दिया है।

## तहसील तिलोई में पेयजल संकट से फरियादी परेशान

**जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी**

तहसील तिलोई में पेयजल व्यवस्था बदहाल होने से दूर-दराज़ से आने वाले फरियादियों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तहसील परिसर में लगाए गए वॉटर कूलर महीनों से बंद पड़े हैं, वहीं परिसर में मौजूद अधिकांश हैंडपंप भी खराब होकर बेकार हो चुके हैं, जिसके कारण नागरिकों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।तहसील में रोजाना नामांतरण, खतौनी,बंटवारा,नकल, जनसुनवाई एवं राजस्व संबंधित कार्यों के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।लेकिन पेयजल की सुविधा न होने से लोगों को प्यासे रहकर अपनी बारी का इंतज़ार करना पड़ रहा है।तहसील तिलोई के अधिवक्ता पंकज अवस्थी समेत कई अधिवक्ताओं ने बताया कि तहसील परिसर में पेयजल संकट नई समस्या नहीं है। कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया। लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई।अधिवक्ताओं ने कहा तहसील एक सार्वजनिक कार्यालय है,जहाँ रोज़ सैकड़ों लोग अपने काम से आते हैं।यहां कम से कम पीने के पानी की व्यवस्था तो सुचारू होनी ही चाहिए।प्रशासन को तुरंत वॉटर कूलर की मरम्मत और हैंडपंप की रीबोरिंग करानी चाहिए।स्थानीय नागरिकों एवं अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से मांग की है,कि जल निगम एवं तहसील प्रशासन शीघ्र व्यवस्था बहाल कराए,ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# आरजीआईपीटी में आज से नौ तक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

## ऊर्जा क्षेत्र में हाइड्रोजन और डी कार्बोनाइजेशन पर होगी वैश्विक चर्चा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस के पेट्रोलियम इंजीनियरिंग एवं भू-अभियांत्रिकी विभाग द्वारा ÷पेट्रोलियम, हाइड्रोजन एंड डीकार्बोनाइजेशन आईसीपीएचडी-2025 के तृतीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार से से नौ नवम्बर तक किया जाएगा।इस सम्मेलन का उद्देश्य ऊर्जा क्षेत्र में हाइड्रोजन, डीकार्बोनाइजेशन तथा नेट-ज़ीरो उत्सर्जन की दिशा में हो रहे नवाचार, शोध तथा उद्योग जगत के योगदान को एक साझा मंच प्रदान करना है।उद्घाटन सत्र विवेकानंद सभागार में आयोजित होगा,जिसकी अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रो.हरीश हिरानी करेंगे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. कौस्तव नाग,अपरनिदेशक अन्वेषण डीजीएच भारत तथा विशिष्ट अतिथि प्रो.शालिवाहन श्रीवास्तव, निदेशक भारतीय पेट्रोलियम एवं ऊर्जा संस्थान विशाखापट्टनम होंगे।तीन दिवसीय इस सम्मेलन में देश-विदेश से 200 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है।सम्मेलन में 50 से अधिक शोध-पत्र प्रस्तुतियाँ,14 तकनीकी व्याख्यान, तथा दो उच्च स्तरीय पैनल चर्चाएँ आयोजित की जाएंगी।मुख्य वक्ताओं में अमेरिका,ऑस्ट्रेलिया, भारत एवं मलेशिया के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और उद्योग विशेषज्ञ शामिल हैं,जिनमें डॉ.सत्याम प्रियदर्शी सीईओ,रीइग्नाइट फ्यूचर,अमेरिका, प्रो.स्टीफन इग्लॉवर एडिथ कोवन विश्वविद्यालय ऑस्ट्रेलिया,प्रो.एम.राजीव मनोहर ओएनजीसी, प्रो.विक्रम विशाल आईआईटी मुंबई, तथा डॉ.जेम्स शेंग टेक्सास टेक विश्वविद्यालय अमेरिका प्रमुख हैं।सम्मेलन में डिजिटलीकरण हाइड्रोजन भंडारण,कार्बन अवशोषण-उपयोग-भंडारण हरित ईंधन तथा ऊर्जा परिवर्तन जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। अंतिम दिन आयोजित स्टार्ट-अप कॉन्क्लेव में ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े नवाचारों को बढ़ावा देने हेतु फ्रांस, भारत और मलेशिया की अग्रणी कंपनियाँ भाग लेंगी।ओएनजीसी, गेल इंडिया लिमिटेड एचपीसीएल, सन पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड तथा डीकैम इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इस सम्मेलन को प्रायोजित एवं सहयोग प्राप्त है।इसके अतिरिक्त डीएसटी-बीएसआईपी लखनऊ, आईआईटी मद्रास,आईआईटी गुवाहाटी,आईआईएसएम धनबाद, एमआईटी डब्ल्यूपीयू पुणे,पीडीईयू गांधीनगर तथा अन्य शोध और औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।समापन सत्र में उत्तर प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक राधे लाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।तथा उत्कृष्ट शोध प्रस्तुतियों को सम्मानित करेंगे। आयोजक मंडल के सदस्यों प्रो.आलोक कुमार सिंह,डॉ.तुषार शर्मा एवं डॉ.शैलेश कुमार ने बताया कि यह सम्मेलन उद्योग-अकादमिक सहयोग को और सुदृढ़ करने तथा सतत ऊर्जा अनुसंधान को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## गोकना मेले से लौट रहे श्रद्धालुओं में भिड़ंत, लाठी-डंडों से चली मारपीट

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

कार्तिक पूर्णिमा के गोकना मेले से लौट रहे श्रद्धालुओं के दो गुटों में बुधवार शाम उस समय हंगामा मच गया जब आपसी कहासुनी ने गंभीर रूप धारण कर लिया। सलोन कोतवाली क्षेत्र के सूचीदूडीह मार्ग स्थित बघौला चौराहे पर बैलगाड़ी सवार श्रद्धालुओं के बीच लाठी-डंडे चलने से अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, मामूली विवाद के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। घटना में गंगुहा गांव के रविन्द्र पुत्र रामधनी, अरविंद पुत्र रामधनी और फूलचंद्र पुत्र रामसमुझ समेत अहिरन का पुरवा गांव के कौशल, ओमप्रकाश व धर्मेश घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर घायलों को डीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# हरैया सतघरवा के ग्राम शिवपुरा बाजार में क्रॉप कटिंग का डीएम ने किया निरीक्षण, किसानों से की बात

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



धान की फसल की उत्पादकता के आकलन हेतु डीएम विपिन कुमार जैन द्वारा विकास खंड हरैया सतघरवा के ग्राम शिवपुरा बाजार में क्रॉप कटिंग का निरीक्षण किया गया। क्रॉप कटिंग के दौरान डीएम ने कृषकों से संवाद किया एवं सिंचाई के साधन आदि की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने क्रॉप कटिंग के आकलन की विधि की विस्तृत जानकारी प्राप्त की ।

क्रॉप कटिंग किसान बेचन लाल पुत्र संगम लाल के खेत /गाटा संख्या 762 पर फसल धान पर क्राप कटिंग करवायी गयी।10-10 मीटर के समबाहु त्रिभुज 43.33 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फसल धान की उपज 26.660 किलोग्राम तौल किया गया, जिसका उपज परिणाम 61.58 कु0 प्रति0 हे0 रहा। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद में विभिन्न स्थलों पर हो रही क्रॉप कटिंग के सटीक आंकड़े प्राप्त किए जाए। इस दौरान तहसीलदार बलरामपुर सदर , खंड विकास अधिकारी हरैया सतघरवा व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## बस-बाइक टक्कर, युवती गंभीर घायल,मौसी के घर जाते समय हुआ हादसा

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली के महराजगंज में एक निजी स्कूल बस और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

यह घटना महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के मोन टंकी के पास महराजगंज-इन्हौना मार्ग पर हुई। बाराबंकी जिले के टिकैत नगर, सरांय दुरौली गांव निवासी 18 वर्षीय कुमकुम गुप्ता अपने भाई विमल के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर मोन गांव में अपनी मौसी के घर जा रही थीं।

मोन टंकी के पास पहुंचते ही निजी विद्यालय की बस ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।

# नवागत जिलाधिकारी का आर्य वीर दल ने सत्यार्थ प्रकाश भेंट कर किया स्वागत

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में आर्य वीर दल बलरामपुर के सदस्यों ने गुरुवार को नवागत जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन को सत्यार्थ प्रकाश तथा सम्मान पत्र भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया ।

जानकारी के अनुसार 6 नवंबर को सत्यार्थ प्रकाश देखते ही जिलाधिकारी प्रफुल्लित होकर बोले कि सत्यार्थ प्रकाश तो मैं बचपन से ही पढ़ता था । उन्होंने कहा कि यह अमर ग्रंथ देश को आजादी दिलाने के लिए क्रांतिकारियों के लिए बम का कार्य करता था । उन्होंने आगे कहा कि डीएवी इंटर कॉलेज बलरामपुर देश का सर्वोत्तम कॉलेज है । जिस समय देश में कोई स्वदेशी शिक्षण संस्थाएं नहीं थी उस समय आर्य समाज ने देश में डीएवी इंटर कॉलेज खोलकर शिक्षा जगत में ऐतिहासिक कार्य किया तथा स्वतंत्रता का अलख जगाया । आर्य अशोक कुमार ने जिला अधिकारी की प्रशंसा करते हुए बताया कि जिलाधिकारी को आर्य समाज की इतनी अधिक जानकारी है कि आर्यवीर उनको साहित्य भेंट करते रहे और वह आर्य समाज की जानकारी देते रहे । जिलाधिकारी ने डीएवी इंटर कॉलेज बलरामपुर के आर्य अशोक तिवारी से कहा कि आप एक ऐसे अध्यापक मिले हैं जो कॉलेज से अवकाश लेकर मिलने आए हैं अन्यथा तो अनेक अध्यापक ऐसे हैं जो बिना अवकाश लिए चारों ओर घूमते रहते हैं । यह अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हेमंत गुप्ता, आर्य वर दल के बाबा सेतु बंधु तिवारी व बाबा आनन्द तिवारी सहित दल के अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# कैप्टन मनोज पांडे स्मारक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में 51 वीं यू पी बटालियन के निर्देशन में गुरुवार को एम एल के पी जी कॉलेज के एन सी सी कैडेटों के लिए ÷कैप्टन मनोज पाण्डेय ÷ स्मारक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कैडेटों ने अपने रचनात्मक लेखन कौशल का प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार 6 नवंबर को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय की अध्यक्षता में एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान की निगरानी में निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के दौरान प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य परमवीर चक्र से अलंकृत कारगिल युद्ध के वीर शहीद कैप्टन मनोज कुमार पांडे का साहस और बलिदान के प्रति उनका परिचय करवाना था। साथ ही कैडेट्स को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान के लिए प्रेरित करना रहा। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में कैडेटों के बढ़ चढ़कर सहभागिता के द्वारा कैडेटों ने अपने विचारों के माध्यम से संदेश दिया कि युवा पीढ़ी राष्ट्र की सुरक्षा और प्रगति के प्रति सजग है। कैडेटों ने कैप्टन मनोज पाण्डेय स्मारक निबंध लेखन प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था की ओर अथवा कृत्रिम बुद्धिमत्ता-वरदान या अभिशाप विषय पर अपने अपने रचनात्मक लेखन कौशल का परिचय दिया। कार्यक्रम संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ चौहान ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया जबकि प्रतियोगिता समिति के सदस्य व कक्ष निरीक्षक डॉ बी एल गुप्ता व डॉ अर्चना शुक्ला ने सभी का स्वागत किया। प्रतियोगिता में लगभग 90 कैडेटों ने प्रतिभाग किया । कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ दिनेश कुमार मौर्य, डॉ रमेश शुक्ल, डॉ अनामिका सिंह, श्रीनारायण सिंह, डॉ विशाल गुप्त, प्रियंका गुप्त, सीनियर कैडेट वीरेन्द्र कुमार व संजीत गुप्त का सराहनीय योगदान रहा।

## चौथे दिवस भगवान कृष्ण की विभिन्न लीलाओ का वर्णन किया

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

तहसील क्षेत्र के पूरे जददू पयाग पुर नन्दौरा में चल रही सात दिवसीय संगीत मयी मद भागवतमहा पुराण कथा के चौथे दिवस आचार्य शान्ति भूषण पाण्डेय ने भगवान कृष्ण की विभिन्न लीलाओ का वर्णन किया, कृष्ण की जन्म से लेकर पूतना वध, कालिया नाग, अक्रूर दर्शन, कंस वध की कथा विस्तार से सुनाई। आचार्य शान्ति भूषण जी ने बताया कि पृथ्वी पर जब जब अत्याचार बढ़ा तब तब भगवान विष्णु ने मानव रूप में अवतार लेकर पापियों और अत्याचारियों का संघार किया और अपने भक्तो की रक्षा की, उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण ने अपनी लीलाओ से गोपिकाओ को अपने वश में किया, आज भी भगवान कृष्ण को जो सच्चे मन वचन कर्म से पूजन करता है भगवान उनकी मनोकामना पूर्ण करते है यजमान माता प्रसाद त्रिपाठी सपत्नीक भागवत कथा का श्रवण कर पूजन अर्चन प्रतिदिन करते है, पूरा क्षेत्र भक्त मय हो गया है।

# उत्तराखंड के दुर्लभ पौधों को वनस्पति विज्ञान विभाग के गार्डन में किया गया संरक्षित

- पूर्व विभागाध्यक्ष व विभागाध्यक्ष की मौजूदगी में प्राचार्य ने किया संरक्षित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में एमएलके पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा पिछले सप्ताह (28 अक्टूबर से 4 नवंबर 2025) आयोजित शैक्षणिक भ्रमण के दौरान उत्तराखण्ड राज्य के नैनीताल कौसानी तथा रानीखेत के विभिन्न स्थानों से एकत्रित दुर्लभ प्रजाति के वनस्पतियों को गुरुवार को संरक्षित किया गया ।

जानकारी के अनुसार 6 नवंबर को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जे पी पाण्डेय व पूर्व विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग एंव प्राचार्य, गायत्री विद्यापीठ रिसिया बहराइच प्रो डी. डी. तिवारी, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान डॉ राजीव रंजन, डॉ मो0 अकमल, डॉ शिव महेन्द्र सिंह, श्रवण कुमार, राहुल कुमार, राहुल यादव, डॉ वीर प्रताप, सौम्या शुक्ला, राशी सिंह एवं रिया पांडेय द्वारा विभाग में संरक्षित किया गया। कुछ दुर्लभ प्रजाति के पौधों जैसे टेक्सस बेकाटा तथा क्रिप्टोमेरिया जेपोनिका के पौधों का रोपण दोनों महाविद्यालय के प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष द्वारा किया गया। विभाग अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने बताया कि सात दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में छात्र छात्राओं ने दुर्लभ वनस्पतियों के अध्ययन के लिये कुछ नमूने एकत्रित किए, जिसमें सिलेजिनेला, प्लेजियोकाजमा, जृगो बाईलोबा, इक्वीसिटम, सिड्रस देवदारा, क्लेडोनिया, मार्केनशिया, पिट्टोस्फोरम इरियोकार्पम प्रमुख हैं। यह सभी पौधे एमएससी व बीएससी की प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक कक्षाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पौधे हैं । शैक्षणिक भ्रमण में शामिल मोहम्मद फैज, सौम्य पाण्डे, उपेन्द्र पाण्डे, रिचा उपाध्याय, इप्सिता, फूलमती, बसंती, अंबिका, सौम्या तथा अदिति का कठिन परिश्रम से इन वनस्पतियों के नमूने एकत्रित करने में विशेष योगदान रहा।

## देश की अग्रणी डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी ब्रांड किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी ने रायबरेली में अपने 23वें एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली में देश की अग्रणी डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी ब्रांड किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी ने रायबरेली में अपने 23वें एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य शुभारंभ किया। यह शोरूम शहर के बरगद (एग्रो) चौराहा पर स्थित है। उद्घाटन समारोह में हरी कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज की। किसना शोरूम में हीरे के आभूषणों पर मेकिंग चार्ज पर 75 प्रतिशत तक की छूट और सोने के आभूषणों पर 25 प्रतिशत तक की छूट, साथ ही बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर अतिरिक्त 5 प्रतिशत इंस्टेंट डिस्काउंट भी दिया जा रहा है।इसी के साथ, किसना का अभियान भी चल रहा है, जिसमें ग्राहक 1000+ स्कूटर और 200+ कारें जीतने का मौका पा सकते हैं।ब्रांड की ज्वेलरी रेंज में रिंग्स, ईयररिंग्स, पेंडेंट्स, मंगलसूत्र, नेकलेस, बैंगल्स, ब्रेसलेट्स, नोज़ पिन्स सहित पुरुषों के लिए ज्वेलरी भी शामिल हैं।

# महाराजपुर में 33 लाख की बड़ी चोरी उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल

## कानपुर नगर ने पुलिस आयुक्त से मांगी प्रभावी कार्यवाही

- घटना स्थल से बरामद हुए ज्वेलरी के खाली बॉक्स और औज़ार, पुलिस अब तक सुराग़ तक नहीं पहुंची

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, कानपुर नगर के पदाधिकारियों ने आज पुलिस आयुक्त कानपुर नगर से मुलाकात कर महाराजपुर थाना क्षेत्र में ज्वैलर्स व्यापारी भोलेंद्र चंद्र सोनी के प्रतिष्ठान पर हुई लगभग ?33 लाख की चोरी की घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की तथा प्रभावी कार्यवाही की मांग की।

संगठन ने बताया कि घटना को हुए छह दिन बीत चुके हैं, फिर भी अब तक कोई ठोस सुराग़ या रिकवरी नहीं हो सकी है।

मुलाकात में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, कानपुर नगर के जिला अध्यक्ष  महेश वर्मा, महामंत्री रजत पांडे, सत्येंद्र सिंह श्याम सुंदर तथा पीड़ित व्यापारी भोलेंद्र चंद्र सोनी उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से मांग की कि इस प्रकरण की जांच क्राइम ब्रांच या एसटीएफ की विशेष टीम द्वारा कराई जाए, ताकि शीघ्र अनावरण संभव हो सके।



### घटना स्थल से 150 मीटर दूरी पर मिले साक्ष्य

संगठन ने बताया कि घटना स्थल से लगभग 150 मीटर दूरी पर ज्वेलरी के खाली बॉक्स, लोहे की शावड़ व अन्य उपकरण स्थानीय युवकों को मिले, जिनकी जानकारी पीड़ित व्यापारी ने तुरंत पुलिस को दी। यह स्थिति दर्शाती है कि पुलिस टीम अनावरण को लेकर अपेक्षित गंभीरता से कार्य नहीं कर रही है। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, कानपुर नगर के पदाधिकारियों द्वारा यह जानकारी पुलिस आयुक्त महोदय को दी गई, जिस पर उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र घटना का अनावरण न हुआ तो थाना प्रभारी को लाइन हाजिर किया जाएगा। आयुक्त महोदय ने *डीसीपी सेंट्रल* को सभी बिंदुओं पर आदेश तैयार कर तत्काल जारी करने के निर्देश भी दिए।

### व्यापारी समाज में बढ़ी असुरक्षा की भावना

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, कानपुर नगर द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि 90॥ मामलों में सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद अपराधियों की पहचान या गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है। रिकवरी दर केवल 10-15॥ रह गई है, जिससे व्यापारी वर्ग अधिवक्ता शुल्क और न्यायालयीय प्रक्रियाओं में दोहरी मार झेल रहा है। संगठन ने कहा कि आउटर थाना क्षेत्रों में पुलिस बल की कमी और रात्रिकालीन गश्त व्यवस्था की अनियमितता से अपराधियों के हौसले बढ़ रहे हैं।

### संगठन की प्रमुख मांगें

### उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, कानपुर नगर ने पुलिस आयुक्त से निम्न 11 प्रमुख बिंदुओं पर तत्काल कार्यवाही की मांग की है

- 1. शहरी थानों से फोर्स घटाकर आउटर थानों में फोर्स की संख्या बढ़ाई जाए।
- 2. मुख्यमंत्री व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ योजना के तहत व्यापारी नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाए।
- 3. स्थायी पिकेट प्वाइंट्स पर पुनः नियमित पुलिस तैनाती सुनिश्चित की जाए।
- 4. पुलिस लाइन का अतिरिक्त बल थानों व चौकियों में भेजा जाए।
- 5. आउटर क्षेत्रों में क्यूआरटी और पैदल पेट्रोलिंग अनिवार्य की जाए।
- 6. चोरी की घटनाओं में चौकी या हल्का प्रभारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाए।
- 7. ज्वेलर्स प्रतिष्ठानों पर बीट बुक रजिस्टर प्रणाली लागू की जाए।
- 8. एक वर्ष में फाइनल रिपोर्ट लगी घटनाओं को री-ओपन कर अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए।
- 9. किरायेदार सत्यापन अनिवार्य किया जाए, विशेष रूप से कांशीराम कॉलोनी, डबल कॉलोनी, मछरिया बस्ती आदि संवेदनशील क्षेत्रों में।
- 10. साइबर फ्रॉड मामलों में सभी थानों पर एफआईआर दर्ज हो और साइबर टीम की मासिक बैठक आयोजित की जाए।
- 11. डॉग स्क्वाड यूनिट जो तीन डॉग्स की मृत्यु के बाद निष्क्रिय हो गई थी, उसे पुनः सक्रिय किया जाए।

### व्यापारी वर्ग में बढ़ती चिंता

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, कानपुर नगर ने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्यवाही न की गई तो व्यापारी समाज शांति पूर्वक किन्तु सशक्त आंदोलन के लिए विवश होगा। संगठन ने कहा कि इन बिंदुओं पर त्वरित कार्यवाही से न सिर्फ व्यापारी बल्कि संपूर्ण शहर का नागरिक वर्ग भी सुरक्षित व निश्चिंत अनुभव कर सकेगा।

# कुलपति विनय पाठक यूजीसी और उच्च न्यायालय के आदेशों का कर रहे उल्लंघन

## छात्र संघ बहाली मोर्चा ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्ववि?द्यालय के कुलपति द्वारा अपने पुत्र के विवाह समारोह का आयोजन विश्ववि?द्यालय परिसर के भीतर कर रहे है। यह आयोजन पूर्णतः शैक्षणिक संस्थानों के उपयोग संबंधी नियमों तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के दिशा-निर्देशों के प्रतिकूल है।

शैक्षणिक परिसरों का प्रयोग केवल शिक्षण, अनुसंधान, अकादमिक सम्मेलन, खेलकूद या विश्ववि?द्यालय से संबद्ध सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु ही अनुमन्य है। किसी भी प्रकार की निजी, वाणिज्यिक अथवा सामाजिक समारोह (जैसे विवाह समारोह, मेले या व्यापारिक आयोजन) के लिए विश्ववि?द्यालय भूमि या भवन का उपयोग यूजीसी के गाइडलाइन तथा माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश (गिरजा शंकर यू वी. स्टेटआफ यूपी पीआईएल नम्बर. 542/2025, निर्णय दिनांक 14.10.2025) के तहत संपूर्ण रूप से प्रतिबंधित है।

माननीय उच्च न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि

÷राज्य के किसी भी शैक्षणिक संस्थान की भूमि या भवन जिसमें खेल मैदान भी शामिल हैं का प्रयोग किसी भी प्रकार की वाणिज्यिक गतिविधि, मेला, प्रदर्शनी, निजी समारोह या व्यापारिक आयोजन हेतु नहीं किया जा सकता।

ऐसे संस्थान केवल शैक्षणिक एवं छात्र-हित से जुड़ी गतिविधियों के लिए उपयोग किए जाएँ।

उक्त आदेशों का पालन कराने के लिए छात्र संघ बहाली मोर्चा ने जिलाधिकारी महोदय कानपुर को ज्ञापन सौंपा।

छात्र संघ बहाली मोर्चा ने जिलाधिकारी महोदय से यह मांग किया है कि उक्त विवाह समारोह पर रोक लगाई जाए और विश्वविद्यालय परिसर में किसी भी निजी आयोजन पर रोक लगाई जाए,

विश्वविद्यालय प्रशासन यह स्पष्ट करें कि विश्वविद्यालय परिसर का निजी प्रयोजन हेतु उपयोग क्यों और किस नियम के तहत किया जाता रहा है और माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए निम्नवत मांग जिलाधिकारी महोदय के समक्ष रखी गई है और जिलाधिकारी महोदय ने यह आश्वासन भी दिया कि उक्त आदेशों का पालन कढ़ाई से कराया जाएगा।

छात्र संघ बहाली मोर्चा के कोर कमेटी सदस्यों ने कहा

कि ज्ञापन को गंभीरता से नहीं लिया और माननीय उच्च न्यायालय और यूजीसी द्वारा जारी आदेशों की अनदेखी की गई

तो संविधान संवत आंदोलित होने को बाध्य होगा और उच्च न्यायालय के तरफ रुख करने के लिए बाध्य होंगे।

इस दौरान अभिजीत राय, अनस शाहू, शरद कनौजिया, प्रशांत राजावत और विष्णु पाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


# फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमीन खरीद परोक्ष का मामला 2 महीने बाद बिल्डर वह उसके सहयोगी पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमीनों की खरीद-फरोख्त कर लाखों रुपये की ठगी करने का मामला में 2 महीने के बाद पीड़ितों की तहरीर पर अपर पुलिस कमिश्नर (पश्चिम) के निर्देश के बाद पनकी पुलिस ने प्रो. कृष्णा होम बिल्डर्स के संचालक दीपक मिश्रा और सहयोगी अविनाश पाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित संजय कुमार, कृष्ण कुमार राजपूत, शैलेंद्र कुमार गुप्ता, अक्षय गुप्ता, दुर्बीन सिंह और दयाशंकर गुप्ता का आरोप है कि आरोपितों ने कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से ग्राम असई और अनूपपुर, तहसील मैथा, जनपद कानपुर देहात की जमीनों का फर्जी बैनामा कराया। यह बैनामा 19 जून 2020 से 11 नवंबर 2020 के बीच किया गया था। आरोप है कि बैनामे में गाटा संख्या 396 की जगह जानबूझकर गाटा संख्या 393 दर्ज कराई गई, जबकि उनके नाम पर गाटा संख्या 396 की कोई भूमि नहीं थी। पीड़ितों के मुताबिक, जमीन का कब्जा देने के नाम पर आरोपित लगातार टालमटोल करते रहे। जब उन्होंने पैसे की वापसी या कब्जे की मांग की, तो जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ितों ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में 28 अगस्त और 1 सितंबर 2025 को थाने में प्रार्थना पत्र भी दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि मुख्य आरोपी दीपक मिश्रा, जो प्रो0 कृष्णा होम बिल्डर्स का संचालक है, थाना पनकी का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने अब मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# श्याम नगर में पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया के कार्यालय पर प्रबुद्ध जनों का किया गया सम्मान

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



छावनी विधानसभा क्षेत्र के श्याम नगर के सिन्हा रोड़ स्थित कार्यालय पर पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया के कार्यालय पर भव्य प्रबुद्ध जन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संपूर्ण छावनी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 300 प्रबुद्ध जनों, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष श्री प्रकाश पाल रहे, जिन्होंने अपने कर कमलों से उपस्थित सभी प्रबुद्ध जनों एवं विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय एवं जिला स्तर के अनेक भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष, कौशल किशोर दीक्षित, राधेश्याम पांडे, विजय सिंगर, दिनेश राय, राजेंद्र सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री बालचंद मिश्रा, पूर्व विधायक के.के. सचान, जिला पंचायत सदस्य दीपू सिंह, रीता शास्त्री, रमेश यादव, पूर्व संगठन मंत्री श्री राम कृपाल सिंह, समाजसेवी अंगद सिंह, युवा मोर्चा बुंदेलखंड के अध्यक्ष सुनील साहू, पूर्व अध्यक्ष युवा विकास दुबे, जिले के महामंत्री राम बहादुर यादव, मंत्री अर्जुन बेरिया, क्षेत्रीय मंत्री पवन प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष आलोक, सुमित तिवारी, ओम प्रकाश, शनि जायसवाल, विनीत सिन्हा, एल.बी. सिंह पटेल आदि रहें। कार्यक्रम का संचालन एल.बी. सिंह पटेल ने किया। मंच संचालन के दौरान उन्होंने बताया कि यह सम्मान समारोह समाज के हर वर्ग को जोड़ने और जनसेवा की भावना को सशक्त करने का प्रतीक है।

महिला शक्ति जिसमें आशा पांडे, गुड़िया तोमर, पार्षद निषेध चौहान, नेहा शुक्ला एवं उमेश शुक्ला, वेद प्रकाश, अशोक पाल, राजू अपना सहित अनेक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान आचार्य त्रिलोक भाटिया, पीएम त्रिपाठी, लल्लन दुबे, वीरेंद्र मिश्रा त्रिलोक भाटिया जी प्रमोद मिश्रा जी विनोद शंकर दीक्षित, मिथिलेश दुबे मिथिलेश बाजपेई, सतीश शर्मा,

चिंता सिंह चंदेल, भूपेंद्र त्रिपाठी, कैलाश शुक्ला सहित अनेक गणमान्य नागरिकों द्वारा किया गया।

अंत में पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों और सम्मानित प्रबुद्ध जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छावनी क्षेत्र का विकास और समाज के हर वर्ग का सम्मान उनका प्राथमिक लक्ष्य है।

# हसीलदार ने किया मेला परिसर का निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

## आज से शुरू होगा 609वां उर्स-ए-कुतबुल मदार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



मकनपुर। ऐतिहासिक कस्बा मकनपुर में हज़रत कुतबुल मदार रहमतुल्लाह अलैह का 609वां सालाना उर्स आज से प्रारंभ हो रहा है। तीन दिवसीय यह उर्स 7 से 9 नवम्बर तक आयोजित होगा। उर्स को लेकर इंतजामिया कमेटी ने तैयारियां पूरी कर ली हैं, वहीं प्रशासन ने भी सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं।बुधवार को तहसीलदार अनुभव चंद्रा ने मेला तहसील परिसर और गेस्ट हाउस का अचानक निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, बिजली और यातायात व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम प्रधान मज़ाहिर हुसैन जाफरी ने मेला तहसील की टूटी बाउंड्री की मरम्मत की मांग रखी, जिस पर तहसीलदार ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।निरीक्षण के उपरांत इंतजामिया कमेटी ने तहसीलदार को दरगाह शरीफ ले जाकर पारंपरिक पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर दरगाह के सज्जादा नशीन और कमेटी पदाधिकारियों ने उन्हें उर्स की परंपरा और दरगाह के इतिहास से अवगत कराया। उधर, इंस्पेक्टर अरौल जनार्दन यादव ने उर्स को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कई पुलिस टोलियाँ गठित की हैं। सभी टोलियों में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है, जबकि खुफिया विभाग भी सक्रिय हो गया है।

भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल व पीएसी की तैनाती की गई है, ताकि सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनी रहे।

इंतजामिया कमेटी के अनुसार, जायरीन के लिए बिजली, पानी, प्रकाश, ठहरने और भीड़ नियंत्रण की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। तीन दिवसीय इस उर्स में देशभर से हजारों जायरीन दरगाह शरीफ पहुंचकर हाजिरी देंगे, जिससे कस्बा मकनपुर एक बार फिर आस्था और कौमी एकता का प्रतीक स्थल बन जाएगा।

### मोबाइल लूट के मामले में पीड़ित ने कल्याणपुर थाने में दी तहरीर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** रावतपुर क्षेत्र के शनैश्वर चौराहे के पास बुधवार रात मोबाइल लूट की अजीबो-गरीब घटना सामने आई। बिठूर के लवकुश नगर निवासी आशीष कुमार पांडे सड़क किनारे खड़े होकर मोबाइल फोन पर बात कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार में आए बाइक सवार दो युवकों ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया और फरार हो गए। आशीष ने हिम्मत नहीं हारी और कार से पीछा करते हुए कुछ दूरी पर दोनों युवकों को पकड़ लिया। लेकिन घटना ने उस वक्त अजीब मोड़ ले लिया, जब पकड़े गए युवकों ने खुद को निर्दोष बताते हुए उल्टा डायल 112 पर पुलिस को बुला लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों से पूछताछ की, लेकिन उनके पास से मोबाइल बरामद नहीं हुआ। ऐसे में पुलिस ने दोनों को छोड़ दिया। हालांकि, आशीष ने संदेह के आधार पर बाइक नंबर के जरिए दोनों आरोपितों के खिलाफ थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी रावतपुर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस टीम बाइक नंबर के आधार पर दोनों युवकों की तलाश में जुटी है।

# बीआरडी मैदान में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर बीआरडी इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं ने खेल का जज्बा और दमखम दोनों दिखाया। मैदान में तालियों की गूंज और बच्चों का उत्साह ऐसा था कि दर्शकों ने तुलना विश्व कप जीतने वाली टीम से कर दी।कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम बिल्हौर संजीव दीक्षित ने फीता काटकर और दो शांति के प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाकर किया। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर जूनियर वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ÷पढ़े बेटियां, बढ़ें बेटियां÷ का नारा अब हकीकत बनता दिख रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बेटियों की भागीदारी समाज में नई ऊर्जा का संचार कर रही है।प्रतियोगिता में अव्वल खिलाड़ियों को खंड शिक्षा अधिकारी रवी कुमार सिंह ने मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।मुख्य प्रतियोगिताओं में नैना (पीएम श्री मकनपुर) ने 100 मीटर दौड़, सलोनी (कंपोजिट रौगांव) ने 200 मीटर दौड़, साक्षी (आलियापुर) ने ऊँची कूद में प्रथम स्थान पाया।प्राथमिक वर्ग में प्रगति, साथी, नंदिनी, अंश और नौशीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिसर 'जय खेल भावना' के नारों से गूंज उठा और बेटियों के जोश ने ग्रामीण खेल संस्कृति को नई दिशा दी।

# बीएनएसडी इंटर कॉलेज में निकली यातायात जागरूकता रैली

## एनसीसी कैडेट्स व खिलाड़ियों ने दिया सुरक्षित सफर का संदेश



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर। बीएनएसडी इंटर कॉलेज में यातायात जनजागरूकता पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को एनसीसी कैडेट्स और खिलाड़ियों ने भव्य रैली निकालकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।रैली के दौरान छात्र-छात्राएं ÷हेलमेट लगाकर चलाएं वाहन, सीट बेल्ट अवश्य लगाएं, मोबाइल पर बात करते हुए न चलाएं गाड़ी, नियमों का पालन करें÷ जैसे उद्घोष करते हुए चल रहे थे। हाथों में तख्तियां लिए विद्यार्थियों ने जिम्मेदार नागरिकता का संदेश दिया। रैली कॉलेज गेट से शुरू होकर जीआईसी कॉलेज, लाल इमली चौराहा होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। पूरे मार्ग में कैडेट्स ने राहगीरों को सुरक्षित यातायात के नियमों की जानकारी दी।इस मौके पर ललित बाजपेई, डॉ. दिवाकर मिश्र, शरद सिंह, अखिलेश यादव, सुरेश यादव, उमेश प्रताप सिंह, सुरेंद्र कुमार, बालेंद्र सिंह, शशांक शुक्ला, अजमेर पाल सहित शिक्षकगण व छात्र उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से आम जनमानस में सड़क सुरक्षा, अनुशासन और जागरूकता की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

# किसानों को खेतो से रखा गया दूर तेदुएं को पकड़ने का प्रयास कर रही टीम

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

संदना। धरपकड़ में जुटी वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने में नाकाम रही। देर शाम तक वन विभाग के अधिकारी व मछरेहटा पुलिस मौके पर डेरा डाले रही लेकिन अंधेरा के कारण इस कावयद को शाम ढलते ही रोकना पड़ा। इस कारण तेंदुआ किस ओर भाग निकला इसकी जानकारी भी नहीं हो पाई है। इससे इलाके में दहशत व्याप्त है। मिश्रिख वन रेंज में तेंदुआ बीते 10 दिनों से चहल-कदमी कर रहा है। बीते मंगलवार की रात दतवल में छत पर तेंदुए को ग्रामीणों ने टहलते देखा था। इसके बाद गुजरेहटा, अशरफ नगर सेढ़ौली, रामपुर खेवटा और रघुनाथपुर के पास तेंदुए को देखा गया। खेतों में तेंदुए के पग चिह्न भी मिले। राजपुर निवासी राजा व गोलू खेत जा रहे थे। इस बीच उदईपुर पूर्वी मजरा राजपुर में उन्होंने ओमप्रकाश के गन्ने के खेत में तेंदुए को आराम करते देखा। इससे उनकी घिग्घी बंध गई। दोनों भागकर गांव पहुंचे और ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी।इसके बाद काफी संख्या में ग्रामीण लाठी-डंडों से लैस होकर मौके पर पहुंच गए। सूचना देने के एक घंटे बाद वन विभाग की टीम भी करीब पांच बजे वन दरोगा अक्षय पांडेय की अगुवाई में पहुंची। उन्होंने खेत में तेंदुआ होने की पुष्टि की। वन दरोगा ने बताया कि टीम के आने पर तेंदुए को पकड़ने की कार्रवाई की जाएगी। इस बीच अंधेरा होने लगा। मिश्रिख रेंजर सिकंदर सिंह टीम समेत पहुंचे तब तक अंधेरा छा गया। मछरेहटा थाना प्रभारी ने सुरक्षा की दृष्टि से ग्रामीणों को खेत से दूर करवा दिया। टीम द्वारा तेंदुए को पकड़ने के लिए अब सुबह तक का इतंजार किया जा रहा है।

इससे इलाके में दहशत का माहौल है।रेंजर मिश्रिख सिकंदर सिंह ने बताया कि अंधेरा होने के बाद गाइडलाइन के तहत तेंदुए को पकड़ने की कवायद रोकना पड़ी। विभाग की टीम खेत व आसपास इलाके की रात में निगरानी में तैनात है। अगर सुबह तक तेंदुआ क्षेत्र में मौजूद होगा तो उसे पिंजरा लगाकर पकड़ा जाएगा। लोग सतर्कता बरतें, घबराने की जरूरत नहीं है।

### 1200 से अधिक वोटर होने पर होगा नयसे बूथ का चयन

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि जहां पर 1200 से अधिक वोटर है, उन क्षेत्रों में नए बूथों का चयन किया जाना है। साथ ही नए बूथों के चयन तथा क्षेत्रों में बूथों का परिवर्तन हुआ है, उसकी भी सूचना कारण सहित समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीयध्राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत करायें। उन्होंने सभी से अपील की है कि यदि कोई बूथ संबंधी कोई भी समस्या एवं शिकायत हो तो निर्धारित तक अवगत करा दें। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसीलों पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण तहसील स्तर पर गुणवत्तापरक ढंग से किया जाये।

# नर्स मां की तरह रखती है मरीज का ख्याल- आई जी

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

लहरपुर। नर्स मां का रूप होती है और वह अपने पेशेंट का ख्याल और उसकी देखभाल एक मां की तरह ही करती है उक्त विचार आइकॉन कॉलेज आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद वरिष्ठ आई पी एस अफसर आई जी उत्तर प्रदेश लोकशिकायत रवि शंकर छवि ने छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किया उन्होंने बताया मैं बिहार के छोटे से गांव सासाराम से निकलकर आज यहां तक पहुंचा हूं दुनिया में कोई भी कार्य मुश्किल नहीं है बस दृढ़ निश्चय लगन और इच्छा शक्ति होनी चाहिए कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद ला मार्टनियर कॉलेज लखनऊ के प्रिंसिपल गैरी डोमिनिक एवरिट ने बताया आज नर्सिंग कॉलेज द्वारा आयोजित कार्यक्रम मेरे लिए एक उत्सव जैसा है क्योंकि मेरी अपनी मां भी एक नर्स थी मैं सभी बच्चों से कहना चाहता हूं

कि अपना काम पूरी मेहनत लगन और ईमानदारी के साथ करें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रीजेंसी स्कूल एंड कॉलेजेज के फाउंडर चेयरमैन एम एफ जैदी ने बताया गांव और ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं पलायन न कर सकें इसके लिए इतने अच्छे-अच्छे इंस्टीट्यूशन और कॉलेज की ग्रामीण स्तर पर स्थापना यह आप सब का सौभाग्य है भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य वीरेंद्रपुरी ने बताया सरकार की मनसा है की अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति भी समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके

और विकास कर सके कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी व शाकेबा खान ने किया आए हुए अतिथियों का बुके देकर स्वागत केपी सिंह इंस्टीट्यूट आफ कॉलेजज के चेयरमैन डॉ एसपी सिंह ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुधाकर मिश्रा हंस राज मोहम्मद खालिद शामीन अब्बास बीलू शुक्ला समीर पुरी समेत सम्मानित नागरिक तथा छात्रों छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम में नर्सिंग कोर्स में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रों को मुख्य अतिथि के द्वारा मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

### इंडियन बैंक अंचल कार्यालय में हुआ वृहद ग्राहक संवर्धन अभियान का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** इंडियन बैंक अंचल कार्यालय प्रांगण में आज एक वृहद ग्राहक संवर्द्धन अभियान का आयोजन हुआ, जिसके अंतर्गत वित्तीय समावेशन, री- के0वाई0सी0, आपकी पूंजी आपका अधिकार एवं बैंक के डिजिटल अभियान की जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकास खण्डों के पाँच सौ से अधिक लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंडियन बैंक के कार्यकारी निदेशक श्री ब्रिजेश कुमार सिंह रहे। उन्होंने लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओ एवं बैंकिंग सेवाओं जैसे एस0एच0जी0 का क्रेडिट लिंकेज, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी, पी0एम0 स्वनिधि मुद्रा एवं पी0एम0एफ0एम0ई0 का अधिक से अधिक लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया और प्रतिभागिओं को इंडियन बैंक द्वारा चलाई जा रही आरसेटी संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने का संदेश दिया।

### जमीन और हिस्सेदारी को लेकर भाई-बहन ने युवक दंपति को पीटा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** अरौल। अरौल थाना क्षेत्र के ग्राम बरैयनपुरवा में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक और उसकी गर्भवती पत्नी के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बरैयनपुरवा निवासी रामकिशन चौरसिया पुत्र सुदामा चौरसिया ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि बीती 2 नवम्बर की शाम वह अपने घर पहुंचा और बक्से से सर्दी के कपड़े निकाल रहा था। इसी दौरान उसका बड़ा भाई रामविलास चौरसिया व बड़ी बहन प्रीति चौरसिया वहां पहुंच गए और कपड़े निकालने की बात पर विवाद करने लगे ।आरोप है कि जब रामकिशन ने बताया कि वह अपने कपड़े निकाल रहा है, तो उसका बड़ा भाई रामविलास गाली-गलौज करते हुए उसके ऊपर ईंट से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी संजू चौरसिया को भी बहन प्रीति ने रामविलास के साथ मिलकर लात-घूंसों व डंडों से पीटा।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# रोहन बोपन्ना : टेनिस का ऋषि जिसने उम्र नहीं, ऊँचाई साधी

**मैं चाहता था कि मेरी बेटी मुझे कोर्ट पर विजयी देखे, उन्होंने दृढ़ता से कहा। पत्नी सुप्रिया, जिन्हें उन्होंने जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताया, हर कदम पर उनकी ढाल बनीं। कोच स्कॉट डेविडॉफ के 12 साल के मार्गदर्शन ने उनके खेल को बुलंदियों तक पहुंचाया। स्टॉप वॉर स्टार्ट टेनिस कैंपेन के जरिए ऐसम–उल–हक कुरेशी के साथ मिलकर उन्होंने टेनिस को सामाजिक बदलाव का हथियार बनाया, जिसके लिए 2010 में प्रतिष्ठित आर्थर एश ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड से नवाजा गया। यह रोहन का वह चेहरा है, जो कोर्ट की सीमाओं से परे, मानवता के लिए चमकता है।**

*जब रैकेट की गूंज थमती है और कोर्ट की रेखाएं धुंध में खोने लगती हैं, तब एक युग अपनी अंतिम सलामी देता है। रोहन बोपन्ना-भारतीय टेनिस का वह ध्रुवतारा, जिसने असंभव को संभव बनाया, अब अपने रैकेट को विश्राम दे रहा है। 1 नवंबर 2025 को, 45 वर्ष की आयु में, उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, टेनिस मेरा जीवन रहा - इसने मुझे उद्देश्य दिया, ताकत दी, और विश्वास सिखाया। यह अलविदा नहीं, बस एक नया सफर है।÷ यह केवल एक खिलाड़ी का संन्यास नहीं, बल्कि भारतीय खेल के स्वर्णिम युग का अवसान है। कूर्ग के कॉफी बागानों से विश्व के सबसे बड़े कोर्ट तक, बोपन्ना ने हर सर्व के साथ सपनों को साकार किया। 43 की उम्र में ग्रैंड स्लैम जीतना, विश्व रैंकिंग में शिखर छूना यह कोई सपना नहीं, बल्कि उनकी मेहनत और जुनून की जीवंत गाथा है। रोहन बोपन्ना की कहानी मेहनत, जुनून और अडिग संकल्प की जीवंत मिसाल है। 4 मार्च 1980 को कर्नाटक के कोडागू में जन्मे इस नक्षत्र ने 11 वर्ष की आयु में टेनिस को अपना धर्म बना लिया। उनके पिता एम.जी. बोपन्ना ने कॉफी बागानों की हरियाली के बीच एक टेनिस कोर्ट गढ़ा, जहां रोहन ने रैकेट के साथ अपने सपनों को पहली सांस दी। सिंगल्स की प्रारंभिक बाधाओं ने उन्हें डबल्स की राह दिखाई, और यहीं से उनकी उड़ान ने विश्व को छू लिया। 2003 में प्रोफेशनल टेनिस की दुनिया में कदम रखते ही 22 साल का एक ऐसा सफर शुरू हुआ, जिसने 26 एटीपी डबल्स खिताब, जिनमें 6 मास्टर्स 1000 शामिल हैं, भारत की झोली में डाले। 2017 में गैब्रिएला डाब्रोवस्की के साथ फ्रेंच ओपन मिक्स्ड डबल्स जीतकर वे भारत के चौथे ग्रैंड स्लैम विजेता बने। लेकिन 2024 में, 43 की उम्र में, मैथ्यू एब्डेन के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष डबल्स खिताब जीतकर उन्होंने इतिहास रच दिया - ओपन एरा के सबसे उम्रदराज ग्रैंड स्लैम चैंपियन। उसी साल डबल्स में विश्व नंबर एक की रैंकिंग हासिल कर उन्होंने एक और कीर्तिमान स्थापित किया - टेनिस इतिहास का सबसे उम्रदराज नंबर एक। रोहन बोपन्ना का करियर महज ट्रॉफियों का खजाना नहीं, बल्कि प्रेरणा का एक अथाह सागर है, जो हर सपने को हकीकत में बदलने की ताकत देता है। 38 एटीपी फाइनल्स, 15 अलग-अलग जोड़ीदारों के साथ कोर्ट पर उतरे, और हर बार एक नया ज्वार लाए। ऐसम-उल-हक कुरेशी के साथ %इंडो-पाक एक्सप्रेस% बनाकर 2010 यूएस ओपन फाइनल तक का सफर तय किया, जो सिर्फ खेल नहीं, बल्कि शांति और भाईचारे का अमर संदेश था। 2011 में कुरेशी के साथ पेरिस मास्टर्स जीतकर पहला मास्टर्स खिताब अपने नाम किया। 2012 और 2015 में एटीपी फाइनल्स के फाइनल में पहुंचकर दुनिया को अपनी धमक दिखाई। 2023 में, 43 की उम्र में, इंडियन वेल्स मास्टर्स जीतकर सबसे उम्रदराज मास्टर्स चैंपियन बनकर इतिहास रचा। चार ओलंपिक में भारत का परचम लहराया, 2016 रियो में सानिया मिर्जा के साथ मिक्स्ड डबल्स में चौथा स्थान हासिल किया। डेविस कप में 2002 से 2023 तक भारत के लिए लड़े, आखिरी टाई मोरक्को के खिलाफ खेली। 2018 और 2023 के एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। रोहन बोपन्ना की ताकत उनकी अडिग शारीरिक और मानसिक दृढ़ता में निहित थी। 40 की उम्र, जब अधिकांश खिलाड़ी कोर्ट को अलविदा कह चुके होते हैं, रोहन ने योग और माइंडफुलनेस के जरिए खुद को पुनर्जनन किया। 2020 में घुटने की गंभीर चोट ने उनके करियर को लगभग लील लिया था।*

---

### एक्सप्रेस आलेख

**इस विश्व कप ने भारतीय महिला क्रिकेट को विश्व पटल पर स्थायी पहचान दिलाई है। यह अब किसी एक पीढ़ी की उपलब्धि नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शन है। भारत की बेटियाँ अब विश्व की नई मिसाल हैं– वे केवल खिलाड़ियों के रूप में नहीं, बल्कि उस शक्ति के प्रतीक हैं जो हार को भी प्रेरणा में बदल देती है। इस ऐतिहासिक जीत ने यह सिद्ध कर दिया है कि जहाँ इच्छा, वहाँ राह कोई कहावत मात्र नहीं, बल्कि भारत की बेटियों की हकीकत है। यह जीत केवल 11 खिलाड़ियों की नहीं, बल्कि पूरे भारत की जीत है– उन परिवारों की जिन्होंने अपनी बेटियों को सपने देखने की आज़ादी दी, उन कोचों की जिन्होंने सीमित संसाधनों में भी प्रतिभा को निखारा।**



डॉ. प्रियंका सौरभ

**छोटे शहरों और कस्बों से आने वाली खिलाड़ी जैसे कि प्रतीका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्स, स्नेह राणा, राधा यादव और रेणुका ठाकुर ने दिखा दिया कि प्रतिभा किसी भौगोलिक सीमा की मोहताज नहीं होती। इन खिलाड़ियों ने न केवल मैदान में बल्कि देश के हर घर में प्रेरणा की नई कहानी लिख दी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और खेल मंत्रालय ने पिछले कुछ वर्षों में महिला क्रिकेट को लेकर जो नीतिगत बदलाव किए हैं।**

# महिला क्रिकेट विश्वकप : देश की बेटियों ने लिखी मजबूत मानसिकता की स्वर्णिम कहानी

भारतीय खेल इतिहास का वो लम्हा स्वर्णाक्षरों में सदैव अंकित रहेगा, जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर वर्ष 2025 का क्रिकेट विश्व कप जीत लिया। यह जीत केवल एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि उस अदम्य जज़्बे, संकल्प और संघर्ष का प्रतीक है जिसने वर्षों से भारतीय बेटियों को खेल के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई है। यह क्षण हर भारतीय के लिए गर्व, उत्साह और प्रेरणा का है क्योंकि यह सिर्फ़ मैदान की जीत नहीं, बल्कि मानसिकता की भी जीत है। भारतीय महिला क्रिकेट का यह गौरवशाली अध्याय उस लंबे सफर का परिणाम है, जो संघर्ष, सीमित संसाधनों और सामाजिक बाधाओं के बीच शुरू हुआ था। एक समय ऐसा भी था जब महिला क्रिकेट को गम्भीरता से नहीं लिया जाता था, न दर्शक होते थे, न प्रायोजक। लेकिन समय बदला और इन बेटियों ने अपने खेल, समर्पण और प्रतिभा के बल पर पूरी दुनिया को दिखा दिया कि खेल का मैदान बेटे और बेटियों में भेद नहीं करता। आज जब भारत विश्व कप जीतकर विश्व का सिरमौर बना है, तो यह जीत हर उस बेटी की आवाज़ है जिसने अपने सपनों को समाज की बंदिशों से ऊपर रखा। विश्व कप के रोमांचक फाइनल में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में 298 रन बनाए। पारी की शुरुआत शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने की। स्मृति ने संयमित लेकिन महत्वपूर्ण 45 रन बनाकर टीम को मजबूत आधार दिया, जबकि शेफाली वर्मा ने आक्रामक शैली में खेलते हुए 78 गेंदों में 87 रन ठोके। उनकी पारी में चौके-छक्कों की झड़ी लगी रही। कप्तान हरमनप्रीत कौर इस बार जल्दी आउट हो गईं लेकिन युवा बल्लेबाज़ ऋचा घोष ने 34 रनों की अहम पारी खेली और टीम को एक बार फिर स्थिरता दी। मिडिल ऑर्डर में दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए टीम को लगभग 300 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुँचाया। दक्षिण अफ्रीका की टीम जब लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो शुरुआती ओवरों में उसने तेज़ शुरुआत की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने जल्द ही अपनी पकड़ बना ली। रेणुका ठाकुर और दीप्ति शर्मा ने सटीक लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करते हुए विरोधी बल्लेबाजों को बांधे रखा। शेफाली वर्मा ने गेंदबाजी में भी शानदार प्रदर्शन किया- उन्होंने 7 ओवर में मात्र 36 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। उनका हरफनमौला प्रदर्शन भारतीय जीत की रीढ़ साबित हुआ। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, दक्षिण अफ्रीका पर दबाव बढ़ता गया और अंततः भारतीय टीम ने जीत के साथ इतिहास रच दिया। शेफाली वर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच÷ चुना गया, जबकि पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए दीप्ति शर्मा को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का सम्मान मिला। यह जीत केवल एक खेल प्रतियोगिता की विजय नहीं है, बल्कि यह उस मानसिक परिवर्तन का प्रतीक है जो भारत में महिलाओं की स्थिति और दृष्टिकोण को लेकर हो रहा है। कभी जिन बेटियों को कहा जाता था कि खेल लड़कियों का काम नहीं, वही आज विश्व चैंपियन बनी खड़ी हैं। इस जीत ने समाज को यह संदेश दिया है कि अगर अवसर मिले तो भारतीय महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं। आज ये खिलाड़ी सिर्फ़ खेल नहीं रही हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक नया रास्ता तैयार कर रही हैं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम का यह गौरवशाली प्रदर्शन वर्षों के परिश्रम का परिणाम है। महिला आईपीएल ने खिलाड़ियों को मंच और आत्मविश्वास दोनों दिया। छोटे शहरों और कस्बों से आने वाली खिलाड़ी जैसे कि प्रतीका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्स, स्नेह राणा, राधा यादव और रेणुका ठाकुर ने दिखा दिया कि प्रतिभा किसी भौगोलिक सीमा की मोहताज नहीं होती। इन खिलाड़ियों ने न केवल मैदान में बल्कि देश के हर घर में प्रेरणा की नई कहानी लिख दी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और खेल मंत्रालय ने पिछले कुछ वर्षों में महिला क्रिकेट को लेकर जो नीतिगत बदलाव किए हैं, वे इस सफलता की बुनियाद बने। समान वेतन नीति ने खिलाड़ियों को आत्म-सम्मान दिया, जबकि बेहतर कोचिंग सुविधाएँ और घरेलू टूर्नामेंट्स ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया। यह देखना सुखद है कि अब महिला क्रिकेट को भी वही सम्मान और प्रसारण मिल रहा है जो पुरुष टीम को मिलता है। यह जीत इस दिशा में एक और सशक्त कदम है। आज इस विजय के साथ भारत के सामने नई जिम्मेदारी भी आई है। अब यह सुनिश्चित करना होगा कि यह उत्साह और समर्थन केवल कुछ दिनों तक सीमित न रहे। ज़रूरत है कि स्कूल स्तर से लेकर विश्वविद्यालय तक खेलों को शिक्षा का हिस्सा बनाया जाए, ताकि अधिक से अधिक लड़कियाँ खेलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित हों। खेल मंत्रालय और राज्य सरकारों को ग्रामीण इलाकों में खेल प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या बढ़ानी चाहिए, जहाँ संसाधन और प्रशिक्षक दोनों उपलब्ध हों। मीडिया की भी बड़ी भूमिका है। महिला क्रिकेट को निरंतर प्रमुखता देना, खिलाड़ियों की कहानियों को सामने लाना, और समाज में इस भावना को मजबूत करना कि यह केवल खेल नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का माध्यम है- यही अब आने वाले समय की सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की इस जीत के पीछे अनेक अनकही कहानियाँ हैं- वह माँ जो अपनी बेटी के लिए समाज की परवाह किए बिना बैट खरीदती है, वह पिता जो खेत बेचकर क्रिकेट किट दिलाता है, वह कोच जो बिना वेतन के खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करता है और वे साथी खिलाड़ी जो रिज़र्व में रहकर भी हर समय टीम के साथ खड़ी रहती हैं। यह जीत केवल मैदान पर खेलने वाली 11 खिलाड़ियों की नहीं, बल्कि उन हज़ारों सपनों की जीत है जो वर्षों से इस क्षण की प्रतीक्षा कर रहे थे। भारत की विजेता महिला क्रिकेट टीम में हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरनी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी और क्रांति गौड़ शामिल थीं। रिज़र्व खिलाड़ियों में तेजल हसबनिस, प्रेमा रावत, प्रिया मिश्रा, मिन्नू मणि और सयाली सतघरे थीं, जिनका योगदान भी कम नहीं था। वे भले ही मैदान पर नहीं उतरीं।



**2025 का यह वर्ष भारतीय खेलों के लिए स्वर्णिम वर्ष के रूप में दर्ज होगा। भारत की बेटियाँ अब सिर्फ़ इतिहास नहीं, भविष्य लिख रही हैं। उनकी यह विजय हर भारतीय के दिल में गर्व, प्रेरणा और उम्मीद की लौ जगा रही है।**

---

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितीया 11:05 तक |
| नक्षत्रः | रोहिणी 24:33 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | परिध, 22:27 तक |
| सूर्योदयः | 06:37 |
| सूर्यास्तः | 17:31 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 10:43-12:04 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:42-12:26 |

## जन एक्सप्रेस

### बार बार सेना पर !

*बार बार सेना पर ।*
*दे रहे बयान ।।*
*कम हो गयी सीटें ।*
*नहीं है इस पर ध्यान ।।*
*चले जा रहे गर्त में ।*
*हुआ नहीं सुधार ।।*
*लानी है बिहार में ।*
*लगता फिर बहार ।।*
*छीछालेदर होती है ।*
*बेमतलब उपदेश ।।*
*कौन सलाहकार है ?*
*परोस रहे विशेष ।।*
*हर समय ना भाता ।*
*सबको यह सब ज्ञान ।।*
*जो भी जानकार हैं ।*
*लगा सकते अनुमान ।।*




- कृष्णेन्द्र राय

---

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# ज्यादा स्क्रीन टाइम कर रहा है आपकी आंखों को बर्बाद

**आज** के डिजिटल दौर में स्क्रीन हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन चुकी है। चाहे पढ़ाई हो, नौकरी हो या एंटरटेनमेंट, हर जगह स्क्रीन का इस्तेमाल जरूरी लगने लगा है। लेकिन जितना यह हमें सुविधा और मनोरंजन देती है, उतना ही हमारी आंखों की सेहत पर असर भी डालती है। लंबे समय तक स्क्रीन पर नजरें टिकाए रखने से आंखों में सूखापन, जलन, धुंधलापन, सिरदर्द और गर्दन-दर्द जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इसे डिजिटल आई स्ट्रेन या कंप्यूटर विजन सिंड्रोम कहा जाता है। लेकिन लोगों के मन में सबसे बड़ा डर यह है कि क्या इससे आंखों की रोशनी हमेशा के लिए कमजोर हो सकती है? डॉक्टर ........ बताते हैं कि केवल स्क्रीन देखने से सीधा और तुरंत आंखों पर स्थायी नुकसान नहीं होता। लेकिन अगर यह आदत लंबे समय तक बनी रहे तो आंखों की रेटिना पर असर पड़ सकता है। लगातार ब्लू लाइट एक्सपोजर से मैक्युलर डिजेनरेशन जैसी गंभीर समस्या का खतरा बढ़ सकता है, जो उम्र बढ़ने पर स्थायी दृष्टि हानि का कारण बन सकती है। यानी स्क्रीन टाइम अपने आप में खतरनाक नहीं



है, लेकिन इसकी अति भविष्य में गंभीर दिक्कतें खड़ी कर सकती है। बच्चों की आंखें अभी विकसित हो रही होती हैं। ऐसे में लगातार स्क्रीन देखने से उनकी आंखों पर ज्यादा दबाव पड़ता है। ज्यादा स्क्रीन टाइम वाले बच्चों में मायोपिया (नजदीक का चश्मा लगना) तेजी से बढ़ रहा है। यही नहीं, देर तक मोबाइल इस्तेमाल करने से उनकी नींद की क्वालिटी भी प्रभावित होती है, जिससे संपूर्ण स्वास्थ्य पर असर पड़ता है।

**स्क्रीन टाइम का आंखों पर असरः** डॉक्टर ........ बताते हैं कि लंबे समय तक स्क्रीन पर लगातार देखने से आंखों में सूखापन, जलन, धुंधला दिखना और सिरदर्द जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इसे मेडिकल भाषा में डिजिटल आई स्ट्रेन या कंप्यूटर विजन सिंड्रोम कहा जाता है। स्क्रीन से निकलने वाली ब्लू लाइट आंखों की कोशिकाओं पर दबाव डालती है, जिससे आंखें जल्दी थक जाती हैं।

**बचाव के आसान उपायः** हर 20 मिनट में 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर देखें। बार-बार पलकें झपकाएं, इससे आंखें सूखने से बचेंगी। स्क्रीन की ब्राइटनेस कंट्रोल करें, बहुत ज्यादा रोशनी या अंधेरे में स्क्रीन न देखें। एंटी-ग्लेयर ग्लासेस का प्रयोग करें, यह ब्लू लाइट से आंखों को सुरक्षा देता है। पर्याप्त नींद लें, इससे आंखों को आराम मिलता है।

**डॉक्टर की रायः** स्क्रीन का इस्तेमाल पूरी तरह बंद करना संभव नहीं है, लेकिन इसके उपयोग को सीमित करना और आंखों की सही देखभाल करना बेहद जरूरी है। खासकर बच्चों में स्क्रीन टाइम 1-2 घंटे से ज्यादा नहीं होना चाहिए।

**निष्कर्षः** ज्यादा स्क्रीन टाइम तुरंत आंखों को स्थायी नुकसान नहीं पहुंचाता, लेकिन यह धीरे-धीरे आंखों की सेहत को कमजोर करता है और भविष्य में गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ा सकता है। इसलिए जरुरी है कि हम स्क्रीन का इस्तेमाल संतुलित तरीके से करें, आंखों को पर्याप्त आराम दें और सही आदतें अपनाएं।

---

### एक्सप्रेस विशेष



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**कोई कॉल या वीडियो कॉल पर किसी भी तरह का अफसर बनकर कॉल करे तो उसे तरजीह ना दे। ज्यादातर मामलों में आपको या आपके परिवार के निकटस्थ को अवैध गतिविधियों में लिप्त होने का झूठा आरोप लगाकर भय दिखा कर ठगी की जा रही है।**

# साइबर ठगी के शिकार लोगों में आईटी में अग्रणी शहरों के लोग ज्यादा

**यदि** यह प्रश्न किया जाए कि देश में सूचना प्रोद्योगिकी में सबसे आगे कौन सा स्थान है तो बिना किसी झिझक व संदेह के एक ही शब्द का उत्तर आयेगा कि भारत में बेंगलुरु सूचना प्रोद्योगिकी का बड़ा हब है। बल्कि यह कहना चाहिए कि बेंगलुरु की वैश्विक पहचान ही आईटी हब के रुप में होती है। अब यह भी माना जाना चाहिए कि सूचना प्रोद्योगिकी या यों कहें कि आईटी में बेंगलुरुवासियों की समझ देश के अन्य प्रदेशों के नागरिकों की तुलना में अधिक ही होगी। दूसरी यह कि बेंगलुरु आईटी हब है तो निश्चित रुप से यहां के निवासियों का साक्षरता स्तर और समझ ना केवल अधिक होगी अपितु अन्य शहरों की तुलना में अधिक ही होगी। अब तस्वीर का दूसरा पहलू जो सामने आता है वह यह कि देश में साइबर अपराधों से पीड़ितों की भी सबसे अधिक संख्या बेंगलुरु में ही है। साल दर साल साइबर अपराध से ग्रसित लोगों की बेंगलुरु में बढ़ती ही जा रही है। हांलाकि दिल्ली, हैदराबाद आदि आदि अधिक समझदारों के क्षेत्रों में भी साइबर अपराध अधिक हो रहा है। देश के केवल तीन शहरों बेंगलुरु, दिल्ली एनसीआर और हैदराबाद में ही साइबर ठगी के अपराधों का प्रतिशत 65 फीसदी है। यह आंकड़ा भी केन्द्र सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए गठित इंडियन साइबर क्राइम कार्डिनेशन सेंटर आई4सी की हालिया रिपोर्ट में उभर कर आया है। रिपोर्ट के अनुसार अकेले बेंगलुरु में साइबर ठगी के 26.8 फीसदी मामलें हो रहे हैं तो दिल्ली एनसीआर में 18.4 और हैदराबाद में 19.97 प्रतिशत मामलें सामने आ रहे हैं। यह इस मायने में भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि साइबर ठगी और उससे बचने की उपायों की बात भी स्वाभाविक हैं आईटी एक्सपर्ट द्वारा ही की जाती है। वैसे भी यह सामान्य सोच की बात है कि साइबर ठगी के शिकार पैसे वाले लोग ही आ रहे हैं और पैसे वाले लोगों की समझ, सरकारी गैरसरकारी क्षेत्र में कार्य का अनुभव और पढ़े-लिखे होने को लेकर कोई सवाल ही नहीं उठाया जा सकता। ऐसे में साइबर अपराधियों के कौशल या समझ को सराहा जाए या समझदार होने पर भी नासमझी पर आंसू बहाये जाएं या क्या किया जाएं, गंभीर चिंता, चिंतन और मंथन का विषय है। सरकारी आंकड़ों की ही बात करें तो 2024 में 22845 करोड़ रुपए से अधिक की साइबर ठगी हुई है। इस साल के शुरुआती पांच माह की ही बात की जाए तो भारतीयों ने सात हजार करोड़ रु. से अधिक की राशि साइबर ठगी में गंवा चुके हैं। असल में साल दर साल साइबर ठगी के मामलें और राशि में बढ़ोतरी ही हो रही है। यह सब तो तब है कि सरकार ने 2018 में साइबर ठगी रोकने के लिए आई4सी का गठन किया जा चुका है। समय समय पर मोबाइल पर कॉल करते ही साइबर ठगी से बचने का संदेश कॉलर टोन के रुप में होता है तो सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर साइबर ठगों द्वारा अपनाये जाने वाले तरीकों से बचने के लिए आगाह किया जाता रहा है। एक और यह कि साइबर ठगी की टर्मनोलोजी से भी आज का लगभग प्रत्येक व्यक्ति रुबरु होने के बावजूद गलती कर ही रहा है। फिशिंग, स्पूकिंग, स्पैम और साइबर स्टाकिंग के साथ ही डिजिटल अरेस्ट आज मोबाइल एण्ड्रायड रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति जानकार है। खैर सबसे मजेदार या हास्यास्पद बात तो यह है कि साइबर ठगी के अधिकांश शिकार पैसे वाले और पैसेवालों में भी अधिकांश उच्च पदों से रिटायर्ड अधिकारी होते हैं। उनकी समझ पर किसी तरह का प्रश्न नहीं उठाया जा सकता। यह सब होने के बावजूद चीन, म्यांमार, लाओस, थाईलैंड व ऐसे ही अन्य स्थानों से ठगों द्वारा भारतीयों को पैसे के लालच से जोड़कर यह अपराध करवा रहे हैं। देखने में यह भी आया है कि साइबर ठग डिजिटल अरेस्ट कोई चंद मिनटों तक नहीं रखकर एक दो दिन या इससे भी अधिक दिनों तक रखकर आसानी से ड़रा-धमकाकर पैसे खातों से ले लेते हैं। भ्रमित इस कदर हो जाते हैं कि लाखों-करोडों में राशि देते समय आगे पीछे की सोचना ही भूल जाते है और ठगाते हुए अहसास होता है कि बड़ा धोखा हो गया।

**आई4सी को सशक्त बनाया जा रहा है। 782 करोड़ रुपए के साइबर सिक्योरिटी प्रोजेक्ट पर भी तेजी से काम हो रहा है। पर दशकों से हाई बे के किनारों पर दिखाई देने वाला स्लोगन साबधानी हटी–दुर्घटना घटी और सतर्कता ही बचाव है एक समय भले ही यातायात सुरक्षा के प्रमुख अवेयरनेस संदेश होते थे पर लगता आज साइबर ठगी से बचने के लिए भी यह संदेश अधिक कारगर दिखाई दे रहे हैं।**


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# कलक्ट्रेट तिराहे पर बने आकर्षक सेल्फी प्वाइंट का जिला जज ने किया लोकार्पण





■ नगर पालिका परिषद ने कराया तिराहे का सौंदर्यीकरण, फव्वारे व हरियाली ने बढ़ाई सुंदरता

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

शहर के प्रमुख स्थल कलक्ट्रेट तिराहे पर अब लोगों को मिलेगा एक नया आकर्षण आधुनिक सौंदर्यीकरण से सुसज्जित सेल्फी प्वाइंट। नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा निर्मित इस खूबसूरत स्थल का लोकार्पण गुरुवार की शाम जिला जज रविन्द्र कुमार ने किया। इस मौके पर उनकी पत्नी आरती कुमार और पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल भी मौजूद रहीं।

कार्यक्रम के दौरान तिराहे पर रंग-बिरंगे फव्वारों और खूबसूरत हरियाली की मनमोहक छटा देखते ही बन रही थी। सेल्फी प्वाइंट के केंद्र में स्थापित किताब और ग्लोब की आकर्षक आकृति लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रही। उद्घाटन के बाद बड़ी संख्या में अधिवक्ता, नगरवासी और भाजपा कार्यकर्ता इस स्थल पर पहुंचे और सेल्फी लेकर यादगार पल संजोए।

पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने बताया कि तिराहे के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ पौधों की देखरेख के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। फुलवारी की देखभाल के लिए हर दूसरे दिन माली की ड्यूटी लगाई गई है, उन्होंने कहा। डॉ.आस्था ने बताया कि जिला जज द्वारा सुझाव दिया गया कि किताब पर 'सत्यमेव जयते' अंकित कराया जाए, जिस पर तत्काल सहमति देते हुए बताया गया कि दो दिनों में यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि सेल्फी प्वाइंट के चारों ओर जानवरों से बचाव के लिए फेंसिंग लगाने का भी निर्णय लिया गया है, जिससे इसकी सुंदरता और सुरक्षा दोनों बनी रहें। लोकार्पण समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, एडीएम न्यायिक रोशनी यादव, नगर पालिका ईओ संजीव कुमार, संयुक्त बार एसोसिएशन अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा एडवोकेट, सेंट्रल बार एसोसिएशन अध्यक्ष सरोज बाजपेई सहित सिविल बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, सभासद शिवम श्रीवास्तव, सुनीता सिंह, शरीफ अंसारी, विपिन कुमार उर्फ राजू फौजी, वतनदीप मिश्रा, साकेत सक्सेना, निर्मल सिंह टीटू, राशिद हुसैन, अनस अंसारी, निजाकत अली कादरी, विकास बाबू, अखिलेश मिश्रा, मोनू मिश्रा, सुरेश और रोहित रॉय मौजूद रहे। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद देर शाम तक नागरिकों की भीड़ सेल्फी प्वाइंट पर बनी रही। लोग फव्वारों और रोशनी के बीच तस्वीरें लेकर नगर पालिका के इस प्रयास की सराहना करते दिखाई दिए। पालिका के इस नवाचार ने न केवल शहरवासियों को नया आकर्षण दिया है बल्कि पीलीभीत शहर की सौंदर्य वृद्धि में एक नई पहचान भी जोड़ी है।

## राज्य महिला आयोग सदस्य ने सुनी जनसुनवाई, दिए निस्तारण के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने महिलाओं से जुड़ी शिकायतों की जनसुनवाई की।



उन्होंने उपस्थित पीड़ित महिलाओं की बात गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित और निष्पक्ष कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 39 प्रकरण दर्ज हुए, जिसमें घरेलू हिंसा जमीनी विवाद, छेड़छाड़ के प्रकरण शामिल हैं। मामलों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये कि प्रकरणों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण जल्द से जल्द करके कार्यवाही की जाए। सदस्य, राज्य महिला आयोग सुजीता कुमारी ने कहा कि मिशन शक्ति के अंतर्गत शासन प्रशासन नारी सम्मान तथा सशक्तिकरण के लिये प्रतिबद्ध है। आयोग का उद्देश्य है कि हर महिला को त्वरित न्याय मिल सके। जनसुनवाई कार्यक्रम में थानाध्यक्ष महिला थाना शिल्पी शुक्ला, डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद रावत, सीडीपीओ कीर्ति सचान,असिस्टेंट प्रोफेसर महिला अस्पताल डॉ तनीषा गुप्ता,जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह,खंड शिक्षा अधिकारी बृजराज सिंह उपस्थित रहे।

# पंजाब एण्ड सिंध बैंक, पीलीभीत शाखा में बीसीए प्रशिक्षण एवं ग्राहकों की बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



पंजाब एण्ड सिंध बैंक, पीलीभीत शाखा में गुरुवार को दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें बैंक के बिजनेस कॉरसपॉनडेंट्स (बीसीए) के लिए एक दिवसीय कार्यशाला एवं फूड एवं एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट्स से जुड़े उद्यमियों हेतु ग्राहक बैठक शामिल रही। दोनों ही कार्यक्रमों का उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार एवं क्षेत्रीय आर्थिक विकास को प्रोत्साहन देना रहा। प्रातःकालीन सत्र में आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन आंचलिक कार्यालय बरेली के आंचलिक प्रबंधक किरण शंकर द्वारा किया गया। उनके साथ मुख्य प्रबंधक अमित मोहन अस्थाना, प्रबंधक मनीष कुमार एवं पीलीभीत शाखा प्रभारी राधे श्याम प्रभाकर भी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीलीभीत शाखा सहित जिले की अन्य शाखाओं से जुड़े लगभग 45-50 बिजनेस कॉरसपॉनडेंट्स (बीसीए) ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने बीसीए को बैंक की नवीन योजनाओं, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं, ग्राहक सुविधा में सुधार के उपायों, तथा वित्तीय समावेशन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। किरण शंकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि बैंकिंग सेवाओं को गाँव-गाँव तक पहुँचाने में बीसीए की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैंक की योजनाओं को जनता तक प्रभावी रूप से पहुँचाना, ग्राहकों को सही जानकारी देना और पारदर्शिता बनाए रखना ही बीसीए की असली सफलता है। मुख्य प्रबंधक अमित मोहन अस्थाना ने ग्राहक संतुष्टि को बैंक की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि बीसीए को अपने क्षेत्र में ग्राहकों के साथ भरोसेमंद संबंध बनाकर बैंक की छवि को और सुदृढ़ करना चाहिए। इस अवसर पर शाखा प्रभारी राधे श्याम प्रभाकर ने बीसीए को लेनदेन सुरक्षा, खाता सत्यापन, डिजिटल पेमेंट सिस्टम और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में उपयोगी जानकारी दी।दोपहर बाद पंजाब एण्ड सिंध बैंक, पीलीभीत शाखा में फूड एवं एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट्स के उद्यमियों के साथ एक ग्राहक बैठक (कस्टमर मीट) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भी आंचलिक प्रबंधक किरण शंकर ने की। इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक अमित मोहन अस्थाना, प्रबंधक मनीष कुमार तथा शाखा प्रभारी राधे श्याम प्रभाकर सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय उद्योगपतियों एवं उद्यमियों जिनमें नीतीश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अंकुर जायसवाल, कमल किशोर सहित कई प्रमुख ग्राहक सम्मिलित हुए ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य था ग्राहकों को बैंक द्वारा किफायती ब्याज दरों पर उपलब्ध ऋण योजनाओं, विशेषकर फूड एवं एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट्स के लिए प्रारंभ की गई नई वित्तीय योजनाओं की जानकारी देना। कृषि आधारित उद्योग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। पंजाब एण्ड सिंध बैंक सदैव ऐसे उद्यमों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। बैंक की नई ऋण योजनाएं कम ब्याज दरों पर पूंजी उपलब्ध कराकर क्षेत्रीय विकास में योगदान देंगी।÷ बैठक में उपस्थित ग्राहकों ने बैंक की योजनाओं की सराहना की और सुझाव भी दिए। बैंक अधिकारियों ने ग्राहकों के प्रश्नों का समाधान करते हुए भरोसा दिलाया कि बैंक उद्यमियों के हर संभव सहयोग के लिए तत्पर रहेगा। दिनभर चले इन दोनों कार्यक्रमों ने न केवल बैंकिंग स्टाफ और बीसीए के बीच संवाद को मजबूत किया, बल्कि ग्राहकों के बीच विश्वास और सहभागिता का वातावरण भी बनाया।

आंचलिक कार्यालय बरेली और पीलीभीत शाखा के अधिकारियों के सामूहिक प्रयास से यह आयोजन अत्यंत सफल रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को बैंक की ओर से धन्यवाद ज्ञापन दिया गया तथा भविष्य में ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की घोषणा भी की गई।

## फसलों का बीमा कराने के लिए किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकरननाथ खीरी।** उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कार्यालय कंजा गोला में यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी के द्वारा रबी 2025 में गेहूं,सरसों एवं मसूर की फसलों का बीमा कराने के लिए किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के विषय में विस्तार से जानकारी दी।इंश्योरेंस कंपनी के कर्मचारी अमित शुक्ला ने बताया कि सभी किसान 31 दिसंबर 2025 से पूर्व अपनी फसल की दैवीय आपदा से सुरक्षा के लिए बीमा करा ले। जिन किसानों की किसान क्रेडिट कार्ड बना है वह अपने बैंक शाखा में संपर्क करके या जन सेवा केंद्र पर जाकर अपना बीमा कराएं। प्राकृतिक नुकसान की स्थिति में बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 14447 पर नुकसान के 72 घंटे के अंदर सूचना देना आवश्यक है। किसान द्वारा गेहूं की फसल पर 1326 रुपए, मसूर की फसल पर 819 रुपए एवं सरसों की फसल पर 775 रूपए हेक्टेयर के हिसाब से प्रीमियम जमा करना पड़ेगा। इस मौके पर कंपनी के अधिकारी धर्मेंद्र वर्मा एवं कृषि विभाग के शेर सिंह राठौर, हरकिशोर मिश्रा, सुमित वर्मा, रमाकांत सहित किसान रोहन लाल बेला भौजी रमाशंकर बहादुरगंज नेपाल सिंह कंधरापुर इंद्र कुमार जार लालाराम रामशरण सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मानवता की मिसाल– दिव्या प्रदीप गंगवार ने सड़क हादसे पीड़ित परिवार के घावों पर लगाया मरहम



**जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार**

पीलीभीत। संवेदनाओं से परे होती जा रही राजनीति और बदलते सामाजिक परिवेश के बीच यदि कोई नेता जनता के दुख-दर्द में सच्चे अर्थों में सहभागी बने, तो यह केवल सेवा नहीं बल्कि मानवता का उत्सव बन जाता है। ऐसा ही उदाहरण समाजवादी पार्टी की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव एवं 130 विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी दिव्या गंगवार ने पेश किया है।

घनश्यामपुर गांव के सड़क हादसे में घायल होकर दिवंगत हुए युवक आदेश कुमार 30 वर्ष के परिवार से मिलने पहुंचीं दिव्या गंगवार ने न केवल आर्थिक सहायता दी, बल्कि उस परिवार की टूट चुकी उम्मीदों में नया जीवन संचार किया। आदेश कुमार की सड़क दुर्घटना के बाद उनका लगभग डेढ़ माह तक इलाज चला, जिसमें परिवार की जमा पूंजी और संपत्ति बिक गई। दुखद रूप से उनकी मृत्यु के बाद परिवार पर आर्थिक बोझ और मानसिक पीड़ा का पहाड़ टूट पड़ा था।

### राजनीति सेवा का माध्यम बने, प्रदर्शन का नहीं

दिव्या गंगवार का यह प्रयास यह संदेश देता है कि राजनीति केवल मंच और भाषणों का खेल नहीं है, बल्कि सेवा और संवेदना का माध्यम है। सड़क हादसे में अपने पति को खो चुकी महिला और तीन बच्चों के आंसू पोंछना किसी बड़ी राजनीतिक जीत से कहीं अधिक मायने रखता है।

### पहली बार किसी ने समझा हमारा दर्द

आदेश के परिजन बताते हैं कि हादसे के बाद आज तक कोई भी नेता, अधिकारी या समाजसेवी उनकी सुध लेने नहीं आया था। लेकिन जब दिव्या गंगवार अपने पति समाजसेवी चौधरी प्रदीप सिंह पटेल के साथ पहुंचीं, तो परिवार की आंखों से आंसू छलक पड़े। उन्होंने परिवार की आर्थिक मदद की और कहा 卐दुख की इस घड़ी में समाज को एकजुट होकर ऐसे परिवारों के साथ खड़ा होना चाहिए। छोटी–सी मदद भी किसी की जिंदगी में बड़ी उम्मीद जगाती है।

परिजनों ने कहा कि दिव्या गंगवार और प्रदीप पटेल ही पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने सच में उनके दर्द को समझा और संवेदना जताई। आदेश के पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चे दिव्यांशी, सूरज और आदर्श रह गए हैं, जिनकी जिम्मेदारी अब परिजनों पर आ गई है। दिव्या गंगवार का यह दौरा केवल एक औपचारिक संवेदना नहीं था, बल्कि 卐सेवा卐 की भावना का जीवंत उदाहरण था। वे लगातार सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। कुछ माह पूर्व जब बीसलपुर क्षेत्र में बाढ़ ने विकराल रूप धारण किया था, तब अधिकांश जनप्रतिनिधि घरों में सुरक्षित बैठे थे, वहीं दिव्या गंगवार और प्रदीप पटेल नावों से निकलकर राहत सामग्री, राशन और अनाज लेकर खुद बाढ़ग्रस्त इलाकों में पहुंचीं।वे आज भी किसी भी आपदा या सामाजिक संकट में अग्रिम पंक्ति में दिखाई देती हैं। यही कारण है कि उन्हें न केवल समाजवादी पार्टी की कार्यकर्ताओं में, बल्कि आम जनता में भी 卐मानवता की आवाज़ के रूप में जाना जाता है।

इस अवसर पर गांव में मौजूद लोगों मलखान वर्मा, सूरजपाल, छेदा लाल, मनोज कुमार, रूपलाल मतिया, अनिल गंगवार, राकेश प्रजापति, रामपाल, हरिशंकर वर्मा, मनोज कुमार, पंकज दुर्गपाल सागर और अभी गंगवार ने कहा कि दिव्या गंगवार ने जो किया, वह आने वाले समाजसेवियों के लिए प्रेरणा है। आज के दौर में जहां संवेदना अक्सर औपचारिकता बनकर रह जाती है, वहां दिव्या गंगवार जैसी शख्सियतें हमें याद दिलाती हैं कि नेतृत्व का असली अर्थ दूसरों की पीड़ा को महसूस करना है। उनका यह कदम केवल एक परिवार की सहायता नहीं, बल्कि मानवता और संवेदनशील समाज की दिशा में एक सशक्त संदेश हैं। राजनीति तब तक अधूरी है, जब तक वह मानवता की सेवा में न झुके।

# आईसीआईसीआई बैंक पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की सख्त कार्रवाई

■ नगर निकायों के खाते तत्काल प्रभाव से अन्य बैंक में स्थानांतरित करने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने गुरुवार को आईसीआईसीआई बैंक पर प्रशासनिक बिजली गिरा दी। सीएम युवा उद्यमी योजना में लक्ष्य के सापेक्ष सुस्ती और घोर लापरवाही दिखाना बैंक को बेहद महंगा पड़ गया। डीएम ने कड़े तेवर अपनाते हुए साफ आदेश दिया कि नगर निकायों के सभी खाते तत्काल प्रभाव से अन्य बैंक में स्थानांतरित किए जाएं।

जानकारी के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत बुनियादी एवं निर्दिष्ट अनुदान की प्रथम और द्वितीय किश्तों में ?32.63 करोड़, जबकि वर्ष 2023-24 में 10.32 करोड़ की राशि नगर निकायों के खातों में जमा है। यानी कुल 42 करोड़ से अधिक की धनराशि अब डीएम के निर्देश पर आईसीआईसीआई बैंक से बाहर जाएगी। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को फौरन कार्रवाई और त्वरित अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए हैं।गौरतलब हो कि अभियान के तहत आईसीआईसीआई बैंक को 43 लाभार्थियों को वित्तीय सुविधा देने का लक्ष्य मिला था, लेकिन अब तक एक भी प्रगति नहीं हुई। कई बैठकों में शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया, फिर भी बैंक की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। समीक्षा में जब मामला डीएम के संज्ञान में आया, तो उन्होंने सीधा एक्शन मोड अपनाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी की। संतोषजनक उत्तर न मिलने पर डीएम ने अन्य बैंक में खाता स्थानांतरित करने का फरमान जारी किया है। साथ ही, एचडीएफसी बैंक और ऐक्सिस बैंक को भी सीएम युवा उद्यमी योजना के क्रियान्वयन में लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित शून्य प्रगति न होने पर नोटिस जारी की जा रही है। डीएम ने दोनों बैंकों के कार्यप्रदर्शन पर निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।डीएम के इस आदेश के बाद बैंकिंग सेक्टर और प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई है।माना जा रहा है कि यह कदम सिर्फ आईसीआईसीआई बैंक के लिए नहीं, बल्कि सभी बैंकों और विभागों के लिए सख्त चेतावनी है कि काम में सुस्ती दिखाई, तो परिणाम भुगतने को तैयार रहो।

## छठ घाट से कब्जा हटवाने को लेकर टावर पर चढ़ा युवक

**जन एक्सप्रेस। पलियाकलां खीरी।** थाना सम्पूर्णानगर में बड़ी घटना सामने आई है जहां एक युवक टावर पर चढ कर प्रशासन को आइना दिखा रहा था और कई गंभीर आरोप लगाए। बताया जाता है काफी लंबे अरसे से आस्था के नाम पर कुछ भूमाफियाओं ने ताल तलैया ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा कर रखा है यही नहीं आस्था का केंद्र छठ घाट को भी भू माफियाओं ने नहीं छोड़ा पक्का निर्माण करते हुए शौचालय आदि बनवा डाला इसका विरोध जब स्थानीय लोगों ने किया तो पुलिस प्रशासन का पावर दिखाते हुए मामले को दबा दिया जाता है यही नहीं कुछ अराजक तत्व सफेद पोज छुटपहिया नेता का हवाला देकर लगातार कब्जा जमाए हुए हैं इसी पर आस्था के शराब और में डूबा एक युवक शासन प्रशासन से अवैध कब्जे को लेकर कई बार न्याय की गुहार लगाई लेकिन सनी ना होने के चलते उक्त युवक खजुरिया चौकी के सामने बने टावर पर चढ़कर काफी देर तक अपनी मांगों को लेकर गुहार लगाता रहा इस पर डाबर के नीचे काफी भीड़ एकत्रित हुई लाख समझाने बुझाने के बाद उक्त युवक नीचे उतरा गया। अभी हाल ही के दिनों में छठ पूजा से पहले पलिया नायब तहसीलदार ने मौके पर जाकर अवैध कब्जे को लेकर कबजेदारियों को कड़ी चेतावनी दी थी और कहा 2 दिन का समय देते हुए।

# शादी के तीन साल बाद उजड़ गया संगीता का ससुराल, मायके वालों ने लगाया गंभीर आरोप



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

### मायके वालों की मांग, आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हो

मृतका के भाई और परिजनों ने आरोप लगाया कि ससुराल वाले हत्या के बाद मौके से फरार हो गए। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि सभी नामजद आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।इस दर्दनाक घटना ने फिर एक बार दहेज प्रथा के विरुद्ध जागरूकता की आवश्यकता को उजागर कर दिया है। गांव के लोगों ने भी प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

### नौगवां नवीनगर गांव में मची सनसनी, विवाहिता का शव मिलने से मचा हड़कंप, पुलिस ने जांच की शुरू

### ढाई साल की मासूम बेटी को पीछे छोड़ गई मां, परिवार में मचा कोहराम,पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज

जनपद के थाना दियोरिया क्षेत्र के नौगवां नवीनगर गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने सनसनी फैला दी है। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है। बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव डड़िया भगत निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि उसकी बहन संगीता देवी 25 की शादी वर्ष 2022 में नौगवां नवीनगर निवासी रामसिंह पुत्र तेजराम के साथ हुई थी। शादी के समय परिवार ने अपनी हैसियत के अनुसार पर्याप्त दान-दहेज दिया था, लेकिन ससुराल पक्ष इससे असंतुष्ट था। आरोप है कि शादी के कुछ ही समय बाद से ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। भाई मुकेश कुमार ने बताया कि जब उनकी बहन ने दहेज की मांग पूरी करने से इनकार किया, तो ससुराल वाले अक्सर उसे प्रताड़ित और मारपीट करते थे। मायके वालों ने कई बार जाकर समझाने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। संगीता ने भी कई बार फोन पर अपने साथ हो रहे उत्पीड़न की बात परिवार को बताई थी। मुकेश ने आरोप लगाया कि 5 नवंबर की रात को पति रामसिंह, ससुर तेजराम, सास, देवर और ननद ने मिलकर उसकी बहन की हत्या कर दी। परिवार को घटना की जानकारी फोन के माध्यम से मिली। जब परिजन तुरंत ससुराल पहुंचे तो संगीता मृत अवस्था में पड़ी मिली। इस परिजनों ने चीख-पुकार मचाते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी दिगंबर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और मृतका के मायके पक्ष की तहरीर पर जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मृतका के भाई ने बताया कि संगीता अपनी ढाई वर्ष की बेटी काव्या को पीछे छोड़ गई है। घटना की खबर लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां-बाप और भाई-बहन का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार संगीता मिलनसार और शांत स्वभाव की थी, उसकी अचानक मौत ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है।गांव में इस घटना को लेकर चर्चा का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर दहेज के लिए ऐसी घटनाएं होती रहीं, तो समाज के सामने गंभीर प्रश्न खड़ा होगा। वहीं थाना प्रभारी दिगंबर सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची थी। शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच निष्पक्ष रूप से की जा रही है।

# कर चोरी पर शिकंजा: अमरिया की कार्रवाई ने दिखाई जीएसटी प्रवर्तन की नई दिशा

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद के अमरिया कस्बे में हाल ही में हुई जीएसटी और एसआईबी की संयुक्त छापेमारी ने कर प्रशासन की कार्यप्रणाली में आई नई सख्ती का संकेत दिया है। सिंह मोबाइल शॉप पर हुई कार्रवाई में पांच वर्षों में 15 करोड़ रुपये की बिक्री के बावजूद मात्र नौ हजार रुपये जीएसटी जमा करने का खुलासा हुआ यह न केवल कर चोरी का एक स्पष्ट उदाहरण है, बल्कि यह दर्शाता है कि व्यापार जगत के एक हिस्से में कर-अनुशासन को लेकर अब भी गंभीर लापरवाही व्याप्त है। भारत की जीएसटी व्यवस्था को लागू हुए सात वर्ष बीत चुके हैं। इसका उद्देश्य था। कर संग्रहण को पारदर्शी, सरल और एकीकृत बनाना। किंतु जमीनी स्तर पर अब भी कुछ व्यापारी अपने लाभ के लिए कानून की भावना से खिलवाड़ करते हैं। अमरिया में सामने आए प्रकरण से यह स्पष्ट होता है कि कर चोरी अब भी स्थानीय स्तर पर बड़ी चुनौती बनी हुई है। जब पांच वर्षों में 15 करोड़ की बिक्री पर मात्र नौ हजार रुपये टैक्स जमा हो, तो यह न केवल सरकारी राजस्व की हानि है बल्कि ईमानदार करदाताओं के साथ सीधा अन्याय भी है।

### जीएसटी टीम की सक्रियता से बढ़ा भरोसा

बरेली यूनिट की एसआईबी टीम और जीएसटी विभाग की त्वरित कार्रवाई ने यह संदेश दिया है कि अब कर चोरी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पहले टाइगर तिराहे की रेहान ट्रेडिंग कंपनी और अब अमरिया की सिंह मोबाइल शॉप पर कार्रवाई ने जिले में विभाग की साख को मजबूत किया है। व्यापारी वर्ग में भय के साथ-साथ कर अनुपालन की जागरूकता भी बढ़ी है।

### आवश्यक है ईमानदार व्यापारिक संस्कृति का विकास

यह भी ध्यान देने योग्य है कि कर चोरी केवल सरकार की समस्या नहीं, बल्कि समाज की नैतिकता से भी जुड़ा विषय है। टैक्स से प्राप्त राजस्व से ही सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं का निर्माण होता है। यदि व्यापारी वर्ग कर चोरी करेगा, तो अंततः नुकसान समाज को ही उठाना पड़ेगा। इसलिए यह जरूरी है कि व्यापारी वर्ग कर को बोझ नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण में योगदान के रूप में देखे। हाल के वर्षों में टैक्स चोरी का तरीका भी डिजिटल हो गया हैं। झूठे बिल, फर्जी जीएसटी नंबर और गुप्त ऑनलाइन लेनदेन जैसे तरीके तेजी से बढ़े हैं। ऐसे में विभाग को डेटा एनालिटिक्स और बैंकिंग निगरानी तंत्र को और सशक्त करना होगा, ताकि फर्जीवाड़ा प्रारंभिक स्तर पर ही पकड़ा जा सके। जीएसटी विभाग की कार्रवाई निश्चित रूप से स्वागतयोग्य है, लेकिन इसके साथ-साथ ईमानदार व्यापारियों को भी भरोसे और सहयोग का वातावरण देना उतना ही आवश्यक है। जिन व्यापारियों की छोटी भूलें हैं, उन्हें जागरूक किया जाए, जबकि जानबूझकर कर चोरी करने वालों पर कठोर दंड अनिवार्य किया जाए। अमरिया की कार्रवाई एक चेतावनी हैं। अब कर व्यवस्था में पारदर्शिता से समझौता नहीं चलेगा। यह केवल दंड नहीं, बल्कि ईमानदार आर्थिक व्यवस्था की ओर बढ़ता एक महत्वपूर्ण कदम है।

# वंदे मातरम राष्ट्रगीत को लेकर 150 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपाईयों द्वारा कार्यक्रम आयोजन हुआ सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

वंदे मातरम राष्ट्रगीत को लेकर 150 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ओम कार्यक्रम के जिला संयोजक व उपाध्यक्ष प्रभूषण सिंह जिला पंचायत में आयोजित पत्रकारों को सम्मिलित करते हुए कहा की वंदे मातरम राष्ट्रगीत राष्ट्र भक्ति ओतप्रोत एवं आजादी के समय द्वारा सर्वाधिक गए जाने वाला गीत है बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के द्वारा रचित 1896 में रविंद्र नाथ टैगोर ने उसका गायन किया 1905 में बंगाल के विभाजन के समय जागीर प्रबंध होने के साथ शास्त्री गायन से परिपूर्ण गीत बना 1 अक्टूबर 2025 को केंद्रीय मंत्रिमंडल में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 पर पूर्ण होने के उपलक्ष में पूरे देश में इसे उत्सव रूप में मानने का निर्णय किया स्वतंत्रता संग्राम में इस जीत की महत्वपूर्ण भूमिका ध्यान में रखते हुए इसके 150 वर्ष के में रात व्यापी कार्यक्रम भाजपा आयोजित करेगी श्री प्रभूषण ने बताया कि 1875 में अंतिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचा गया वंदे मातरम का गीत मां मैं तुम्हें नमन करता हूं भारत की प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी 1950 में वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत का दर्जा प्रदान किया वंदे मातरम स्वदेशी आंदोलन का प्रमुख नारा बना और बाल गंगाधर तिलक लाला लाजपत राय 1923 में काकीनाडा में हुई कांग्रेस अधिवेशन में पंडित विष्णु दिगंबर पलसकर को वंदे मातरम गाने के लिए आमंत्रित किया गया था लेकिन उसे वर्ष कांग्रेस के अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद अली ने धार्मिक आधार पर आपत्ति देते और कहा कि इस्लाम में संगीत वर्जित है मुस्लिम लीग के नेताओं को खुश करने के लिए 1937 में कांग्रेस कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत पर आधारित अधिकारी दिन से बदलने का निर्णय किया बाद में भी और कई मौका पर कांग्रेस उसके नेताओं ने विभिन्न मंचों पर वंदे मातरम के प्रति अपनी आशा संस्था दिखाइए 2017 में मांग की थी इस स्कूलों में छात्रों के लिए वंदे मातरम गान अनिवार्य करने वाले सर्कुलर को रद्द कर दिया जाए 2019 में मध्य प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने सचिवालय में वंदे मातरम गाने पर प्रतिबंध लगा दिया था लेकिन वंदे मातरम गीत आज भी आम जनता में महत्वपूर्ण एवं लोकप्रिय राष्ट्रगान है भाजपा ने इसी के मत देने जा 7 नवंबर से उत्तर प्रदेश में 15 नवंबर तक सभी जिलों में सामूहिक वंदे मातरम गायन के कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा विधानसभा स्तर पर माननीय सांसद विधायकों के नेतृत्व में कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे हिंदू निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित होगी मंडल स्तर पर मनाने का महत्वपूर्ण निर्णय किया है प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा एवं वंदे मातरम से संबद्ध पत्रिकाएं प्ले कार्ड के साथ बाइक प्रभात फेरी आयोजित किए जाएंगे आएगी विद्यालय राजपत राय भगत सिंह सुभाष चंद्र बोस जैसे क्रांतिकारियों का प्रेरणा स्रोत बना विद्यालय एवं महाविद्यालय में वंदे मातरम पर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम विषय पर निबंध चित्रकला कविता एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी पत्रकार वार्ता मेंजिला प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्र जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र सिंह जिला महामंत्री राम जी मौर्य जिला मंत्री राम जी दीक्षित उमेश शुक्ला एवं वंदे मातरम कार्यक्रम के अभियान संयोजक के सह संयोजक ब्रजेश सिंह मौजूद रहे।

## 8वीं बार बाघ के हमले से आक्रोशित किसान

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** दुधवा नेशनल पार्क क्षेत्र में बाघ के लगातार हमलों से आक्रोशित किसानों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। किसानों ने दुधवा नेशनल पार्क के मुख्य गेट पर घेराव किया और मृत बछड़े को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। यह घटना बुधवार रात करीब 10 बजे पलिया तहसील की ग्राम पंचायत बसंतापुर में हुई। गांव निवासी इंद्रजीत गिल के फार्म से बाघ ने एक गाय के बछड़े को लगभग 100 मीटर दूर गन्ने के खेत में खींचकर मार डाला। ग्रामीणों के शोर मचाने पर बाघ मौके से भाग गया।ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को घटना की सूचना दी, लेकिन देर रात तक कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इससे नाराज ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह बछड़े का शव लेकर दुधवा मुख्यालय के गेट पर पहुंचकर विभागीय लापरवाही के खिलाफ कड़ा विरोध प्रदर्शन किया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 964 जोड़ों ने लिए सात फेरे







**जन एक्सप्रेस | उरई**

जिले की नवीन गल्ला मंडी में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत भव्य समारोह में 964 जोड़ों का विवाह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह में जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।=जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक, कालपी विधायक, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने नवविवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाणपत्र वितरित किए और उनके मंगलमय जीवन की शुभकामनाएँ दीं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समाज के अंतिम छोर तक पहुँच रही है। यह योजना न केवल गरीब परिवारों के लिए आर्थिक सहयोग का माध्यम है, बल्कि समाज में सामाजिक समरसता व सद्भाव का सशक्त उदाहरण भी है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी धर्मों व समुदायों के बीच एकता और भाईचारे का संदेश दिया जा रहा है। सदर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को सम्मानजनक तरीके से सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में समानता, सहयोग और सौहार्द को सुदृढ़ करते हैं। कहा कि यह योजना गरीब परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इससे न केवल आर्थिक बोझ कम होता है, बल्कि समाज में बेटियों के सम्मान को भी नई ऊँचाई मिलती है। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें शिक्षा व रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। माधौगढ़ विधायक कहा कि पहले गरीब परिवारों के लिए बेटियों का विवाह कराना कठिन कार्य होता था और कई बार उन्हें कर्ज लेना पड़ता था। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ने उस चिंता को समाप्त कर दिया है। आज सभी धर्मों व समुदायों की परंपराओं का सम्मान करते हुए विवाह संपन्न कराए जा रहे हैं। कालपी विधायक ने कहा कि इस योजना ने सामाजिक समानता की भावना को सशक्त किया है। इससे समाज में भेदभाव मिटाकर एकता का वातावरण बन रहा है। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए सतत प्रयत्नशील है। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग देना है। उन्होंने बताया कि अब योजना की सहायता राशि ?51,000 से बढ़ाकर ?1,00,000 प्रति जोड़ा कर दी गई है। इसमें ?60,000 की धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे कन्या के खाते में, ?25,000 विवाह सामग्री (वस्त्र, बर्तन, फर्नीचर आदि) पर तथा ?15,000 विवाह आयोजन की व्यवस्थाओं (टेंट, भोजन आदि) पर व्यय की जाती है। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है, बल्कि समाज में सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ कर रही है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएँ दीं और उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की।

# मतदेय स्थलों के सम्भाजन को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बैठक





**जन एक्सप्रेस | उरई**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 1200 मतदाताओं के अनुपात में मतदेय स्थलों का सम्भाजन किया जाएगा। साथ ही जीर्ण-शीर्ण भवनों के स्थान पर अन्य उपयुक्त शासकीय भवनों में मतदेय स्थल स्थानांतरित किए जाएंगे। उन्होंने राजनीतिक दलों से कहा कि वे अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट (क्क्र) की नियुक्ति कर विधानसभावार सूची उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में जनपद में कुल 1477 मतदेय स्थल हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित मतदेय स्थलों पर किसी प्रकार की आपत्ति या सुझाव संबंधित राजनीतिक दल लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी उरई नेहा व्याडबाल, उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शान्ति स्वरूप महेश्वरी (भा.ज.पा.), राजीव शर्मा (सपा), भगवती शरण पांचाल (बसपा), उदय वीर सिंह (बसपा), विनोद कुमार नगरिया (भा.क.पा.), अरविन्द सेंगर (कांग्रेस), राजकुमार वर्मा (कांग्रेस) एवं जमालुद्दीन (सपा) आदि उपस्थित रहे।

# हमलावरों ने घर में घुसकर की मारपीट, पुलिस ने की कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस | उरई**

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम इकौना में महिला व उसके परिजनों पर कुछ दबंगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट कर दी गई। जिसमे महिलाओ सहित परिजन गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कदौरा के ग्राम इकौना निवासी पीड़िता कुसुमकली पत्नी वीरपाल ने थाने में शिकायती पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि बीते दिन रविवार शाम को वह अपने घर पर बैठी थी। तभी देर शाम मोहल्ले के ही रामसजीवन पुत्र शीतल, दीपक पुत्र रामसजीवन, निखिल पुत्र रामसजीवन, मधु पत्नी रामसजीवन व मनीषा पत्नी संदीप व संदीप निवासी ग्राम गूढ़ा, कोतवाली कालपी उसके घर में जबरन घुस आए। जिन्होंने एक राय होकर उसके व उसके पति व तीन बच्चियों के साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज करते हुए मकान खाली करने की धमकी देने लगे। बताया कि जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट कर धारदार हथियारों से हमला कर कुसुमकली, व उसके पति वीर पाल , खुश्बू, सत्यवती, और पंचवटी को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। घर में मचा शोरगुल सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने किसी तरह घायलों को बचाया। मामले में थाना प्रभारी प्रभात सिंह का कहना है कि सभी आरोपियों के खिलाफ गाली-गलौज और घर में घुसकर मारपीट करने की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

# डीएम जन समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर सख्त, कई शिकायतों का मौके निस्तारण

**जन एक्सप्रेस | उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अपने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में प्रातः 10 से 12 बजे तक उपस्थित रहकर आमजन की शिकायतें सुनीं। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। डीएम ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। कहा कि जनसामान्य की समस्याओं का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों का समाधान पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ किया जाए, ताकि किसी भी नागरिक को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जन सुनवाई के दौरान कई शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया। जिससे उपस्थित फरियादियों ने संतोष व्यक्त किया। कहा कि प्रशासन जनता की पहुंच में रहे, यह सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। शासन की मंशा के अनुरूप जनहित कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# दबंगों ने भूमि विवाद के चलते किसान नेता को गोली मारी, मेडिकल कॉलेज रेफर

**जन एक्सप्रेस | शाहाबाद**



शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के तड़ेर गांव में भूमि विवाद के चलते दबंगों ने किसान यूनियन के एक कार्यकर्ता के गोली मार दी जिससे वह घायल हो गया। घायल अवस्था में सीएचसी शाहबाद लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है। ग्राम तड़ेर निवासी राहुल दीक्षित पुत्र रामदेव दीक्षित का कल राम भजन और उसके पारिवारिक जनों से घूरा और गोबर को लेकर विवाद हो गया था। गुरुवार को सुबह 10~30 बजे लालपुर रोड पर राहुल दीक्षित को कमलेश, राम भजन, नरेंद्र, मुकेश, धर्मेश, आदेश आदि ने घेर लिया और गाली गलौज करते हुए मारपीट की। कमलेश ने गोली मार दी। गोली राहुल के बाएं पैर में लगी है जिससे वह घायल हो गया। लहू लुहान राहुल को सीएचसी शाहबाद लाया गया। जानकारी पाकर प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी सीएचसी पहुंचे और घायल का हाल-चाल लेकर उसके बयान लिए। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घायल को डॉक्टरों ने खतरे से बाहर बताया है।

# अति कुपोषित बच्चों को तत्काल एनआरसी सेन्टर पर भर्ती करायें : सीडीओ



**जन एक्सप्रेस | हरदोई**

आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों हेतु किये गये नवाचार संबंधी बैठक सीडीओ सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में मल्लावां, शाहाबाद, बिलग्राम, कछौना एवं अहिरोरी ब्लाक आंगनबाड़ी निर्माण केन्दों की खराब प्रगति पर सीडीओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी सीडीपीओ को निर्देश दिये कि समस्त अधूरे आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण अगले माह तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करा लें तथा निर्माण कार्यो की जानकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से फोटो सहित लेते रहे। उन्होने सभी सीडीपी को निर्देश दिये कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले अति कुपोषित व कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य एवं लम्बाई व वनज सहायकाओं की उपस्थित में करायें और अति कुपोषित बच्चों को तत्काल एनआरसी सेन्टर पर भर्ती करायें और जिन बच्चों का आधार सत्यापन नहीं हुए है उनका एक सप्ताह में आधार सत्यापन कराना सुनिश्चित करें तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण वाटिका विकसित करने के साथ फल-फूल के पौधे लगवायें।

बैठक में सीडीओ ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों का आरबीएस टीमों के माध्यम से प्रतिदिन स्वास्थ्य परीक्षण कराने के साथ दवा वितरण करायें। आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं बेसिक विद्यालयों में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन न पड़ने पर सीडीओ ने जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी चिन्हित आंगनबाड़ी केन्द्रो व बेसिक विद्यालयों में तत्काल पाइप लाइन डलवायें तथा प्रगति आख्या अगली बैठक में प्रस्तुत करें। उन्होने समस्त सीडीपीओ को निर्देश दिये कि आंगनबाड़ी केन्द्रों की नवाचार संबंधी सभी योजनाओं का क्रियान्वय पूरी ईमानदारी से करें अन्यथा लापरवाही सहायिका एवं सीडीपीओं पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर डीडीओ,बीएसए,डीपीआरओ, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## रोजगार मेले मे 103 अभ्यर्थी चयनित

**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि मंशानुसार बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय, द्वारा निरन्तर रोजगार मेलों का आयोजन करके बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार देने का कार्य किया जा रहा है । इसी क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय एवं बी0जी0आर0एम0 इण्टर कालेज, बिलग्राम, द्वारा संयुक्त रूप से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्र की 07 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया । उक्त आयोजित रोजगार मेले में 148 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित अभ्यर्थियों को कम्पनी एवं उससे सम्बन्धित कार्य तथा प्राप्त वेतन भत्तों के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। इच्छुक अभ्यर्थयों ने अपने आवेदन के रूप में, वंसल वायर्स लि0, योकोहामा प्रा0लि0, नवजीवन इण्टर प्राइजेज आदि कम्पनियों में निर्धारित प्रपत्र भरकर साक्षात्कार में भाग लिया। साक्षात्कार के उपरान्त 103 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय के स्टोर रूम में निकला 10 फीट लंबा अजगर

**जनएक्सप्रेस/उरई।** कोंच तहसील क्षेत्र के कूंडा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के स्टोर रूम में लगभग 10 फीट लंबा अजगर मिलने से हड़कंप मच गया। यह घटना गुरुवार दोपहर की है, जिससे विद्यालय स्टाफ में अफरा-तफरी फैल गई। अजगर निकलने की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। सूचना मिलने पर वन रक्षक शिवाजी और रामनिवास अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने बड़ी सावधानी से अजगर को पकड़ने का अभियान चलाया। कुछ देर की मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित रूप से पकड़ लिया गया और उसे जंगल में छोड़ दिया गया। अजगर पकड़े जाने के बाद विद्यालय स्टाफ ने राहत महसूस की।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक



**जन एक्सप्रेस | हरदोई**

हरदोई जनपद में एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति 0.5 अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा व अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया।थाना बिलग्राम, हरपालपुर, बघौली, पिहानी, अरवल और सवायजपुर की एंटी-रोमियो/मिशन शक्ति टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।टीमों ने हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1098 आदि की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों पर तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही महिलाओं को आत्मरक्षा के उपायों के बारे में भी बताया गया।अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, सुरक्षा की भावना विकसित करना और समाज में उनके प्रति सम्मान का वातावरण बनाना है।

# जन सुनवाई मे 03 बच्चों को मिला बाल सेवायोजना का लाभ



**जन एक्सप्रेस | हरदोई**

कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान डीएम अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 110 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। आज जन सुनवाई में 03 बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से जोड़ा गया तथा एक व्यक्ति का राशन कार्ड बनाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।डीएम ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणावत्तापूर्ण ढंग से हो। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट भूमिका यादव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नर्मदा तीर्थ पर हजारों दीप जलाकर मनाई गई देव दीपावली

**जन एक्सप्रेस | शाहाबाद**



ऐतिहासिक धरोहर नर्मदा तीर्थ स्थल पर श्री नवदुर्गा पूजन समिति द्वारा भव्य देव दीपावली मनाई गई।दीपक और मोमबत्ती के प्रकाश से पूरा तीर्थ जगमग हो उठा। समिति द्वारा नर्मदा तीर्थ स्थल के समस्त घाटों, मंदिरों व परिक्रमा मार्ग में हजारों की संख्या में दीप प्रज्वलित किए गए। इस मौके जमकर आतिशबाजी छुटाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तगणों ने देर शाम तक दीपदान यज्ञ में भाग लिया। समिति के मीडिया प्रभारी राजीव बाजपेई ने बताया तीर्थ स्थल के प्रमुख कालिका घाट पर रघुनाथ दास भंडारी बाबा,नवदुर्गा पूजन समिति के संरक्षक संजय मिश्रा,व्यापारी नेता और समाज सेवी नलिन गुप्ता डब्लू,बसंत गुप्ता, रमाकांत मौर्य द्वारा दीप प्रज्वलित किए गए। तत्पश्चात मां काली शक्तिपीठ और बजरंगबली मढ़ी के प्रमुख साधुओं द्वारा मां गंगा की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बजरंग घाट पर सूरज द्विवेदी,दिनेश दीक्षित द्वारा टेढ़ेश्वर नाथ घाट पर राजीव बाजपेयी,डॉ महेश राठौर आदि ने तथा श्री हरिश्चंद्र घाट पर मंगल मिश्रा,संदीप कुमार नागा घाट पर नितांत रस्तोगी, असित गुप्ता सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दीप जलाये। सैकड़ों की संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने देव दीपावली व मां गंगा जी की आरती में भाग लिया।

# बेमौसम बारिश से किसानों की बर्बाद हुई फसलों को लेकर सामाजिक न्याय एवं किसान मंच ने सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस | उरई**



बेमौसम बारिश और अतिवृष्टि के कारण बर्बाद हुई फसलों को लेकर गुरुवार को सामाजिक न्याय एवं किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश निरंजन भैयाजी के नेतृत्व में नाराज किसानों ने सड़कों पर उतरकर नारेबाजी करते हुए कलेक्टर पहुंचे और धरना प्रदर्शन कर सरकार से तत्काल राहत और मुआवजे की मांग की तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजेश वर्मा को सौंपते हुए बताया कि जिले में रबी की फसलें जैसे हरी मटर, चना और मसूर पानी में डूबकर सड़ गई। वहीं धान जैसी खरीफ फसलों को भी भारी क्षति पहुंची है। जिससे किसान गहरे आर्थिक संकट में हैं। संगठन ने मांग की है कि क्षतिग्रस्त धान, ज्वार और बाजरा जैसी फसलों का तुरंत सर्वे कराकर प्रति एकड़ 25 हजार रुपये का मुआवजा दिया जाए। इसी तरह, हरी मटर, चना और मसूर जैसी नष्ट हुई रबी फसलों के लिए प्रति एकड़ 20 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति की मांग की गई है। किसानों ने बीमा कंपनियों से निर्धारित मानक के अनुसार त्वरित बीमा भुगतान कराए, किसानों का पुराना कर्ज माफ करने और नई बुवाई के लिए खाद-बीज निःशुल्क उपलब्ध कराने की भी मांग की है। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली 6 हजार रुपये की राशि को अपर्याप्त बताते हुए इसे बढ़ाकर 20 हजार रुपये प्रतिवर्ष करने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने जल्द राहत नहीं दी तो किसानों की आर्थिक स्थिति और अधिक खराब हो जाएगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष संतोष राजपूत ,विमल, मनोज कुमार, कुलदीप, मिस्टर, मानसिंह, महेंद्र कठेरिया बाला प्रसाद, कपिल गुमावली, देवेंद्र सिंह, रवि शंकर, महिपाल खर्रा मौजूद रहे।

# निशुल्क नेत्र शिविर का संपन्न, 248 मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा गया

**जन एक्सप्रेस | शाहाबाद**



डीसीएम श्रीराम शुगर यूनिट लोनी द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन गुरुवार को डीसीएम श्रीराम फाउंडेशन के खुशहाली सेहत परियोजना के अंतर्गत मिल प्रांगण में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ संध्या यादव तहसीलदार एवं अनिल सिंह गन्ना प्रमुख चीनी मिल,लोनी के विभागाध्यक्ष सुनीता पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। तहसीलदार संध्या यादव ने चीनी मिल द्वारा आयोजित इस प्रकार के सामाजिक सरोकार वाले शिविर की सराहना की। उन्होंने नेत्र स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस पहल से क्षेत्रीय समुदाय को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी तथा समय पर आंखों से संबंधित बीमारियों का निदान एवं उपचार संभव हो सकेगा। नेत्र शिविर में कुल 324 मरीजों ने नेत्र परीक्षण हेतु पंजीकरण कराया, जिनमें से 248 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है। चिन्हित मरीजों को सीतापुर नेत्र अस्पताल भेजने की व्यवस्था की गई, जबकि अन्य मरीजों को आवश्यकतानुसार चश्मे एवं दवाओं का वितरण स्थल पर ही किया गया। कार्यक्रम में डॉ गौरव गंगवार, शिवेश सिंह,मोहन सिंह सहित चीनी मिल के अन्य अधिकारी एवं क्षेत्रीय कृषकगण उपस्थित रहे।

# शस्त्र पूजा राजघराने की प्राचीन परम्परा: पुलिस जांच में आरोप निराधार

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में विजयादशमी पर्व पर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया द्वारा बेंती आवास परिसर में शस्त्र पूजन किया गया था। शस्त्र पूजन की तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने इस पर सवाल उठाए थे। उन्होंने पुलिस से इन हथियारों की जांच की मांग की थी। अब पुलिस की जांच रिपोर्ट आ गई है। अमिताभ ठाकुर की शिकायत के बाद एएसपी पश्चिमी बृजनंदन राय ने सीओ कुंडा अमरनाथ गुप्ता से जांच कराई। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि राजा भैया की तरफ से विजयादशमी के अवसर पर बेंती आवास परिसर में स्थित प्राचीन हनुमान जी के मंदिर प्रांगण में जहाँ पर आस-पास के तमाम व्यक्ति दर्शन पूजन के लिए आते रहते हैं तथा अपनी मन्नत मांगते है, मन्नत पूरी होने पर पुनः दर्शन पूजन के लिए आते हैं, उक्त स्थल पर पिछले लगभग 30 वर्षों से शस्त्र पूजन किया जाता है। यह परंपरा उनके दादा राय बजरंग बहादुर सिंह और पिता उदय प्रताप सिंह द्वारा भी निभाई जाती थी। इस अवसर पर किसी प्रकार के शस्त्र प्रदर्शन, अभ्यास, नारेबाजी, अवैध शस्त्र होने या विधि विरुद्ध कार्य के कोई तथ्य सामने नहीं आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार यह आयोजन निजी आवास परिसर की चाहरदीवारी के भीतर शांतिपूर्ण ढंग से पारंपरिक रूप से संपन्न होता है। स्थानीय जनता की तरफ से भी इस कार्यक्रम के प्रति किसी प्रकार की आपत्ति या विरोध नहीं व्यक्त किया गया है। साथ ही, कोई ऐसी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है जिससे शांति व्यवस्था प्रभावित हुई हो। एएसपी ने सीओ कुंडा और इंस्पेक्टर हथिगंवा को मामले पर निरंतर सतर्क दृष्टि रखने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब हो कि विजयादशमी के मौके पर बेंती आवास परिसर में रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया द्वारा किये गये शस्त्रपूजन को लेकर आज़ाद अधिकार आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर द्वारा शिकायत करते हुए जांच की मांग की गई थी। हालांकि पुलिस ने अपनी जांच में शिकायत को निराधार पाया है।

## सड़क दुर्घटना में हेड कांस्टेबल समेत तीन घायल

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-वाराणसी हाइवे पर गुरुवार सुबह हुई सड़क दुर्घटना में हेड कांस्टेबल समेत तीन घायल। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे देल्हूपुर थाने पर तैनात हेड कांस्टेबल हरिकेश बाइक से रानीगंज की तरफ जा रहे थे। लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर जैसे ही मीरपुर पेट्रोल पंप के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे बाइक सवार सोनू से उनकी टक्कर हो गई। सोनू छत्तीसगढ़ प्रदेश के विलासपुर का रहने वाला है बाइक पर पत्नी छोटी के साथ वो कहीं जा रहा था। दोनों की बाइक भिड़ंत के बाद पीछे से आ रहे भीती निवासी राजीव मिश्र भी हादसे की जद में आ गए। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। आसपास के लोगों ने घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर पहुंचाया। जहां हरिकेश, सोनू , छोटी की हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सोनू गाजीबाग के पास एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि टक्कर के बाद दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर कस्बा चौकी और दुर्गागंज चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस का कहना है कि दोनों बाइकों की तेज रफ्तार के कारण यह हादसा हुआ है। घायलों को अस्पताल भेजवाने के साथ ही पुलिस ने दोनों बाइक अपने कब्जे में ले लिया। देल्हूपुर थाना प्रभारी का कहना है कि दीवान की हालत खतरे से बाहर है। जिला अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।

# कोलकाता और वाराणसी के फूलों से महकेगा मंडप

**जन एक्सप्रेस । देवरिया।**



सहालग का समय शुरू होते ही कारोबार में तेजी आने लगी है। वाहन, आभूषण, सौंदर्य प्रसाधन, कपड़े के अलावा फूल के कारोबार में भी तेजी दिखाई देने लगी है। जलकल रोड फूलमंडी में कारोबारी इसको लेकर तैयारी में जुट गए हैं। उन्होंने कोलकाता, लखनऊ और बनारस के सप्लायर्स को आर्डर देना भी शुरू कर दिया है। इस सहालग के मौसम में जिले भर में करीब एक करोड़ का कारोबार होने की उम्मीद कारोबारी जता रहे हैं।

देवोत्थान एकादशी के बाद शादी विवाह की तैयारी होने लगी है। लोग मंडप से लेकर वर की गाड़ियां सजवाने के लिए अग्रिम बुकिंग कर लिए हैं। शहर में जलकल रोड फूलमंडी में करीब 40 दुकानें फूल की हैं। यहां तगड़ी बुकिंग होती है। इसके अलावा शहर भर में 100 से अधिक डेकोरेटर्स हैं, जो गाड़ियों और मंडप सजाने का आर्डर सीधे तौर पर लेते हैं।

शहर में परमार्थी पोखरा समेत कई खाली जगहों पर गाड़ी सजाते हैं। इसके अलावा जिलेभर में 500 से अधिक सजावटकर्ता हैं। इनके पास लगन में आर्डरों की भरमार है। जलकल रोड फूलमंडी के कारोबारी शनि जायसवाल ने बताया कि इस साल मंडी में रौनक है। मांग को देखते हुए फूलों के सप्लायर्स को अग्रिम आर्डर दिए गए हैं। जब जैसी जरूरत होगी फूल मंगा लिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि फूलमंडी में 40 दुकानें हैं। वहीं शहर में 100 से अधिक अन्य सजावटकर्ता हैं। इसके अलावा जिले में 500 कारोबारी तहसीलों, कस्बों को मिलाकर होंगे। जिले में लगन के सीजन में करीब एक करोड़ का कारोबार होने की उम्मीद है। हालांकि सही तस्वीर लगन शुरू होने के बाद ही सामने आएगी।

### बुके से लेकर फूल, माला की है मांग

लगन के लिए फूल, वरमाला की माला और सजावट के लिए फूलमाला की भारी मांग है। शनि जायसवाल बताते हैं कि कोलकाता से रजनीगंधा, बनारस से गेंदे की रेडीमेड माला और लखनऊ से गुलाब मंगाया जाता है। वरमाला पसंद के अनुसार 500 से लेकर 15000 से 20000 रुपये तक की तैयार की जाती है। बुके 250 से 300 रुपये तक की तैयार होती है। वहीं गाड़ी की सजावट दो हजार से लेकर 15000 हजार तक में हो जाती है। गुलाब का देशी फूल पांच रुपये तो बड़ा फूल 15-20 रुपये तक का बिकता है।

# गोरखपुर के आकाश ने वाराणसी के अमनदीप को दी पटकनी

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



घांटी बाजार स्थित हनुमान मंदिर परिसर में बुधवार को विशाल दंगल का आयोजन हुआ। इसमें वाराणसी, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, जौनपुर, अयोध्या व लखनऊ सहित कई जिलों के नामी पहलवानों ने दमखम दिखाया। दर्शकों की भारी भीड़ के बीच हुए रोमांचक मुकाबलों में पहलवानों ने एक-दूसरे को पटखनी देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सबसे आकर्षक मुकाबले में गोरखपुर के आकाश पहलवान ने वाराणसी के अमनदीप को चित कर मैदान पर कब्जा जमाया। मुकाबले के दौरान दोनों पहलवानों ने दांव-पेच का शानदार प्रदर्शन किया लेकिन अंत में बाजी आकाश ने मारी।

दूसरे मुकाबले में गोरखपुर के अमनदीप सिंह ने वाराणसी के रंजीत यादव को धूल चटाई। वहीं जौनपुर के सुदेश यादव ने लखनऊ के रघुबंश यादव को पछाड़ते हुए जीत दर्ज की।

अयोध्या के आकाश तिवारी ने कुशीनगर के परवेज आलम को परास्त किया। इसके अलावा वाराणसी के निसार अहमद को जौनपुर के राघवेंद्र पहलवान ने मात देकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि कैप्टन रत्नाकर मिश्र ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण खेलों को प्रोत्साहन देते हैं और नई प्रतिभाओं को सामने लाने में मददगार साबित होते हैं। इस दौरान विशिष्ट अतिथि विकास सिंह, फिरोज पहलवान, दिनेश पहलवान, आनंद मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार में आत्मनिर्भर बन रहा देश

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

भारतीय जनता पार्टी कुशीनगर विधानसभा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन बुधवार को कसया के एक रिजार्ट में हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद राजेश उर्फ गुड्डू पांडेय जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय और कुशीनगर विधायक पीएन पाठक के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है।

पूर्व सांसद राजेश पांडेय ने कहा कि भाजपा के शासन में देश आत्म निर्भरता की ओर बढ़ रहा है। विधायक पीएन पाठक ने कहा कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश दंगा मुक्त, कानून व्यवस्था युक्त प्रदेश बना। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने किया।

# नवप्रवेशित छात्राओं का भव्य स्वागत समारोह संपन्न

## उच्च शिक्षा से परिवार और देश का नाम रोशन करें छात्राएं: वेद प्रकाश शुक्ला

**जन एक्सप्रेस । पनियरा/महराजगंज**



पनियरा के बड़वार स्थित कृष्णा महिला के पीजी कॉलेज में गुरुवार को नवप्रवेशित छात्राओं के लिए स्वागत समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक राजाराम सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पनियरा प्रमुख एवं प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व ब्लॉक प्रमुख जय नाथ सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद छात्राओं ने भक्ति गीत व देवी सर्वभूतेषु की प्रस्तुति दी, जिसने पूरे सभागार को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। तत्पश्चात छात्राओं ने देशभक्ति, लोकनृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिन पर दर्शकगण तालियों की गड़गड़ाहट से हॉल गुंज उठे। मुख्य अतिथि वेद प्रकाश शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि उच्च और बेहतर शिक्षा प्राप्त कर छात्राएं अपने परिवार और देश का नाम रोशन करें। सरकार 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियानों के माध्यम से महिला शिक्षा को प्रोत्साहित कर रही है। शिक्षा के माध्यम से ही महिलाएं समाज में आत्मनिर्भर बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि अब गांव के नजदीक महाविद्यालय खुलने से छात्राओं की उच्च शिक्षा की राह आसान हुई है, जिससे वे हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकती हैं।

इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक अजय बहादुर सिंह ने छात्राओं से कहा कि वे आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई करें और अनुशासन को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। चेयरमैन पुष्पा सिंह ने कहा कि महिलाओं के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए शिक्षा सबसे बड़ा आधार है। प्राचार्य डॉ. इंद्रेश चौधरी ने कहा कि महाविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। छात्राएं नियमित कक्षाओं में भाग लेकर ज्ञान अर्जन करें। प्रबंधक राजाराम सिंह ने कहा कि महिलाओं को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से ही इस महाविद्यालय की स्थापना की गई है। इस दौरान राघवेंद्र प्रताप सिंह, नीरज कुमार, राजेश पाल, बिकेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्राएं, शिक्षकगण व अभिभावक उपस्थित रहे।

# प्रतापगढ़: पुलिस लाइन में क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज, डीएम-एसपी ने किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जनपद में गुरुवार को पुलिस लाइन में 26वीं अर्न्तजनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष- 2025 का शुभारंभ किया गया। डीएम शिवसहाय अवस्थी व एसपी दीपक भूकर ने इस भव्य प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में प्रयागराज, प्रतापगढ़, कौशाम्बी, फतेहपुर, महोबा, हमीरपुर, बांदा एवं चित्रकूट समेत मण्डल की कुल आठ जिले की पुलिस टीमों ने प्रतिभाग किया है। जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा संयुक्त रूप से प्रतीकात्मक रूप से रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़कर प्रतियोगिता का आगाज किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह का शुभारम्भ राष्ट्रीय गीत एवं ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसके उपरांत जनपद की पुलिस बैंड टीम द्वारा मधुर धुनों की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात प्रयागराज जोन के आठ जिले की पुलिस टीमों ने अनुशासित ढंग से मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने मार्च पास्ट की सलामी ली और प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का आधार है, जो न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक दृढ़ता एवं अनुशासन की भावना को भी विकसित करता है। उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया। वहीं एसपी दीपक भूकर ने कहा कि पुलिस बल का कार्य तनावपूर्ण होता है, ऐसे में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं पुलिसकर्मियों को ऊर्जा, प्रेरणा एवं आपसी एकता का संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है जो पेशेवर जीवन में भी उपयोगी सिद्ध होता है।

## दबंगों ने शराब की दुकान में की तोड़फोड़

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले की कोतवाली देहात थाना इलाके के पृथ्वीगंज बाजार में दबंगई का मामला सामने आया है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना इलाके के पृथ्वीगंज बाजार में बुधवार रात दबंगों ने कंपोजिट शराब की दुकान पर शटर पीटने के साथ-साथ वहां खड़ी दो मोटर साइकिल में भी तोड़फोड़ की और आग लगाने की भी कोशिश की। सारी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना बुधवार देर रात लगभग 12 बजे की है। जब सेल्समैन उमेश यादव निवासी ग्राम भगेसरा सो रहा था तभी दबंग आए और शटर पीटने लगे। शटर न खोलने पर वहां खड़ी सुपर स्प्लेंडर बाइक में तोड़फोड़ किये। इस मामले में जब कोतवाली देहात एसएचओ पुष्पराज सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि लोगों की पहचान कर ली गई है, मुकदमा लिखकर कार्रवाई की जायेगी।

# सीडीओ ने सहकारी समिति के सचिव के विरुद्ध दिया कार्यवाही का निर्देश

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले के विकास खण्ड सदर अंतर्गत सहकारी समिति मझिलहा का गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी डा. दिव्या मिश्रा स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, सचिव दिवाकर मिश्र आदि उपस्थित रहे। प्वाइंट आफ सेल मशीन में दर्शित स्टाक तथा उपलब्ध भौतिक स्टाक में अंतर पाया गया, साथ ही प्वाइंट आफ सेल मशीन के वितरण तथा सम्बन्धित वितरण रजिस्टर का मिलान करने पर भी अंतर पाया गया। सचिव को निर्देशित किया गया कि उर्वरक प्राप्ति के बाद एकनॉलेजमेंट करने के उपरांत ही उर्वरक का वितरण करें। सचिव द्वारा डीएपी का एकनॉलेजमेंट किये बिना ही वितरण किया जाना पाया गया। सचिव को निर्देशित किया गया कि जितने भी समिति के मेंबर हैं, उनको पासबुक जारी कर दिया जाए तथा वितरण रजिस्टर में समिति की सदस्यता का नंबर अवश्य अंकित किया जाय। साथ ही कृषक के गाटों की संख्या व क्षेत्रफल का विवरण भी दर्ज करें। सीडीओ डॉ. दिव्या मिश्रा ने निरीक्षण के दौरान कमियां पाये जाने पर सचिव संदीप कुमार सिंह के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

# दहेज हत्या में पुलिस ने आरोपी पति को भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जनपद के सांगीपुर थाना इलाके के रंगौली डिहवा गांव में बीते अक्टूबर माह में फांसी के फंदे पर लटकी एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी थी। भाई ने सांगीपुर थाने पर तहरीर देते हुए ये आरोप लगाया था कि ससुराल वाले उसकी बहन से लगातार दहेज की मांग कर रहे थे और उसे प्रताड़ित करते थे जिसकी वजह से वो मानसिक रूप से काफी तनाव में थी। विवाह के उपरांत ससुराल वालों द्वारा भैंस एवं अतिरिक्त दहेज की मांग किये जाने पर एक भैंस उपहार स्वरूप भेंट में दिया गया था। उसके बावजूद दहेज की मांग व उत्पीड़न का क्रम जारी रहा। बीते 22 अक्टूबर ससुराल पक्ष से सूचना प्राप्त हुई कि उसकी बहन की फांसी लगाने से मृत्यु हो गई है। जिसके बाद मृतका के भाई की तहरीर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर सांगीपुर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। वृहस्पतिवार को एसआई राजीव कमल पाण्डेय व उनकी पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी राम नारायण मौर्य को थाना सांगीपुर इलाके के डभियार तिराहे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से स्थापित करें नए कीर्तिमान

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

नेबुआ नौरंगिया ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता मंगलवार को मड़ार बिंदवलिया गांव के बरई पट्टी स्थित जूनियर हाईस्कूल खेल मैदान में हुआ। इसमें दस न्याय पंचायतों के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर हौसला बढ़ाया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा कि स्वस्थ समाज निर्माण में शिक्षा के साथ खेल का अलग महत्व है। खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन से नए कीर्तिमान स्थापित किए जा सकते हैं। इससे राष्ट्र का नाम भी विश्व में रोशन करने का अवसर मिलता है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शेषनाथ यादव, संतोष मणि त्रिपाठी, अजय गोविंद राव शिशु आदि मौजूद थे।

# सहालग में बढ़ी मांग...आजमगढ़-जौनपुर से आ रहा मिलावटी पनीर-खोआ

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

त्योहार बाद अब सहालग की वजह से पनीर और खोआ की मांग करीब चार गुना बढ़ गई है। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए धंधेबाज आजमगढ़, जौनपुर, गाजीपुर और वाराणसी से मिलावटी पनीर और खोआ की खेप मंगा रहे हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग ने दीपावली के समय गाजीपुर से मंगाए जा रहे 300 किलो मिलावटी पनीर जब्त कर नष्ट कराया था।

पशुपालन विभाग के डॉ. अमित कुमार सिंह के मुताबिक, देवरिया जिले में रोजाना करीब 35 से 40 हजार लीटर दूध का उत्पादन होता है। इसका अधिकांश उपयोग घरों में चाय के लिए हो जाता है। बच्चों को पिलाने के लिए भी दूध की कमी है, जबकि पनीर और खोआ की आपूर्ति भरपूर है। शायद ही कोई चौराहा हो, जहां पनीर न बिकता हो।

पनीर-खोआ विक्रेता राजेंद्र जायसवाल बताते हैं कि सामान्य दिनों में जहां खोआ की खपत पांच से सात क्विंटल होती है, वहीं अब यह बढ़कर 20 से 25 क्विंटल तक पहुंच गया है। पनीर की डिमांड भी रोजाना 30 से 40 क्विंटल तक पहुंच गया है।

चाय और मिठाई के दुकानदार सुदर्शन ने बताया कि पाउडर और रिफाइंड से तैयार किया गया नकली खोआ 200 से 220 रुपये किलो में थोक में उपलब्ध है, जिसे दुकानदार 300 से 320 रुपये प्रति किलो में बेच देते हैं। यही हाल पनीर का भी है, जो 220 से 230 रुपये किलो में मिल रहा है। जबकि शुद्ध पनीर का बाजार भाव 380 से 400 रुपये प्रति किलो है। कम दाम वाले पनीर में मिलावट की आशंका अधिक रहती है।

### 50 से अधिक नमूने फेल

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के अनुसार, पिछले एक वर्ष में 50 से अधिक पनीर के नमूने जांच में फेल पाए गए हैं। इनमें फैट और मिनरल्स की कमी पाई गई। कुछ नमूनों में क्रीम निकालकर पनीर तैयार किया गया था, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। विभाग ने इस पर कार्रवाई करते हुए कई नमूनों को नष्ट कराया था। इसी तरह खोआ में भी मिलावट की पुष्टि हुई थी। पनीर की असलियत छूकर, देखकर और चखकर पहचानी जा सकती है। असली पनीर चिकना, मुलायम और हल्का दानेदार होता है, जबकि नकली पनीर रबड़ जैसा और चिपचिपा होता है। असली पनीर का रंग हल्का सफेद और खुशबू ताजे दूध जैसी होती है। वहीं नकली पनीर में केमिकल की गंध आती है। घर पर आयोडीन टेस्ट करके भी जांच की जा सकती है, जिसमें नकली पनीर नीला या काला पड़ जाता है।

# मुशायरा, कवि सम्मेलन की अनुमति निरस्त करने की मांग

जन एक्सप्रेस। बस्ती



गुरूवार को राष्ट्रीय बजरंग दल जिलाध्यक्ष मनमोहन त्रिपाठी और अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष स्नेह कुमार ने पदाधिकारियों, सदस्यों के साथ जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपा। मांग किया कि 8 नवम्बर शनिवार को सोनहा थाना क्षेत्र के खम्हरिया गांव में हाजी अख्तर आलम खान द्वारा आयोजित कराये जा रहे आल इण्डिया मुशायरा, कवि सम्मेलन की अनुमति को व्यापक जनहित में निरस्त कराया जाय। डीएम, एसपी को दिये ज्ञापन में कहा गया है कि शनिवार 8 नवम्बर को हाजी अख्तर आलम खान द्वारा आल इण्डिया मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का कार्यक्रम कराया जा रहा है। इसमें विदेश से कवियों, शायरों को बुलाया जा रहा है और यह भी पता चला है कि बंगाल, अफगानिस्तान तथा पकिस्तान से भी कवि, शायर, कलाकारों को बुला कर इसे धार्मिक सम्मलेन का नाम दिया जा रहा है। इसमें सरवर खान व अल्ताफ खान जो छांगुर बाबा का ऐजेंट है उसका भी नाम उनके सम्मेलन में है। जो इस कार्यक्रम को करा रहें है, हाजी अख्तर आलफ खान तौकीर रजा बरेली के हैं। उन सब का इरादा है कि मुसलमान व हिन्दू के बीच विवाद कराया जाय। इस कार्यक्रम की अनुमति एसडीएएम भानपुर के द्वारा बिना जॉच किये दे दिया गया है। अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल ने इस मामले का संज्ञान लेते हुये मांग किया है कि इस मामले में संज्ञान लेकर कार्यक्रम की अनुमति रद्द कराया जाय नही तो अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा विरोध किया जायेगा। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान रमेश शर्मा, विनोद कुमार, सोनू शर्मा, वृजेश, लालचंद, अनिल प्रजापति, विनोद निषाद, शिव दर्शन सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, विश्राम चौधरी, हृदयेश पाण्डेय, वृजेश प्रजापति आदि शामिल रहे।

## वाराणसी से लखनऊ जाने वाली रोडवेज बस के कंडक्टर के साथ जौनपुर जिले के लाइन बाजार थाना अंतर्गत कालीचाबाद में मारपीट

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर रोडवेज बस गाड़ी संख्या क्र7 8यज्ञ1764 के कंडक्टर के साथ पॉलिटेक्निक कॉलेज से बैठे 2 युवकों द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। कंडक्टर के बताया कि जब उन्होंने दोनों युवकों से टिकट बनाने के लिए कहा तो उन लोगों ने बहस कर लिया

बात इतनी बढ़ गई कि दोनों युवकों ने कंडक्टर के साथ मारपीट किया और उनकी मोबाइल और पैसे भी छीन लिया।

कंडक्टर ने बताया कि उन्होंने पुलिस को इस मामले की सूचना दी लेकिन 1 घंटे तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची।

जिससे बस ड्राइवर ने बस को बीच सड़क पर खड़ा करके रोड जाम कर दिया।

# भाजपा नेता ने दी अस्पताल को नई ज़िंदगी, मशीनों से लौटेगी गरीबों की आंखों की रोशनी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



अंतिम सांसें गिन रहे एक अस्पताल को भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञान प्रकाश सिंह ने नई ज़िंदगी दे दी है। उन्होंने सीतापुर आंख अस्पताल को अत्याधुनिक उपकरण मुहैया कराए हैं, जिनसे गरीब और असहाय मरीजों की आंखों की रोशनी लौटेगी।

जो मशीनें अब यहां लगी हैं, वही मशीनें महानगरों के बड़े अस्पतालों में उपयोग होती हैं, जहां इलाज के लिए भारी-भरकम शुल्क लिया जाता है। अब मात्र 30 रुपए में मरीजों को वही उपचार मिलेगा जो बड़े शहरों में हजारों रुपए लेकर किया जाता है।

ज्ञान प्रकाश सिंह द्वारा उपलब्ध कराई गई इन मशीनों की कीमत लगभग 15 लाख रुपए बताई जा रही है। इनमें अप्थाल्मिक चेयर यूनिट, ऑपरेटिंग टेबल, ई-टेस्टिंग चार्ट, ऑटोरेफ्रैक्टोमीटर विद केरेटोमीटर, ए-स्कैन मशीन और बाईपोलर कॉटरी मशीनें शामिल हैं।

सीतापुर आंख अस्पताल के नेत्र सर्जन डॉ. अजय पाण्डेय ने बताया कि इन उपकरणों से अब इलाज की गुणवत्ता और गति दोनों बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता का यह कार्य समाज सेवा का अनुपम उदाहरण है। बीजेपी नेता ने कहा कि जब मेरे कार्यों का लाभ गरीबों और बेसहारों तक पहुंचता है, तब मुझे सच्ची आत्म-संतुष्टि मिलती है। प्रभु ने जो क्षमता दी है, उसका उपयोग जनसेवा में करना ही मेरा धर्म है।

सिटी मजिस्ट्रेट एवं अस्पताल के कोषाध्यक्ष इंद्रनंदन सिंह ने बताया कि जब उन्होंने यह प्रस्ताव रखा, तो ज्ञान प्रकाश सिंह ने तुरंत इसे स्वीकार कर कार्य पूरा कराया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेत्र परीक्षक अमित पाण्डेय ने संचालन किया।

गौरतलब है कि इससे पहले भी ज्ञान प्रकाश सिंह ने लीलावती हॉस्पिटल का जीर्णोद्धार कराया था और जिला अस्पताल में डीलक्स शौचालय भी बनवाया था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जौनपुर जिले में चल रहा अवैध रूप से चल रहा बेसमेंट में हॉस्पिटल

## जिलाधिकारी और सीएमओ के आदेशों का नहीं हो रहा पालन, स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत पर उठे सवाल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर





जौनपुर जिले में सीएमओ के आदेशों के बावजूद अस्पतालों में बिना किसी मानक की पूर्ति किए। बिना वैध अनुमति, बिना रजिस्टर्ड डॉक्टर और बिना उचित मेडिकल लाइसेंस के इलाज किया जा रहा है।

सवाल ये है क्या स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे ये सब कुछ हो रहा है?क्या सीएमओ, सीएमएस और स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारी इस अवैध क्लीनिक से अनजान हैं या सब कुछ मिलीभगत से चल रहा है? 1- जीवनदीप हॉस्पिटल - जौनपुर जिले में गुरैनी बाजार मानी रोड पुलिस बूथ के सामने बेसमेंट में चल रहे हॉस्पिटल से क्या सीएमओ, सीएमएस, और स्थानीय व्यवस्था अधिकारी अंजान है या मिलीभगत से चल रहा है 2- नंद हॉस्पिटल-- कुत्तूपुर बाईपास, शाहगंज रोड 3- भारत चिल्ड्रेन हॉस्पिटल - जौनपुर



जिले बदलापुर क्षेत्र मे इस तथाकथित हॉस्पिटल में बीमा लाइसेंस के नाम पर उपचार किया जा रहा है। पर यदि किसी भी मरीज की जान गई, किसी भी तरह की अनहोनी या लापरवाही हुई। तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सिर्फ इस क्लीनिक के डॉक्टर की नहीं बल्कि पूरा स्वास्थ्य विभाग, सीएमओ, और सीएमएस की भी होगी। क्योंकि जब बिना रजिस्ट्री, बिना जांच और बिना मानक की पूर्ति के अस्पताल खुलेआम चल रहे हैं, तो ये सिर्फ नियमों की धज्जियाँ नहीं, बल्कि लोगों की जिंदगियों से खिलवाड़ है।

# देव दीपावली पर सितारे उतरे जमी पर



■ रामजानकी मंदिर बौलिया घाट और बुढ़वा बाबा पोखरे पर हुआ भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर शाहगंज नगर में देव दीपावली का पर्व इस बार भव्य ढ़ंग से मनाया गया। बुधवार की देर शाम रामजानकी मंदिर बौलिया घाट और बुढ़वा बाबा मंदिर पोखरे पर हजारों दीप जलाकर श्रद्धालुओं ने देव दीपावली मनाया।

रामजानकी मंदिर बौलिया घाट पर महंत बाबा धीरज दास के नेतृत्व में 21 हजार दीप जलाए गए। बौलिया घाट पर मुख्य अतिथि विधायक रमेश सिंह रहें। वहीं विशिष्ट अतिथि पुलिस उपाधीक्षक अजीत सिंह चौहान रहें।

मंदिर महन्त बाबा धीरज दास ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य गंगा-जमुनी संस्कृति की परंपरा को जीवंत रखना और भक्ति भाव से नगर को आलोकित करना है। वहीं नगर के बुढ़वा बाबा मंदिर पोखरे पर अक्षत अग्रहरि के नेतृत्व में 10 हजार दीपों से परिसर को सजाया गया। उन्होंने बताया कि दीपों की रौशनी से पूरा क्षेत्र जगमग करेगा और श्रद्धालु भगवान शंकर की आरती कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। देव दीपावली के अवसर पर दोनों ही स्थानों पर भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं में आयोजन को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। इस मौके पर वीरेन्द्र सिंह बंटी, वेद प्रकाश जायसवाल, मनीष अग्रहरि, देवी प्रसाद पुष्प जीवी, प्रदीप जायसवाल, खुशबू जायसवाल, अनुपमा अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष बने बृजेश कुमार आर्य

जन एक्सप्रेस। बस्ती



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महादेवा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी बृजेश कुमार आर्य को कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र पाल गौतम और प्रदेश अध्यक्ष सांसद तनुज पुनिया ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर बृजेश कुमार आर्य ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है पूरा प्रयास होगा कि उसका निष्ठा से पालन करने के साथ ही उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जाति, दलितों पर हो रहे जुल्म, अत्याचार के मामलों को प्रमुखता से उठाने के साथ ही उन्हें न्याय दिलाया जाय। कहा कि उत्तर प्रदेश में दलितों, गरीबों पर अत्याचार बढे हैं और थाना, तहसील, अस्पतालों में उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसे लेकर जमीनी धरातल पर प्रयास किये जायेंगे।

बृजेश कुमार आर्य को कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी, पूर्व विधायक अम्बिका सिंह, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, देवेंद्र श्रीवास्तव, अनिल भारती, डॉ आलोक रंजन, चंद्रशेखर वर्मा, शोभित चौधरी, वाहिद सिद्दीकी, अमर बहादुर तप्पे शुक्ला, पप्पू चौधरी, बबलू पाण्डेय, राकेश मणि त्रिपाठी, नवीन कन्नौजिया, मुकेश कन्नौजिया, अंकित कुमार, रामकुमार सोनकर, अलीम अख्तर के साथ ही कांग्रेस के अनेक पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## बृहद मानसिक स्वास्थ्य कैंप में हुआ 300 मरीजों का परीक्षण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शाहगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बृहस्पतिवार को बृहद मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। चिकित्सा अधीक्षक डॉ.रफीक फारुकी के अध्यक्षता में आयोजन किया गया। शिविर में आए 300 मरीजों का जिले से आए मनो चिकित्सक डॉ.दिलीप कुमार चौरसिया, श्रीराम प्रकाश पाल, पंकज वर्मा आदि ने मरीजों का परिक्षण किया। जिसमे 50 की संख्या में मरीज मानसिक रोगी के शिकार हुए पाये गये। शिविर में पांच मरीज को मानसिक दिव्यांगता सर्टिफिकेट दिया गया। इस दौरान डॉ.आर बी यादव, अभिषेक रावत, डा. आकांक्षा सिंह, डा आर के वर्मा, डा. जमालुद्दीन खान, डा संजीव यादव, डा. राकेश कुमार, डा. हरिओम मौर्या, डा नीतू शुक्ला समेत फार्मासिस्ट गिरीश चंद्र यादव, जेपी पांडेय, एल टी प्रदीप कुमार सिंह, विशाल राय, कविता, सुरेन्द्र मौर्या, अभिषेक, रामनाथ, रमेश समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहे

# यूपी में छह की मौत, बहन को बचाने की कोशिश की, पर छूट गया हाथ

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर





मिर्जापुर के चुनार रेलवे स्टेशन पर लाइन पार करते समय हुई घटना की प्रत्यक्षदर्शी मृतक अंजू की छोटी बहन ममता ने बताया कि ट्रेन चुनार स्टेशन पर आकर खड़ी हुई। बोगी से तीन नंबर ट्रैक की ओर लगभग 100 महिला, पुरुष और बच्चे उतरे। तभी लोगों को पीछे से अचानक किसी ट्रेन के तेज रफ्तार से आने की आहट हुई।

इसके बाद लोग खड़ी ट्रेन में न चढ़कर इधर उधर भागने लगे। इससे लाइन से गुजर रही ट्रेन की चपेट में कई लोग आ गए। बताया कि बहन अंजू को बचाने के लिए वह उसका हाथ पकड़कर रेलवे ट्रैक से खींच रही थी, लेकिन हाथ छूट गया और उसकी जान चली गई।

### हादसे ने तैयारी की खामियां उजागर कीं

कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान के लिए बुधवार को चुनार रेलवे स्टेशन पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच हुए हादसे ने प्रशासनिक तैयारियों की खामियों को उजागर कर दिया। हजारों की संख्या में पहुंचे यात्रियों के लिए स्टेशन पर सीमित पुलिस बल था। जीआरपी चौकी प्रभारी रमाशंकर यादव के साथ आठ हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल ड्यूटी पर थे।

इसके अलावा एक उपनिरीक्षक और छह आरक्षियों की अतिरिक्त मांग भी की गई थी। स्थानीय आरपीएफ टीम मौजूद रही, लेकिन भीड़ के आगे इंतजाम नाकाफी थे।

### मां की मौत की मिली सूचना, एक घंटे बाद जिंदा होने का पता चला

मिर्जापुर के चुनार रेलवे स्टेशन पर हादसे में सुशीला की मौत होने की सूचना मिलते ही उनका पुत्र हरिश्चंद्र आधार कार्ड लेकर पोस्टमार्टम हाउस के लिए निकलने वाला था। गांव के लोग जुट गए थे। एक घंटे बाद हरिश्चंद्र के पास फोन आया। फोन करने वाले ने सुशीला की बात बेटे हरिश्चंद्र से कराई। मां ने बेटे से कहा कि वह जिंदा है। रेलवे स्टेशन पर है। इसके बाद हरिश्चंद्र रेलवे स्टेशन चुनार पहुंचे। वहां उसे मां सुशीला मिली। उन्हें लेकर घर आया।

मड़िहान थाना क्षेत्र के महुआरी गांव निवासी सुशीला (75) चार दिन पहले राजगढ़ थाना क्षेत्र के खम्हरिया के सतपुरवा मौजा स्थित अपने मायके गई थी। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने के लिए भाई श्याम प्रसाद की पुत्री और पट्टीदारी की अन्य महिलाओं और बालिकाएं जिद करके ले गईं। सुशीला को नहीं पता कि साथ में जा रही बालिकाओं की यह अंतिम यात्रा है।

ट्रेन रुकने पर बच्चे और महिलाएं ट्रेन से उतरकर रेलवे लाइन पार कर रही थीं। बुजुर्ग होने के कारण सुशीला ट्रेन में ही बैठी थीं। तब तक हादसा हो गया। हादसे के बाद वह प्लेटफॉर्म की ओर उतरीं। उधर, उनकी मौत की सूचना दे दी गई। इस दौरान सुशीला ने वहां से एक युवक का मोबाइल लेकर बेटे हरिश्चंद्र को फोन कर सूचना दी। मां के जिंदा होने की सूचना पाकर पुत्र और परिवार में लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई।

### चार साल पहले भी हुआ था हादसा, तीन की गई थी जान

चार साल पहले 17 नवंबर 2021 को मिर्जापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर सुबह छह बजे डाउन रेलवे लाइन पार करते समय झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक महिला व दो पुरुषों की मौत हो गई थी। भदोही के औराई थाना क्षेत्र के उगापुर गांव निवासी घनश्याम गुप्ता की पुत्री किरण की 21 नवंबर 2021 को शादी थी। इसमें शामिल होने के लिए घनश्याम गुप्ता के मामा और बहन के परिवार के आठ सदस्य पाटलीपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन से नागपुर से आए थे।

वहां से मिर्जापुर के लिए निकले थे। 17 नवंबर की सुबह छह बजे सभी प्लेटफॉर्म नंबर दो के पश्चिमी छोर पर पुराने आरपीएफ पोस्ट के पास उतरे। उगापुर से तीन लोग स्कार्पियो चालक बबलू सिंह (45) निवासी कठारी थाना औराई भदोही व घनश्याम के परिवार के राधेश्याम और रवि उन्हें लेने के लिए आए थे। सभी रेलवे ट्रैक पार कर प्लेटफॉर्म नंबर एक के किनारे खड़ी गाड़ी के पास पहुंचे।

इसी दौरान दुर्गा देवी (48) पत्नी नरेश गुप्ता निवासी दुर्गानगर भंडारा रोड थाना पार्टी नागपुर महाराष्ट्र, राजेश गुप्ता (50) पार्टी भवानी फूलपुर नागपुर प्लेटफॉर्म नंबर दो से सामान लेकर उतरे। सामान अधिक होने के कारण स्कार्पियो चालक बबलू आगे बढ़ा। तब तक स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर दो के डाउन ट्रैक पर आ गई। अचानक ट्रेन के आने पर उन्हें हटने का समय नहीं मिला और तीनों की मौत हो गई थी।

### केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने जताया दुख

केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने ट्रेन हादसे पर दुख जताया है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर उन्होंने लिखा है कि संसदीय क्षेत्र में चुनार रेलवे स्टेशन पर हुई हृदय विदारक घटना से मन व्यथित है। जिले के अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्य में जुटे हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। गंगा स्नान के लिए जा रहे छह लोगों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। घटना की जांच होगी। इसमें जिसकी भी लापरवाही सामने आएगी, उस पर कार्रवाई की जाएगी। सरकार मृतकों के परिजनों को आर्थिक मदद देगी।- संजीव कुमार गौड़, राज्यमंत्री। कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान के लिए पहले की भांति सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। हादसा बहुत ही दुखद है। मामले की जांच कराई जाएगी। यदि जीआरपी के स्तर पर लापरवाही पाई गई है तो कार्रवाई की जाएगी। प्रशांत वर्मा, एसपी जीआरपी। यूपी के मिर्जापुर के चुनार रेलवे स्टेशन पर बुधवार की सुबह सवा नौ बजे रेलवे ट्रैक पार करते समय नेताजी एक्सप्रेस (कालका मेल) की चपेट में आने से दो सगी बहनों समेत छह महिलाओं की मौत हो गई। महिलाएं कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने जा रही थीं। चोपन-प्रयागराज पैसेंजर ट्रेन से उतरकर प्लेटफॉर्म नंबर तीन की तरफ रेलवे ट्रैक पार कर रही थीं। इसी बीच ट्रेन आ गई। मरने वाली एक महिला की पहचान नहीं हो सकी। एक सोनभद्र तो चार मिर्जापुर की रहने वाली थीं।

हादसे की सूचना पाकर यूपी सरकार के राज्यमंत्री रवींद्र जायसवाल और डीएम पवन गंगवार मौके पर पहुंचे। राज्यमंत्री ने कहा कि हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। साथ ही सरकार की तरफ से पीड़ित परिजनों को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता का एलान किया गया है। राजगढ़ थाना इलाके के खम्हरिया निवासी दो सगी बहनें शिव कुमारी (17) और साधना (12) अपनी चाची सविता (30) के साथ बुधवार की सुबह कार्तिक पूर्णिमा का स्नान करने के लिए निकली थीं। साथ में सविता की पड़ोसी अंजू (20) भी थीं। परिजनों के मुताबिक, सब चोपन प्रयागराज पैसेंजर ट्रेन में सवार हुईं। इसी ट्रेन में सोनभद्र के कर्मा थाना क्षेत्र के बसवा गांव की कलावती (57) भी थीं। ट्रेन में आसपास के क्षेत्रों से करीब 500 लोग सवार थे। ट्रेन सुबह सवा नौ बजे चुनार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर चार पर खड़ी हुई। यहां ट्रेन से करीब 100 यात्री उतरे। कुछ यात्री प्लेटफॉर्म की तरफ नहीं गए और रेलवे ट्रैक की तरफ उतर गए। रेलवे ट्रैक के सहारे ही यात्री तीन नंबर प्लेटफॉर्म की तरफ जाने का प्रयास करने लगे। इसी बीच कालका मेल (ट्रेन संख्या 12311) आ गई। इससे अफरा-तफरी मच गई और यात्री इधर-उधर भागने लगे लेकिन दो किशोरी सहित छह महिलाएं ट्रेन की चपेट में आ गईं। कुछ यात्रियों ने अलग-अलग प्लेटफॉर्म नंबर पर चढ़कर जान बचाई।

हादसे में दो सगी बहनों और चार महिलाओं के शरीर के चिथड़े उड़ गए। इसकी सूचना मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ के जवान पहुंचे और रेलवे कर्मचारियों की मदद से राहत-बचाव कार्य शुरू किया। डीएम की मौजूदगी में शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी हुई। बाद में शव परिजनों को सौंपे गए।

# शिवहर्ष किसान पी.जी.कालेज नियुक्ति में भ्रष्टाचार का माममें डीएम से कार्यवाही की मांग

जन एक्सप्रेस। बस्ती

कोतवाली थाना क्षेत्र के आवास विकास कालोनी निवासी सदानन्द पाल ने शिवहर्ष किसान पी.जी.कालेज में विभिन्न संवर्गो के पदों पर नियुक्ति मामलों में जिलाधिकारी/ प्राधिकृत नियंत्रक को पत्र देकर प्रकरण में डबल/डिवीजन बेंच में विशेष अपील दाखिल कर प्रभावी पैरवी करने हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रबन्धक को निर्देशित कर शासकीय क्षति से बचाने, योग्य कर्मचारियों की नियमानुसार आयोग से भर्ती का मार्ग प्रशस्त कराने की मांग किया है।

जिलाधिकारी/ प्राधिकृत नियंत्रक को दिये पत्र में अभ्यर्थी सदानन्द पाल ने कहा है कि शिवहर्ष किसान पीजी कॉलेज में विभिन्न संवर्गो के पदों हेतु वर्ष 2013 में भर्ती हेतु विज्ञप्ति जारी हुआ था जिसमें भ्रस्टाचार करते हुए शासनादेशों व नियमों को ताक पर रखकर क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य ने अपने सगे संबंधियों की नियुक्तियां तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर कर ली थी जब कि 2006 से ही चतुर्थ श्रेणी की नियुक्ति आउटसोर्सिंग से भरे जाने हेतु रूष्ट रूप से शासनादेश पारित हुआ था। सदानन्द पाल स्वयं महाविद्यालय में उक्त पदों में एक पद की भर्ती हेतु अभ्यर्थी थे। उक्त पदों की भर्ती में क्षेत्रीय अधिकारी एवं प्राचार्य द्वारा घोर भ्रष्टाचार एवं अनियमितता बरतते हुए मेरिट लिस्ट का दरकिनार करते हुए अपने सगे सम्बन्धियों का भर्ती कर लिये।

पत्र में कहा गया है कि इस सम्बन्ध में तत्कालीन राज्यपाल, मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी सहित इस घोर भ्रष्टाचार मामले में पत्राचार भी हुआ था। तत्त्कालीन विधायक रूधौली संजय प्रताप जायसवाल द्वारा विधानसभा में मामला उठाया गया। इसके परिणाम स्वरूप उच्च स्तरीय जाँच टीम द्वारा उक्त महाविद्यालय की भर्ती / चयन प्रक्रिया की विधिवत् जाँच हुई। इसमें क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी सहित भर्ती / चयन प्रक्रिया में सम्मिलित बहुत लोग सेवा से निलम्बित भी हुए। विश्वस्त सूत्रों द्वारा संज्ञान में लाया गया है कि वर्तमान में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी गोरखपुर डा उदय भान यादव उनके सहायक रविन्द्र यादव व कमलेश यादव जो कि इस प्रकरण में दोषी पाये जाने पर निलम्बित भी हो चुके थे, उनके द्वारा महाविद्यालय प्रशासन से मिलीभगत कर निलम्बित कर्मचारियों द्वारा उच्च न्यायालय ने योजित याचिकाओं में पैरवी बंद कर दी गयी।

जिसके कारण उनके पक्ष में पुनः उच्च शिक्षा अधिकारी गोरखपुर को ही मामले के निस्तारण का आदेश पारित हो गया और उनके बहाली पर करोड़ो रूपये का सरकारी धनराशि हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। यह भी संज्ञान में लाया गया है कि विद्यालय प्रशासन उक्त समय के चयन प्रक्रिया को पत्रावली मेरिट लिस्ट आदि भी गायब कर दिये हैं। उन्होने पूरे मामले की जांच और प्रभावी कार्यवाही की मांग किया है।

## हाथी हड़पने और जान से मारने की धमकी देने पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

जिगना। जिगना पुलिस ने हाथी को हड़पने और उधारी रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। जिगना थाना क्षेत्र के बघेड़ा कला गांव निवासी संदीप कुमार तिवारी ने बताया कि उनके पिता बीमार रहते हैं। एक दूर के रिश्तेदार विंध्याचल थाना क्षेत्र के निफरा गांव निवासी नरेंद्र कुमार उनके पास आता-जाता सेवा करता था।

उसने पिता से हथिनी जयमती का देखरेख करने के लिए कागज पर लिखवा लिया। साथ ही डेढ़ लाख रुपये भी ले लिया। आरोप है कि हाथी का कागजात व पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। कहा कि हाथी के मालिक हम है। उसके पिता से मतलब नहीं है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# फुटकर के साथ ही उर्वरक के थोक विक्रेता के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर





चील्ह में निर्धारित दर से महंगे दाम पर यूरिया और डीएपी बेचने पर जिला कृषि अधिकारी ने डीएम के निर्देश पर दुकानदार शैलेश मौर्य के साथ ही उर्वरक के थोक विक्रेता अजय कुमार एंड कंपनी के खिलाफ चील्ह थाने में तहरीर दी है।

सोमवार को संयुक्त कृषि निदेशक डॉ. अशोक उपाध्याय, उप कृषि निदेशक व जिला कृषि अधिकारी चील्ह स्थित मौर्या खाद और बीज भंडार पर किसान बनकर पहुंच थे।

दुकानदार ने अधिकारियों को निर्धारित दर से महंगे दामों पर 1600 रुपये बोरी डीएपी और 400 रुपये प्रति बोरी यूरिया का दाम बताया। उर्वरक खरीदकर पैसा देने के बाद टीम में शामिल अधिकारियों को देख दुकानदार के होश उड़ गए।

दुकान को सीज कर दिया गया है। जांच में दुकानदार शैलेश मौर्य ने थोक विक्रेता अजय कुमार एंड कंपनी को जिम्मेदार ठहराया है। बताया कि वहीं से उर्वरक महंगे दामों पर दिया जा रहा है।

थानाध्यक्ष रविंद्र भूषण मौर्य ने बताया कि जिला कृषि अधिकारी की ओर से तहरीर मिली है। खाद बिक्री में डीलर की भूमिका की जांच की जा रही है।

# बैंक अपना ऋण-जमा अनुपात 50 फीसदी से ज्यादा करें: डीएम

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति, बैंकर्स समिति तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना से संबंधित समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कोटक महिंद्रा बैंक का सीडी अनुपात रेशियो कम पाए जाने पर सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बैंकों का सीडी अनुपात 50 प्रतिशत से अधिक होना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि बैंकों को जनता का विश्वास बनाए रखना होगा, जो भी ग्राहक केवाईसी के लिए आता है, उसे आवश्यक सुविधाएँ अवश्य प्रदान की जाएं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना राज्य सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी एवं जनहितकारी योजना है। पिछली बैठकों में कुछ बैंकों, विशेषकर पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी बैंक तथा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा उदासीनता के चलते कई आवेदन निरस्त किए गए थे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसी स्थिति दोबारा न हो। उन्होंने कहा कि ÷वित्तीय वर्ष का आधा समय बीत चुका है अतः सभी बैंक अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को इस योजना का लाभ दिलाने हेतु सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएँ ताकि अधिक युवा स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें।÷

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि वर्तमान में प्राप्त 62 प्रतिशत उपलब्धि को बढ़ाकर इस माह के अंत तक 80-90 प्रतिशत तक पहुंचाया जाए। इसी प्रकार एक जनपद एक उत्पाद (ह्वष्ठह्क्क) योजना के लक्ष्यों की भी ठोस रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी कहा कि जिन स्थलों पर लाइब्रेरी स्थापित की जा रही हैं, वहाँ सुरक्षा, स्वच्छता और रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए।

जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पशु किसान क्रेडिट कार्ड योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही पशुपालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, अंडा उत्पादन एवं भेड़ पालन जैसी योजनाओं को लेकर गोष्ठियाँ आयोजित कर किसानों को जागरूक किया जाए ताकि वे इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि आगामी बैठकों में केवल वही बैंक प्रतिनिधि या प्रबंधक उपस्थित रहें, जिन्हें संबंधित योजनाओं एवं बैंक कार्यों की पूरी जानकारी हो, ताकि बैठकें प्रभावी एवं परिणामपरक हो सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, उपायुक्त स्वतः रोजगार राजकुमार लोधी, अग्रणी जिला प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रतिनिधि रामशंकर कठेरिया, उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं बैंक प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## सिटी हॉस्पिटल तिर्वा का लाइसेंस निरस्त

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने बताया कि जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनपद में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं पूर्णतः मानक के अनुरूप और जनहित में संचालित की जाएं। उन्हीं के निर्देशों के क्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सिटी हॉस्पिटल, तिर्वा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई अनियमितताएं तथा चिकित्सकों की अनुपस्थिति पाई गई। मानकों के विपरीत पाई गई व्यवस्थाओं और नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल का पंजीकरण तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि जनपद में किसी भी निजी अस्पताल या नर्सिंग होम में लापरवाही, अनियमितता अथवा बिना योग्य चिकित्सक के संचालन की स्थिति में कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी निजी चिकित्सालयों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित मानकों का पूर्ण पालन करें, अन्यथा उनके विरुद्ध भी इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी।

# कन्नौज की कला, संस्कृति और धरोहरों को संवारने का काम कर रही है भारतीय राष्ट्रीय कला न्यास: असीम अरुण

- न्यास की टीम ने किया जनपद कन्नौज के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



कन्नौज की कला, संस्कृति और धरोहरों को संवारने और संरक्षित करने के उद्देश्य से भारतीय राष्ट्रीय कला न्यास एवं सांस्कृतिक विरासत संगठन, नई दिल्ली की छह सदस्यीय टीम ने जनपद कन्नौज के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। सदर विधायक व समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण की पहल पर कन्नौज आई भारत सरकार की टीम का नेतृत्व हरीश बेंजवाल (वरिष्ठ अनुसंधान सहयोगी, अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर प्रभाग), मिताली विज (परियोजना प्रबंधक, स्थापत्य विरासत प्रभाग) ने किया। टीम ने अपने भ्रमण के दौरान आल्हा-ऊदल किला, मस्जिद मखदूम जहानिया (बावन खंभा मस्जिद), राजा जयचंद्र किला, सुगंध एवं फ्लेवर विकास केन्द्र (एफएफडीसी), कन्नौज संग्रहालय एवं रामा स्मारक, अन्नपूर्णा मंदिर, लाखबहोसी, मेहंदीघाट, आनंद भवन पैलेस तिर्वा सहित अनेक स्थलों का दौरा किया। मंत्री असीम अरुण ने बताया कि निरीक्षण के दौरान टीम ने जनपद की सांस्कृतिक, स्थापत्य एवं धार्मिक विरासत के संरक्षण, सौंदर्यीकरण तथा पर्यटन संभावनाओं को लेकर विस्तृत अध्ययन किया। इस अवसर पर विचित्र वीणा वादक व आल्हा विद्या के जानकार एवं स्थानीय अधिकारियों के साथ संवाद करते हुए टीम ने जनपद की ऐतिहासिक महत्ता, पारंपरिक शिल्पकला एवं इत्र उद्योग की प्राचीनता पर विशेष चर्चा की। इस दौरान टीम ने कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी के साथ अपने अनुभव साझा किए और विरासत संरक्षण व सतत पर्यटन विकास पर उपयोगी सुझाव प्रस्तुत किए। टीम द्वारा बताया कि कन्नौज की ऐतिहासिक धरोहरें न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश की संस्कृति और गौरव का प्रतीक हैं। रिपोर्ट के आधार पर इन स्थलों के संरक्षण, संवर्धन एवं सतत पर्यटन विकास की दिशा में ठोस योजनाएं तैयार की जाएंगी।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि कन्नौज की प्राचीनता, इसकी ऐतिहासिक भव्यता और सांस्कृतिक गरिमा हमारी विरासत की आत्मा है। संस्था के सहयोग से इन धरोहरों के संरक्षण एवं पर्यटन विकास के लिए ठोस पहल की जाएगी, जिससे कन्नौज को वैश्विक पहचान मिले।

# खाद न मिलने पर किसानों ने काटा हंगामा

- सहकारी समिति पर मची रही अफरा तफरी, किसानों का आरोप कई दिन से लगा रहे चक्कर

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



गुरुवार को मोहल्ला रामगंज स्थित किसान सेवा सहकारी समिति पर डीएपी खाद को लेकर किसानों ने जमकर हंगामा काटा। सचिव से तीखी नोंकझोंक हुई। किसानों का आरोप है कि कई दिन से चक्कर लगा रहे हैं लेकिन खाद नहीं मिल रही है। भरपूर खाद होने का दावा करने वाले प्रशासन की पोल मोहल्ला रामगंज स्थित किसान सेवा सहकारी समिति पर किसानों की भीड़ देखने पर खुलती नजर आ रही है। किसान खाद के लिए परेशान है। गुरुवार को केंद्र पर खाद के लिए किसानों की भारी भीड़ लगी रही। कई दिनों से चक्कर लगा रहे किसानों को डीएपी खाद न मिलने पर उन्होंने जमकर हंगामा काटा। ग्राम भवनियापुर निवासी सर्वेश कुमार धनीधरपूर्वा निवासी भुवनेश्वर दयाल रसूलपुर निवासी श्याम किशोर पनगवा के संतराम वहेलियनपुरवा के फूल सिंह कुडरी पुरवा के सुधांशु ने बताया कि आलू की फसल खेत में खड़ी है जिसके लिए डीएपी खाद की जरूरत है। केंद्र पर 5-6 दिन से चक्कर लगा रहे हैं लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल रही है। किसानों का आरोप है कि समिति पर अपने चहेतों को खाद दी जा रही है।

काफी मिन्नत के बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल रही है जिससे खेत में खड़ी फसल आलू की खराब हो रही है। किसानों का आरोप है कि उनसे अधिक दाम भी वसूले जा रहे हैं। सचिव रामनरेश द्विवेदी ने बताया कि केंद्र पर 700 बोरी डीएपी खाद मौजूद है किसान एक साथ आ रहे हैं जिसकी वजह से खाद बांटने में समस्या हो रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी को खाद मिलेगी।

# वंदे मातरम्' गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विविध कार्यक्रम होंगे

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार 'वंदे मातरम्' गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद कन्नौज में वर्षभर विविध सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि 'वंदे मातरम्' गीत, जिसे स्व. बंकिम चन्द्र चटर्जी ने वर्ष 1875 में रचा था, हमारे राष्ट्रीय गौरव, एकता और स्वाभिमान का प्रतीक है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान इस गीत ने देशवासियों में देशभक्ति की चेतना जागृत की। उन्होंने बताया कि संस्कृति मंत्रालय द्वारा अनुमोदित कार्यक्रमों के तहत यह आयोजन 07 नवम्बर से अगले वर्ष 07 नवम्बर तक चार चरणों में सम्पन्न होंगे। प्रथम चरण 07 से 14 नवम्बर 2025 तक मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत जनपद के सभी विद्यालयों में प्रातः 10ः00 बजे 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन एवं परिचर्चा आयोजित की जाएगी। साथ ही रैली, प्रभात फेरी, निबंध, भाषण, काव्यपाठ एवं रंगोली जैसी देशभक्ति प्रतियोगिताएं भी होंगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि इस अवसर पर शहीद स्मारकों, पुलिस एवं पी.ए.सी. बैंड द्वारा 'वंदे मातरम्' ध्वनि वादन तथा संस्कृति विभाग द्वारा विषय आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रदर्शनी आयोजित की जाएं। सभी विभाग अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करें तथा कार्यक्रमों की जानकारी द्धहहृश्वह्य~//ष्द्धह्यहृद्धह्- डुह्यद्द1द्गठ्ठहृह्य.द्धठ्ठ पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा, एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। इसके माध्यम से नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की भावना और अधिक सशक्त होगी।

## विकास कार्यों में तेज़ी लायें अधिकारी: प्रीति वर्मा

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

हरख। बृहस्पतिवार को विकास खंड हरख कार्यालय में बीडीओ प्रीति वर्मा की अध्यक्षता में साप्ताहिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में खंड विकास अधिकारी प्रीति वर्मा ने विकास कार्यों में प्रगति लाने के साथ सरकारी योजना का लाभ ग्रामीणों को पंचायत भवन के माध्यम से देने की बात कही है। फार्मर रजिस्ट्री व फैमिली आईडी के साथ ई केवाईसी में तेजी लाने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री आवास कार्य में ज्यादा तेज़ी लाने पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से सहायक खंड विकास अधिकारी आलोक सिंह,प्रभारी सहायक खंड विकास अधिकारी पंचायत बृजेश कुमार, जेई करनपाल सिंह, एडीओ एग्रीकल्चर सुरेंद्र कुमार, सचिन नवीन राय, कृष्ण कुमार सिंह, अक्षिता अस्थाना, बिना, आकाश पटेल, कंचन मिश्रा, नवीन कुमार, प्रदुमन कुमार, अमित कुमार, दिनेश कुमार पटेल ,संस्कृति भटनागर, कोमल, बलविन्द्र, टीए आफताब आलम, अभिनव तिवारी, केडी यादव, आरपी सिंह, प्रदीप यादव आदि उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक ने एक्सिस बैंक शाखा का किया उद्घाटन



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

गुरसहायगंज। फर्रुखाबाद रोड स्थित ग्राम खाड़ेदेवर में गुरुवार को एक्सिस बैंक शाखा का भव्य उद्घाटन पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी द्वारा फीता काटकर किया गया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश एवं नागरिकों के विकास में बैंकों की भूमिका बेहद अहम है। अब ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी आसानी से बैंकिंग सेवाएं मिल सकेंगी। पूर्व विधायक ने आगे कहा कि बिना बैंक सहयोग के कोई भी व्यापार या व्यवसाय सफल नहीं हो सकता। बैंक से सहायता लेकर कोई भी व्यक्ति सफलता की ऊँचाइयों तक पहुँच सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान सरकार व्यापारियों व आम जनता की मूलभूत आवश्यकताओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रही है। कार्यक्रम के दौरान शाखा प्रबंधक समीर खान के नेतृत्व में टीम डिप्टी मैनेजर चांद मिश्रा, डिप्टी मैनेजर हृदेश कुमार, और ऑफिसर सेल्स अर्पिता ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस मौके पर प्रमुख अतिथियों में ब्लॉक प्रमुख राशिद जमाल सिद्दीकी, भाजपा नेता राजीव ठाकुर, किसान नेता इरशाद अली, समाजसेवी सैयद अहमद उसै, जिला अध्यक्ष मकबूल खान, पूर्व सभासद नफीस खान, ध्यानेंद्र सिंह, एडवोकेट शादाब हुसैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### खाटू श्याम महोत्सव में आयोजित हुई भजन संध्या

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के दशहरा बाग मैदान में देर रात खाटू श्याम भजनोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दूर दराज आए भजन गायको ने श्याम भजन को सुनाकर पंडाल में मौजूद सैकड़ो लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। सुबह हवन पूजन के उपरांत कार्यक्रम का समापन कर दिया गया। कार्यक्रम के आयोजक श्री खाटू श्याम परिवार हैदरगढ़ के संरक्षक डॉ. विष्णु कुमार सोनी ने ऐसी व्यवस्था की थी कि लोग तारीफों के पुल बांधने को मजबूर हो गये। एडवोकेट जय कुमार सोनी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की तैयारी काफी दिनो से की जा रही थी। भजन संध्या में समा बांधने के लिये कानपुर से प्रख्यात भजन गायक अभिषेक शुक्ला, व ग्वालियर मध्यप्रदेश से मनोज शर्मा व दिल्ली की मशहूर भजन गायिका अंजना आर्या ने कार्यक्रम मे चार चांद लगा दिये तो वहीं लखनऊ के स्टार कहें तो कम नहीं होगा, लखनऊ के विनय मिश्रा अपनी मनमोहक आवाज से भक्तों को रोमांचित कर दिया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज दीक्षित, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजू त्रिवेदी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजेश प्रताप सिंह, चेयरमैन आलोक तिवारी, सूरज दीक्षित, राजकुमार सोनी राजू भैय्या, प्रधान नीरज सिंह, लाला लक्ष्मी नारायण साहू, कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैय्या, धर्मेंद्र मिश्रा किंकर, बृजेश प्रताप सिंह, समेत हजारों की संख्या मे लोग मौजूद रहे।

### महादेवा मेला पर अवकाश 17 को

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के जारी एक आदेश में प्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोधेष्वर महादेवा में होने वाले अगहनी मेला के उपलक्ष्य में आगामी 17 नवंबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। बताते चलें कि पूर्व में यह अवकाश 18 नवंबर को घोषित किया गया था, जिसके क्रम में जिलाधिकारी के आदेशानुसार 18 नवंबर को परिवर्तित कर महादेवा मेला को लेकर स्थानीय अवकाश 17 नवंबर को घोषित किया गया है। अगहनी मेले में महादेवा महोत्सव का आयोजन किया जाता है जिसमे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, देश-विदेश प्रदेश के नामचीन कलाकार कार्यक्रम में सम्मिलित होते हैं।

### देवाधिदेव शंकर जी की भव्य प्राण प्रतिष्ठा

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** कस्बा सिद्धौर में गुरुवार को चेयरमैन रमन्ता रावत व लल्लू रावत ने पूरे मक्का मे मंदिर निर्माण कराकर भगवान शंकर की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मन्त्रों के बीच संपन्न कराई प्रतिमा को पवित्र सरयू नदी के जल दूध से स्नान व शहद चंदन का लेप कराकर नवीन वस्त्र पहनाकर पंडित संतोष शुक्ला ने प्राण प्रतिष्ठा कराया शिवलिंग व मूर्तियों की शोभा यात्रा निकाल कर डीजे व रंग गुलाल उड़ाते हुए सिद्धेष्वर मंदिर ले जाकर पूजा अर्चना कराई हर हर महादेव के उद्घघोष से पूरा वातावरण भक्ति में हो गया चैकी इंचार्ज रामप्रकाश मिश्र पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था देख रहे थे इस पावन अवसर के साक्षी बनने के लिए कस्बे व क्षेत्र से आए सैकड़ो श्रद्धालु और प्रवीण सिंह रामकुमार मिश्र सत्यनाम सिंह डॉ राजेंद्र वर्मा प्रमोद वर्मा अम्वरीश रावत हनुमान वर्मा अजय वर्मा रामराज संदीप पांडे राम प्रसाद ई ओ आशुतोष त्रिपाठी सहित काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### लक्ष्य के अनुरुप हो फार्मर रजिस्ट्री कार्य: प्रीति सिंह

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** फार्मर रजिस्ट्रीकरण में तेजी लाने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा के संयोजन में हुई इस बैठक में खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान और उचित दर विक्रेता शामिल हुए। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रधानों को निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूरा किया जाए। उन्होंने इस कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया। बैठक में बताया गया कि आठ नवंबर से उचित दर विक्रेताओं द्वारा खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। इस दौरान ग्राम प्रधान, लेखपाल, राजस्व निरीक्षक और उचित दर विक्रेता मिलकर उन किसानों की केवाईसी और फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण कराएंगे, जिनकी प्रक्रिया अभी लंबित है। तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा और खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता ने भी सभी से इस कार्य को युद्धस्तर पर शीघ्रता से पूरा करने का आह्वान किया। बैठक में नायब तहसीलदार दिनेश पांडेय, प्रेमचंद रामसागर यादव, रियाज मसूद, सुनील कुमार बाजपेयी सहित उचित दर विक्रेता आदि उपस्थित रहे।

# बन्दरो के आतंक की चपेट में कन्नौज, डीएम ने ईओ को व्यवस्था करने को कहा

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**




कन्नौज में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है, जिससे स्थानीय लोग और राहगीर परेशान हैं।

कलक्ट्रेट परिसर, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर बंदरों की धमाचौकड़ी से स्कूली बच्चों को विशेष रूप से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन बंदरों को पकड़ने के लिए अब तक कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए हैं।

बंदरों के झुंड राहगीरों का पर्स छीन लेते हैं और बच्चों को दौड़ाकर गिरा भी देते हैं। यदि कोई एक बंदर को भगाने की कोशिश करता है, तो पूरा झुंड उस पर हमला कर देता है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और कलक्ट्रेट परिसर में इनका आतंक सबसे अधिक है, जहां दिन-रात बंदरों का जमावड़ा रहता है। इससे कलक्ट्रेट आने वाले फरियादियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कलक्ट्रेट परिसर के पास शिवाजी नगर मोहल्ले में कई स्कूल, कॉलेज और कोचिंग सेंटर स्थित हैं। यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं अक्सर कलक्ट्रेट परिसर से होकर ही अपने घरों और स्कूलों तक आते-जाते हैं। बंदरों का झुंड उन्हें रास्ते में परेशान करता है, जिससे बच्चे डरकर एक जगह रुक जाते हैं। बंदरों के हटने के बाद ही वे आगे बढ़ पाते हैं, जिसके कारण अक्सर उन्हें स्कूल या घर पहुंचने में देरी हो जाती है। शिवाजी नगर मोहल्ले के निवासी गोविंद ने बताया कि उन्होंने कभी भी संबंधित विभाग को बंदरों को पकड़ने का प्रयास करते नहीं देखा। उन्होंने कई बार अधिकारियों से इसकी शिकायत की है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि अधिकारी अपनी गाड़ियों में निकल जाते हैं, लेकिन पैदल आने-जाने वाले लोगों के थैले और अन्य सामान अक्सर बंदर छीन लेते हैं, जिससे उन्हें नुकसान होता है। दो दिन पहले जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को बंदरो को पकड़वाने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था। ईओ ने इस बारे में बन्दर पकड़वाने के लिए मथुरा सम्पर्क भी किया था। बताया जाता है कि बन्दर पकड़ने वाली टीम मथुरा से ही आती है और बन्दरो को पकड़कर दूर ले जाकर छोड़ देती है।

# कार की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत घर जाते समय हुआ हादसा, परिवार में मातम

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में घर जा रहे साइकिल सवार दो युवकों को मोहान मार्ग पर कार ने टक्कर मार दी। एंबुलेंस ने घायल युवकों को सीएचसी पहुंचाया। एक युवक को गंभीर हालत के चलते चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मकूर गांव निवासी मीनू 35 पुत्र रामऔतार और उसका साथी ओम प्रकाश 30 पुत्र कल्लू बुधवार रात को एक साइकिल से घर वापस जा रहे थे। इस दौरान अजगैन मोहान मार्ग पर अमर भट्ठा के पास पीछे से आई कार ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने मीनू को गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मृतक की बेटी गुड़िया समेत अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज। सोहरामऊ थाना क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव गणेश खेड़ा मजरा जैतीपुर निवासी संजय 35 पुत्र जगदीश गुरुवार सुबह शौच के लिये रेलवे लाइन की तरफ गया था। रेलवे लाइन पार करने के दौरान किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

## हौसला प्रसाद बने भाकियू के नये जिलाध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

जैदपुर। भारतीय किसान यूनियन चैधरी महेंद्र सिंह टिकैत गुट का नया जिला अध्यक्ष हौसला प्रसाद को बनाया गया है। लंबे समय से संगठन के साथ काम करने वाले कोठी थाना क्षेत्र के हिम्मतपुर गाँव निवासी जिला पंचायत सदस्य हौसला प्रसाद को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर उनका जोरदार स्वागत जैदपुर कस्बे में पानी टँकी के पास किया गया। जिसमें तहसील अध्यक्ष शिवनारायण सिंह वर्मा,किसान नेता नितेश शुक्ला, बृजेश वर्मा, जाकिर हुसैन, राम मदन, रामतीरथ व ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद कुमार आदि ने माला पहनकर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। इस मौके पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हौसला प्रसाद ने कहा कि किसानों व आम जनता की हर समस्या के लिए भारतीय किसान यूनियन आज भी उनके साथ खड़ी हुई है।

# मुख्यमंत्री योगी की जनसभा 11 नवंबर को, तैयारियां जोरों पर

- सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर आयोजित रन फॉर यूनिटी जनसभा को सीएम करेंगे संबोधित

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



फतेहपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरदार पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित रन फॉर यूनिटी की समापन जनसभा को संबोधित करेंगे।यह जनसभा आगामी 11 नवंबर को फतेहपुर-भगौली मार्ग स्थित झांसा पुरवा गांव के मैदान में आयोजित होगी। सीएम के आगमन को लेकर भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। गुरुवार को विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने जिला प्रशासन के अधिकारियों संग जनसभा स्थल का मुआयना किया। सुरक्षा बंदोबस्त, पार्किंग, यातायात नियंत्रण, रूट डायवर्जन, हैलीपैड निर्माण सहित तमाम पहलुओं पर विचार विमर्श करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला अधिकारी शशांक त्रिपाठी,पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, सीडीओ अ.सूदन, एडीएम निरंकार सिंह सहित सभी विभागों के आलाधिकारी मौजूद रहे।

### जनसभा को लेकर बैठकों का दौर जारी

सीएम योगी की प्रस्तावित जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कार्यकर्ताओं संग मंडलवार कई बैठकें की।बेलहरा मंडल की बैठक क्षेत्र के निजी पीजी कॉलेज में संपन्न हुई, जिसमें विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने शक्तिकेंद्र स्तर के कार्यकर्ताओं को भीड़ जुटाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश। समर्थकों को जनसभा स्थल तक लाने हेतु वाहनों की व्यवस्था पर विचार विमर्श किया। फतेहपुर मंडल की बैठक एक निजी मैरिज लॉन में आयोजित की गई। दिनभर चली बैठकों में विधायक ने जनसभा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं जिम्मेदारियां सौंपी। इस अवसर पर विजय आनंद बाजपेई, करुणा शंकर शुक्ला, विपिन सिंह राठौर, रंगनाथ त्रिपाठी, राम चंद्र वर्मा, देश राज वर्मा, बाबा हेमंत दास, रंजीत लोधी, अंजू चंद्रा, सतीश वर्मा, संजय सिंह, सुभाष जायसवाल, सुधीर सिंह, रिंकू वर्मा, राजकुमार मिश्रा, अंशुमान मिश्रा, सुनील सोनी, मुकेश सोनी, शिवम् वर्मा, संतोषी रावत सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रत्यंचा चढ़ाते ही टूटा शिव धनुष मिथिला में श्रीराम की जयजयकार

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

सूरतगंज। ब्लॉक सूरतगंज इलाके के कल्लूसिंह पुरवा गांव में ब्रह्मचारी बाबा के स्थान पर बुधवार रात धनुष यज्ञ महोत्सव का समापन हुआ। इस अवसर पर धनुष भंग लीला, राम कलेवा सहित विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। महोत्सव के अंतिम दिन भगवान श्रीराम और लक्ष्मण की ऐतिहासिक लीला का मंचन किया गया। लीला में दिखाया गया कि भगवान श्रीराम और लक्ष्मण पुष्प वाटिका में पुष्प लेने गए, जहां माता सीता भी फूल चुनने आईं हैं, तभी लक्ष्मण ने श्रीराम से पूछा, भैया, यह कौन हैं? जिस पर श्रीराम ने उत्तर दिया, यह राजा जनक की पुत्री सीता हैं। जिसके बाद कथा में राजा जनक द्वारा सीता स्वयंवर की घोषणा की गई। राजा जनक ने कहा कि जो भी शिव धनुष को तोड़ेगा, वही सीता से विवाह का अधिकारी होगा। कई राजाओं ने प्रयास किया, किंतु कोई भी धनुष को हिला तक नहीं सका। यह देखकर राजा जनक दुखी हो उठे और बोले, क्या इस धरती पर कोई वीर नहीं बचा जो शिव धनुष को उठा सके? राजा जनक के वचन सुनकर लक्ष्मण क्रोधित हो उठे और बोले, यदि गुरु विश्वामित्र और बड़े भैया श्रीराम की आज्ञा हो, तो मैं इस धनुष को ही नहीं, पूरे ब्रह्मांड को गेंद की तरह उछाल दूं। श्रीराम ने उन्हें शांत किया और गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्रीराम शिव धनुष की ओर बढ़े। सभा में उपस्थित सभी राजाओं ने श्रीराम का उपहास उड़ाया, परंतु भगवान श्रीराम ने सहजता से धनुष उठाकर क्षणभर में उसे भंग कर दिया।

# बिहार में पहले चरण में 64.46 फीसदी मतदान



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

बिहार में विधानसभा चुनाव के तहत पहले चरण का मतदान खत्म हो गया है।अब तक 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर 64.46 फीसदी मतदान हुआ है। पहले चरण के मतदान में कुल 1314 उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें 1192 पुरुष और 122 महिलाएं शामिल हैं। पहले चरण की 102 सीटें सामान्य वर्ग के लिए हैं, जबकि 19 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित थी। इस चरण में कुल 3 करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए आयोग ने साधन उपलब्ध कराए थे। इनमें 1 करोड़ 98 लाख 35 हजार 325 पुरुष, 1 करोड़ 76 लाख 77 हजार 219 महिलाएं, और 758 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल थे।

### राघोपुर विधानसभा

राघोपुर विधानसभा से पूर्व डिप्टी सीएम और लालू प्रसाद यादव के छोटे बेटे तेजस्वी यादव राजद से उम्मीदवार हैं। महागठबंधन ने इस बार तेजस्वी को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया है। तेजस्वी ने अपने चुनावी करियर की शुरुआत इसी सीट से की थी। 2015 और 2020 में वह इस सीट से जीत चके हैं। भाजपा ने यहां से पिछली बार के उम्मीदवार सतीश कुमार को टिकट दिया है। सतीश कुमार ने 2010 में जदयू के टिकट पर तेजस्वी यादव की मां और राजद की उम्मीदवार राबड़ी देवी को हराया था। जनसुराज ने चंचल कुमार को यहां मैदान में उतारा है।

### राजद एमएलसी और डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के बीच भिड़ंत

लखीसराय में डिप्टी सीएम विजय सिन्हा और राजद एमएलसी के बीच तकरार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें दोनों नेता एक दूसरे पर आरोप लगाते नजर आ रहे हैं। विजय सिन्हा में कहा कि राजद एमएलसी ने शराब पी ली है। इसीलिए ऐसा कर रहे हैं। वहीं एमएलसी अजय कुमार सिंह ने कहा कि रात में इनको पैसा बांटने नहीं दिया गया। इसीलिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके लोगों ने हमारी गाड़ी रोकी और गुंडागर्दी पर उतर आए। वह चुनाव हार गए इसलिए बौखला गए हैं। विजय सिन्हा का चैप्टर बंद हो चुका है। उन पर हमला नहीं हुआ। वो कई दिनों से ये नाटक रचने का प्रयास कर रहे थे।

### वोटिंग से जुड़ी बड़ी बातें...

- **छपरा में 150 वोटर के नाम लिस्ट से गायब:** छपरा विधानसभा के ब्रह्मपुर मोहल्ले के 150 लोगों का नाम वोटर लिस्ट से गायब है। इसे लेकर लोगों में आक्रोश हैं। वोटर्स इसे साजिश बता रहे हैं।
- **पहले फेज में 10 हॉट सीट:** जिसमें तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव, सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, अनंत सिंह समेत कई बड़े चेहरों की साख दांव पर है।
- **संवेदनशील बूथों पर 5 बजे तक वोटिंग:** सिमरी बख्तियारपुर, महिषी, तारापुर (मुंगेर जिला) और जमालपुर में सुरक्षा कारणों से मतदान शाम 5 बजे तक हुआ।
- **पीठासीन अधिकारी की तबीयत बिगड़ी:** फतुहा विधानसभा के हाजीपुर गांव स्थित बूथ संख्या 254 पर तैनात पीठासीन अधिकारी की तबीयत खराब हो गई है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
- **हिरासत में 4 बीजेपी कार्यकर्ता:** बहारशरीफ में मतदान के दौरान पुलिस ने 4 बीजेपी कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि ये लोग वार्ड 16 में बूथ संख्या 226 से 232 के पास पर्ची बांट रहे थे।
- **वोटिंग देखने 7 देशों से 16 डेलिगेशन टीम पहुंचीं:** वोटिंग प्रोसेस देखने के लिए 7 देशों से 16 डेलिगेट्स की टीम बिहार पहुंची है। इनमें इंडोनेशिया, कोलंबिया, फिलीपींस, फ्रांस, बेल्जियम, दक्षिण अफ्रीका और थाईलैंड के प्रतिनिधि आए हैं।

### अब तक कहा कितना हुआ मतदान

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में शाम पांच बजे तक 63.18 प्रतिशत मतदान हुआ। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण में 6 नवंबर को शाम 5 बजे तक औसतन 60.18 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लिया। मधेपुरा में 65.74 प्रतिशत, सहरसा में 62.65प्रतिशत, दरभंगा में 58.38प्रतिशत, मुजफ्फरपुर में 65.23प्रतिशत, गोपालगंज में 64.96प्रतिशत, सीवान में 57.41प्रतिशत, सारण में 60.90प्रतिशत, वैशाली में 59.45प्रतिशत, समस्तीपुर में 66.65प्रतिशत, बेगूसराय में सर्वाधिक 67.32प्रतिशत, खगड़िया में 60.65प्रतिशत, मुंगेर में 54.90प्रतिशत, लखीसराय में 62.76प्रतिशत, शेखपुरा में न्यूनतम 52.36प्रतिशत, नालंदा में 57.58प्रतिशत, पटना में 55.02प्रतिशत, भोजपुर में 53.24प्रतिशत और बक्सर में 55.10प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सबसे अधिक बेगूसराय में और सबसे कम पटना में मतदान हुआ।

### पूर्व मंत्री शैलेश कुमार ने लगाए गंभीर आरोप

मुंगेर विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण के चुनाव के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री शैलेश कुमार ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जमालपुर के जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार के घर पुलिस पहुंची, उनके साथ मारपीट कर थाने ले गई। शैलेश कुमार का आरोप है कि पुलिस ने उनके कई समर्थकों को बिना किसी कारण हिरासत में लिया और दुर्व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई राजनीतिक दबाव में की जा रही है ताकि उनके चुनाव अभियान को कमजोर किया जा सके। पूर्व मंत्री ने जिला प्रशासन से इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं जिले की तारापुर, जमालपुर और मुंगेर विधानसभा सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण और सामान्य रूप से जारी है।

### बुर्का हटाने कहा तो हुआ जमकर विरोध

सीवान के गोरेयाकोठी विधानसभा क्षेत्र के लकड़ी नवीगंज प्रखंड स्थित बूथ संख्या 349 और 350 लकड़ी मकतब पर भाजपा प्रत्याशी देवेशकांत सिंह के पहुंचने पर विवाद हो गया। आरोप है कि उन्होंने वहां मौजूद मुस्लिम महिला मतदाताओं से बुर्का हटाने को कहा, जिसके बाद स्थानीय वोटरों ने कड़ा विरोध जताया। मौके पर हंगामा बढ़ने पर लोगों ने फ्रवोट चोर गद्दी छोड़ोफ्र के नारे लगाए। स्थिति को संभालने के लिए प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा। इसके बाद जाकर मामला शांत हुआ। प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने अपने परिवार के साथ दीघा विधानसभा क्षेत्र 181, समनपुरा स्थित सामुदायिक भवन, मेहंदी नगर में मतदान किया। इस दौरान उनके पुत्र सैय्यद शान अहमद ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद पहली बार मतदान किया। सैयद शमायल अहमद ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव का यह पहला चरण लोकतंत्र का महापर्व है, जिसे जनता पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ मना रही है। उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्य का पालन करना एक जिम्मेदार नागरिक की पहचान है। उन्होंने राज्यवासियों से अपील की कि सभी लोग घरों से निकलकर मतदान करें और बिहार को मजबूत लोकतंत्र की दिशा में आगे बढ़ाएं।

## देश में वायु प्रदूषण रोकने सुप्रीम कोर्ट में याचिका

- दावा: दिल्ली में 22 लाख बच्चों के फेफड़े खराब, प्रदूषण को जनस्वास्थ्य आपातकाल घोषित करें

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारत भर में बढ़ते वायु प्रदूषण को रोकने की मांग करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका ल्यूक क्रिस्टोफर काउंटिन्हो ने दायर की है। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया अभियान के वेलनेस दूत रहे हैं। क्रिस्टोफर का कहना है कि देश में वायु प्रदूषण का स्तर जनस्वास्थ्य आपातकाल के अनुपात में पहुंच गया है, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। याचिका में यह भी कहा गया है कि अकेले दिल्ली में करीब 22 लाख स्कूली बच्चों के फेफड़ों को इतना नुकसान हो चुका है कि उनकी रिकवरी मुश्किल है। इसकी पुष्टि सरकारी और चिकित्सकीय अध्ययन से भी हुई है।

### याचिका में किए गए दावे

नीतियां बनने के बावजूद, ग्रामीण और शहरी भारत के बड़े हिस्से में हवा की गुणवत्ता लगातार खराब बनी हुई है। कई मामलों में तो और भी बदतर है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु में पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे प्रदूषक सीमाओं से ज्यादा हैं। पीएम 2.5 का वार्षिक औसत 40 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और पीएम 10 के लिए 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है। इसके उलट दिल्ली में पीएम 2.5 का स्तर लगभग 105 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर, कोलकाता में लगभग 33 और लखनऊ में लगभग 90 दर्ज किया गया है, जो भारतीय मानकों का उल्लंघन है। वायु अधिनियम 1981 और संबंधित कानूनों के तहत नियामक व्यवस्था लगातार कमजोर होती जा रही है। 2019 में दिल्ली में वायु अधिनियम के तहत एक भी आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया गया, जबकि यह दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक है।

### दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 278 पर, शाम तक और बिगड़ेंगे हालात

गुरुवार की सुबह दिल्ली में धुंध छाई रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक 278 पर रहा, जो खराब श्रेणी में आता है। शाम तक इसके बहुत खराब स्तर पर पहुंचने की संभावना है। वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली ने स्थिति और बिगड़ने की आशंका जताई है। 6 से 8 नवंबर के बीच प्रदूषण का स्तर बहुत खराब श्रेणी में पहुंच सकता है।

### केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के वर्गीकरण के अनुसार

- 0 से 50 के बीच का एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक,101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

जीआरएपी (ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान) को हवा की गुणवत्ता गंभीर होने पर आपात स्थिति में राहत देने के लिए बनाया गया था, लेकिन इसे लागू करने में अक्सर देरी होती है, जब तक वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में नहीं पहुंच जाती। धुंध स्प्रेयर, एंटी-स्मॉग गन और कृत्रिम वर्षा जैसे उपाय भरोसा तो दिलाते हैं, लेकिन बहुत कम मददगार हैं।

### इलाके में कुहासा छिड़काव प्रणाली लगाई जाएगी

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि दिल्ली के सबसे प्रदूषित इलाकों में से एक आनंद विहार में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए कुहासा छिड़काव प्रणाली (मिस्ट स्प्रेइंग सिस्टम) लगाई जाएगी। आनंद विहार शहर का चौथा सबसे अधिक प्रदूषण वाला इलाका है, जहां पीडब्ल्यूडी यह प्रणाली लगाने जा रहा है। इससे पहले नरेला, बवाना और जहांगीरपुरी इलाकों में भी यह परियोजना शुरू की जा चुकी है। यह प्रणाली 2000 लीटर प्रति घंटे की कुल क्षमता वाले आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) पानी का छिड़काव सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक और दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक करेगी। इसकी लागत 4 करोड़ रुपये है, जिसमें पांच साल तक संचालन और रखरखाव शामिल है।

## सुरेश रैना और शिखर धवन पर ईडी का शिकंजा





जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन की मुश्किल बढ़ गई हैं। गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सट्टेबाजी एप केस में कार्रवाई करते हुए दोनों की 11.14 करोड़ की संपत्ति कुर्क कर ली। सूत्र ने बताया कि ऑनलाइन सट्टेबाजी साइट 1×Bet के खिलाफ मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत धवन की 4.5 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति और रैना के 6.64 करोड़ रुपये के म्यूचुअल फंड को कुर्क करने का अनंतिम आदेश जारी किया गया है।

### करोड़ों की ठगी का आरोप

पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन से हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय ने पूछताछ की थी। इस दौरान दोनों के बयान दर्ज किए गए थे। बता दें कि, ईडी इस समय कई ऐसे मामलों की जांच कर रही है, जो अवैध बेटिंग एप्स से जुड़े हैं। एजेंसी का मानना है कि इस तरह के बेटिंग एप्स न केवल अवैध हैं, बल्कि इनके जरिए बड़े पैमाने पर धन शोधन की गतिविधियां भी होती हैं। इन एप्स पर आरोप है कि इन्होंने लाखों लोगों और निवेशकों को करोड़ों रुपये का चूना लगाया है या फिर भारी मात्रा में टैक्स की चोरी की है। इस मामले में ईडी ने कार्रवाई तेज की है, खासकर उन विज्ञापनों पर जिनमें फिल्मी सितारे और क्रिकेटर शामिल हैं। इसी कड़ी में अब क्रिकेटरों और फिल्मी हस्तियों की भूमिका को लेकर भी जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

### ईडी के रडार पर और कौन?

ईडी की जांच में पाया गया है कि दोनों पूर्व क्रिकेटरों ने 1×Bet और उसके प्रतिनिधियों के प्रचार के लिए विदेशी संस्थाओं के साथ जानबूझकर समर्थन समझौते किए। ईडी ने इस जांच के तहत इन दोनों के अलावा युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा जैसे अन्य पूर्व क्रिकेटरों, अभिनेता सोनू सूद, उर्वशी रौतेला, मिमी चक्रवर्ती (तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद) और अंकुश हाजरा (बंगाली अभिनेता) से भी पूछताछ की है।

## निजी कंपनियां बनाएंगी आधा पीएसएलबी रॉकेट: इसरो प्रमुख

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अब अपने काम का बड़ा हिस्सा निजी क्षेत्र को देने का फैसला किया है। इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने कहा कि अब पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी) का 50 प्रतिशत विकास काम देश के उद्योग संघ को सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और एलएंडटी के नेतृत्व वाला उद्योग समूह पहला पीएसएलवी रॉकेट बना चुका है, जिसे इसी वित्तीय वर्ष यानी फरवरी तक लॉन्च किया जाएगा। नारायणन ने कहा कि भारत की एयरोस्पेस, रक्षा और इंजीनियरिंग कंपनियां अब इसरो के मिशनों में 80 से 85 प्रतिशत तक सहयोग दे रही हैं। इंडिया मैन्युफैक्चरिंग शो 2025 में उन्होंने बताया कि अगर दो पीएसएलवी लॉन्च सफल हुए, तो इसरो आधे उत्पादन का काम पूरी तरह निजी कंपनियों को सौंप देगा। यह कदम दिखाता है कि भारत अब अंतरिक्ष तकनीक में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

निजी कंपनियां बनाएंगी 16 रॉकेट

इसरो प्रमुख ने बताया कि स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (एसएसएलवी) की तकनीक पहले ही एचएएल को 511 करोड़ रुपये के समझौते के तहत दी जा चुकी है। इसके जरिए निजी उद्योग अब 16 छोटे रॉकेट बनाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले केवल तीन-चार स्टार्टअप अंतरिक्ष क्षेत्र में थे, लेकिन अब देश में 330 से अधिक स्टार्टअप इस दिशा में काम कर रहे हैं।

### चंद्रमा की लैंडिग पर बोले इसरो प्रमुख

नारायणन ने कहा कि 23 अगस्त 2023 को भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग कर इतिहास रचा। यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत दुनिया का पहला देश बना। उन्होंने मंगलयान मिशन को सटीकता का चमत्कार बताया, जो 600 मिलियन किलोमीटर की यात्रा कर 295 दिन बाद भी अपने इंजन को दोबारा शुरू करने में सफल रहा। उन्होंने कहा कि भारत ने अब तीन स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन भी तैयार कर लिए हैं, जो पहले विदेशी देशों से नहीं मिलते थे।

### लॉन्चिंग क्षमता को बढ़ाने का लक्ष्य

इसरो प्रमुख ने बताया कि 29 जनवरी 2024 को इसरो ने अपनी 100वीं रॉकेट लॉन्च पूरी की, जो भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक सुनहरा अध्याय है। उन्होंने कहा कि एचसीएल और इसरो ने मिलकर 32-बिट का स्वदेशी कंप्यूटर प्रोसेसर बनाया है, जो भारत को इलेक्ट्रॉनिक तकनीक में आत्मनिर्भर बनाएगा। फिलहाल भारत के पास 56 उपग्रह काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है कि अगले पांच वर्षों में देश की लॉन्चिंग क्षमता को बढ़ाकर साल में 50 तक किया जाए।

## जेपी नड्डा ने किया एनडीए की निर्णायक जीत का दावा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बिहार चुनाव में एनडीए की निर्णायक जीत का दावा किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता को इसका आधार बताया। नड्डा ने कहा कि बिहार का चुनाव अब एकतरफा हो चुका है, जहां जनता विकास और राजनीतिक स्थिरता की निरंतरता के लिए वोट कर रही है। उन्होंने रिकॉर्ड वोटिंग को भी इसी स्पष्ट जनादेश का संकेत बताया। साथ ही कहा कि बिहार जो भी होगा वह नीतीश कुमार के नेतृत्व में होगा। नड्डा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सबसे घातक राजनीतिक हमला करते हुए कहा कि वह मोदी का विरोध करते-करते देश का विरोध करने लगे हैं।

# 17वें मीट एट आगरा के लिए गुलज़ार हुआ आगरा ट्रेड सेंटर

## आज से एक छत के नीचे सिमटी नज़र आएगी देश-दुनियां की फुटवियर इंडस्ट्री

- आज प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी करेंगे उद्घाटन
- तीन दिवसीय फेयर में 250+ एग्जीबिटर्स के साथ 8,000+ ट्रेड विजिटर्स के आने की उम्मीद

जन एक्सप्रेस। आगरा




एक बार फिर ताजनगरी विश्व के फुटवियर व्यापार का केंद्र बनने के लिए तैयार है। 7, 8 और 9 नवंबर 2025 को आगरा फुटवियर मैन्युफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स चैंबर द्वारा आयोजित होने जा रहे तीन दिवसीय 17वें फुटवियर इंडस्ट्री इंटरनेशनल ट्रेड फेयर मीट एट आगरा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में 250+ एग्जीबिटर्स, 8,000+ ट्रेड विजिटर्स और 25,000 से अधिक विजिटर्स के शामिल होने की उम्मीद है। गुरुवार को यह जानकारी आयोजन स्थल आगरा ट्रेड सेंटर, सींगना पर आयोजित प्रेस वार्ता में एफमेक अध्यक्ष गोपाल गुप्ता और संस्था के पदाधिकारियों ने दी। उन्होंने बताया कि 7,200 वर्ग मीटर से अधिक के विशाल क्षेत्र में जूता निर्माण की नवीनतम मशीनरी, कम्पोनेंट्स के साथ विश्व की अत्याधुनिक तकनीक का प्रदर्शन इस फेयर का मुख्य आकर्षण होगा। एफमेक अध्यक्ष ने कहा कि कल से आरंभ हो रहा यह फेयर आगरा की लेदर इंडस्ट्री में नई क्रिएटिविटी, इनस्पिरेशन और इनोवेशन को प्रोत्साहित करेगा। इस फ़ेयर के माध्यम से उद्योग जगत को नवीनतम कम्पोनेंट्स एवं तकनीकी जानकारियाँ प्राप्त होंगी। यह आयोजन आगरा की लेदर इंडस्ट्री को नई दिशा देने वाला एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि भारत की फुटवियर इंडस्ट्री वर्तमान में लगभग 95,000 करोड़ रुपये के घरेलू बाजार आकार तक पहुँच चुकी है और स्न्ङ्क 2024-25 में लगभग 25त्न वृद्धि के साथ 5.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात दर्ज किया गया है। देश का यह क्षेत्र अब 1.5 मिलियन से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार दे रहा है और मीट एट आगरा÷ जैसे आयोजन इस प्रगति को और गति प्रदान कर रहे हैं। अतः डोमेस्टिक एवं एक्सपोर्टर फुटवियर उद्योग से मेरा निवेदन है कि वे इस फ़ेयर में अवश्य पधारें और इसका पूरा लाभ उठाएँ। सभी इंडस्ट्रीज़ के लिए सुरक्षा समाधान हेतु फायर फाइटिंग सिस्टम तथा ऊर्जा समाधान के रूप में सोलर प्लांट का भी विशेष डिस्प्ले किया जाएगा। साथ ही, सेमिनार्स के माध्यम से फ़ाइनेंस एवं एच.आर. से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की जाएँगी। एफमेक अध्यक्ष ने आग्रह किया कि फैक्ट्री ओनर्स अपने फ़ाइनेंस और एच.आर. विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस फ़ेयर में सम्मिलित हों और अधिकतम लाभ प्राप्त करें। विभिन्न प्रदर्शकों द्वारा फेयर में लगे 250 से अधिक स्टॉल में चमड़ा, सोल, शू एडेसिव, मशीनरी और फुटवियर निर्माण के अन्य घटकों का प्रदर्शन किया जाएगा। इन उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना इस फेयर का मुख्य उद्देश्य है।

### 17वें 'मीट एट आगरा' की ख़ास बातें

- फेयर की तारीख - 7, 8 × 9 नवंबर 2025
- **स्थान:** आगरा ट्रेड सेंटर, आगरा
- **समय:** सुबह 10:00 बजे से शाम 6 :00 बजे तक

### महत्वपूर्ण आंकड़े

- 7200 वर्ग मीटर से अधिक के क्षेत्र में लगी एग्जीबिशन
- 250+ प्रदर्शक
- 8000+ संभावित ट्रेड विजिटर्स
- 25,000+ संभावित विजिटर्स फुटफॉल

4.27 एकड़ क्षेत्र में फैले आगरा ट्रेड सेंटर में निर्माताओं के लिए 77,500 वर्ग फुट प्रदर्शनी क्षेत्र उपलब्ध है, जिसमें अत्याधुनिक सुविधाएँ — सेंट्रल एयर कंडीशनिंग, फूड कोर्ट, ऑडिटोरियम और मीटिंग हॉल — मौजूद हैं। यह फेयर मेक इन इंडिया पहल को प्रोत्साहित करते हुए उत्पादन क्षमता और निर्यात वृद्धि में अहम योगदान दे रहा है।

> यह आयोजन न केवल व्यापारिक अवसरों को बढ़ाने का काम करता है, बल्कि फुटवियर उद्योग में प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण शिक्षण मंच भी प्रस्तुत करता है।
> -पूरन डावर, एफमेक के पूर्व अध्यक्ष

> मीट एट आगरा के माध्यम से युवा प्रतिभागी उद्योग की नवीनतम तकनीकों, उत्पादों और व्यापारिक रणनीतियों के बारे में सीख सकते हैं, जो उनके करियर विकास में सहायक साबित होगा। यह सिर्फ एक व्यापारिक मेला नहीं, बल्कि उद्योग के सभी हिस्सों को जोड़ने वाला एक समग्र प्लेटफॉर्म है।
> दलजीत सिंह, संस्थापक अध्यक्ष

> इस प्रकार की भागीदारी न केवल फेयर की अंतरराष्ट्रीय पहचान को मजबूत करती है, बल्कि यह वैश्विक फुटवियर उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म भी प्रदान करती है। विभिन्न देशों से आए प्रदर्शक और व्यापारी अपने नवीनतम उत्पाद, तकनीक और नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे, जिससे भारतीय उद्योग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की प्रेरणा मिलेगी।
> -प्रदीप वासन, एफमेक महासचिव

> मीट एट आगरा अब विश्व के फुटवियर बाजार का बहु-प्रतीक्षित इवेंट बन चुका है। हर वर्ष बढ़ती ट्रेड विजिटर्स और एग्जीबिटर्स की संख्या इस बात का प्रमाण है। यह प्लेटफॉर्म स्थानीय निर्माताओं को अपने उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने और नए व्यापारिक संपर्क स्थापित करने में मदद कर रहा है।
> राजेश सहगल, एफमेक उपाध्यक्ष

### तीन दिवसीय फेयर का हर दिन होगा ख़ास

आयोजन समिति का मानना है कि कल, 7 नवंबर को प्रातः 11 बजे फेयर का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग नन्द गोपाल गुप्ता नंदी द्वारा किया जाएगा। सीएलई के चेयरमैन राजेंद्र कुमार जालान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर, पिछले वित्तीय वर्ष में निर्यात और घटकों के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पांच समूहों को एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

### सेमिनार और तकनीकी सत्र

- इस बार फेयर के कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रतिदिन सेमिनार और तकनीकी सत्र आयोजित होंगे।
- 9 नवम्बर को जूता इंडस्ट्री के वर्तमान परिदृश्य पर पैनल डिस्कशन आयोजित होगा, जिसका संचालन वरिष्ठ टीवी एंकर एवं ज़ी बिज़नेस के एसएमई एडिटर सौरभ मनचंदा करेंगे।

### मीडिया ब्रीफिंग एवं सम्मान समारोह

फेयर के अंतिम दिन मीडिया ब्रीफिंग आयोजित होगी, जिसमें व्यावसायिक आंकड़ों और उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी, साथ ही बेस्ट एग्जीबिटर्स को सम्मानित किया जाएगा।